सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 25 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 260, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 386 अंकों की गिरावट

बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 386 अंक टूटकर 81,715 .63 अंक पर बंद हुआ। } 14

## समाज को संवेदनशील बनाने का सशक्त माध्यम है कला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 कलाकारों को ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया और कहा कि कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने तथा समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है। } 16



### तृतीय-चंद्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारुढा चन्दकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥**

मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती हैं।

## आतंकवादियों को पनाह देने के बजाय अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे पाक : भारत

एजेंसी

जेनेवा। भारत ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए विस्फोट में 24 लोगों की मौत का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क को आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने के बजाय अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।



जेनेवा में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ निराधार बयानबाजी के लिए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की आलोचना की। त्यागी ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें नियमित सत्र में मंगलवार को कहा प्रतिनिधिमंडल भारत के खिलाफ निराधार व भड़काऊ बयानबाजी करके इस मंच का दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का जिक्र करते हुए त्यागी ने पाकिस्तान से उसके अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली करने को कहा। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीएसटी रिफॉर्म से यूपी के व्यापारियों व ग्राहकों को हुआ सबसे अधिक लाभ : योगी

❍ मुख्यमंत्री ने हजरतगंज बाजार में व्यापारियों से किया संवाद ❍ त्योहारों के सीजन में उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से लागू हुए नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म ने बाजार में नई ऊर्जा भर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। सीएम ने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया। सीएम योगी ने कहा कि यह रिफॉर्म भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक थे और देश को महंगाई से राहत देने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे। हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो से 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रेलकर्मियों को 78 दिन का बोनस

❍ 10.9 लाख कर्मियों को मिलेगा लाभ ❍ साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड को चार लेन परियोजना को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 10.9 लाख रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दी है। सरकार द्वारा प्रेस को दिए बयान में कहा गया कि कुल बोनस राशि 1,886 करोड़ रुपये है। यह बोनस 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए स्वीकृत किया गया है।

❍ **स्नातकोत्तर, स्नातक चिकित्सा शिक्षा क्षमता विस्तार को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5000 स्नातकोत्तर सीट बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ एवं उन्नत करने की योजना के तीसरे चरण को बुधवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मौजूदा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन के लिए केंद्रीय योजना के विस्तार को भी मंजूरी दे दी, जिससे 5,023 एमबीबीएस (यूजी) सीट बढ़ जाएंगी तथा प्रति सीट लागत सीमा 1.50 करोड़ रुपये होगी।

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बुधवार को डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप के लिए 2,277 करोड़ रुपये की एक व्यापक योजना को मंजूरी दी और यात्रा एवं संगोष्ठी के माध्यम से ज्ञान को साझा करने को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र

❍ **अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 2,277 करोड़ रुपये मंजूर**

मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में, 15वें वित्त आयोग के चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2,277.397 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास (सीबीएचआरडी) योजना को मंजूरी दी गई। वहीं एक अन्य फैसले में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग 139डब्ल्यू पर ...शेष पृष्ठ 14 पर



### जहाज निर्माण, समुद्री क्षेत्र के लिए 69,725 करोड़ रुपये का पैकेज

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में जहाज निर्माण एवं समुद्री वहन क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए बुधवार को 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस पैकेज पर मुहर लगाई गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस पैकेज को चार स्तंभों पर आधारित किया गया है। इसके तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने, दीर्घकालिक वित्तपोषण की सुविधा, नई एवं पुरानी जहाज निर्माण परियोजनाओं के विकास को प्रोत्साहन, तकनीकी क्षमताओं एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ कानूनी, कर एवं नीतिगत सुधार भी लागू किए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने जहाज निर्माण ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बिहार में 104 किमी लंबी रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चुनावी राज्य बिहार में 104 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन (बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया एकल लाइन खंड) के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। इस काम पर करीब 2,192 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि यह परियोजना बिहार के चार जिलों को कवर करेगी और भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 104 किलोमीटर की वृद्धि करेगी। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। वैष्णव ने कहा कि दोहरीकरण से राजगीर (शांति स्तूप), नालंदा, पावापुरी जैसे प्रमुख स्थलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लद्दाख में हिंसा, 4 मरे, 45 घायल

राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों-सुरक्षाकर्मियों में झड़प



एजेंसी

लेह। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को यहां जारी आंदोलन हिंसक हो गया। इस दौरान सड़कों पर आगजनी और झड़पें हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 22 पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 45 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर जारी आंदोलन के हिंसक रूप लेने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 15 दिन से जारी अपनी भूख हड़ताल बुधवार को समाप्त कर दी। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सुबह की शुरुआत लद्दाख की राजधानी में पूर्ण बंद के साथ हुई। सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और कई वाहनों को आग लगा दी गई। लद्दाख की राजधानी में पूर्ण बंद के बीच आग की लपटें और काला धुआं देखा जा सकता था। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा व्यापक हिंसा शुरू करने के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को गोलीबारी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

### सऊदी अरब के मुफ्ती शेख अब्दुल अजीज बिन अब्दुल्ला का निधन



दुबई। सऊदी अरब के मुफ्ती ए आजम शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 25 साल से भी अधिक समय तक देश के शीर्ष धार्मिक नेता के रूप में सेवा दी और इस दौरान इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से

नयी दिल्ली। (भाषा) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अगले साल 17 फरवरी से कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए एक संभावित डेटशीट की घोषणा की। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहला संस्करण 17 फरवरी से छह मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा संस्करण 15 मई से एक जून तक आयोजित किया जाएगा।

## एकल बाजारों पर निर्भरता कम करे ग्लोबल साउथ

निष्पक्ष आर्थिक व्यवस्था का करना होगा निर्माण : जयशंकर

एजेंसी



न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों से लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करके, निष्पक्ष आर्थिक प्रथाओं को बढ़ावा देने और दक्षिण-दक्षिण व्यापार एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देकर किसी एक आपूर्तिकर्ता या बाजार पर निर्भरता कम करने का आग्रह किया है। जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की एक उच्च-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया की स्थिति सदस्य देशों के लिए बढ़ती चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्लोबल साउथ महामारी के झटकों और यूक्रेन तथा गाजा में युद्ध से लेकर चरम जलवायु घटनाओं, अस्थिर व्यापार, निवेश प्रवाह और ब्याज दरों में अनिश्चितता और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के एजेंडे में विनाशकारी मंदी तक, कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। जयशंकर ने कहा बढ़ती चिंताओं और विभिन्न प्रकार के जोखिमों के मद्देनजर यह स्वाभाविक है कि ग्लोबल साउथ समाधान के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करे। ग्लोबल... ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड में बर्दाश्त नहीं करेंगे 'नकल जेहाद' : धामी

कोचिंग और नकल माफिया मिलकर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने का रच रहे हैं षड्यंत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में नकल जेहाद जैसी प्रवृत्तियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग परीक्षाओं में धांधली कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजधानी देहरादून के कुंआवाला में आयोजित भाजपा की राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोचिंग और नकल माफियाओं ने मिलकर राज्य की भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने का षड्यंत्र रचा है लेकिन सरकार की सख्त कार्रवाई के चलते अब तक 100 से अधिक नकल माफिया सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं और 25,000 से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने हाल ही में सामने आए यूकेएसएससी पेपर लीक प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में मास्टरमाइंड खालिद सहित उसकी दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और नकल जिहाद को जड़ से खत्म करने तक सरकार चैन से नहीं बैठेगी। भाजपा कार्यशाला में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर




### यूकेएसएससी पेपर लीक की जांच करेगी एसआईटी

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में पेपर लीक के मामले की जांच एडीशनल एसपी स्तर के अधिकारी की अगुवाई एसआईटी करेगी। इस जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज के पर्यवेक्षण में सम्पन्न की जाएगी। यह जानकारी मुख्य सचिव आनंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** समारोह में शामिल होंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ माशल एपी सिंह व नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी

# 26 को सेवामुक्त होगा वायुसेना की शान मिग-21

एजेंसी

चंडीगढ़। छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे रूसी मूल के प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिग-21 चंडीगढ़ में आयोजित एक समारोह में सेवा मुक्त होने वाले हैं, जहां इस प्रतिष्ठित विमान को 60 साल पहले वायुसेना में शामिल किया गया था।

मिग-21 विमानों के संचालन का आधिकारिक समापन 26 सितंबर को एक औपचारिक फ्लाईपास्ट और सेवामुक्ति समारोह के साथ होगा। यह भारत की वायु शक्ति में एक ऐतिहासिक अध्याय के समापन का प्रतीक होगा। मिग 21 का उपनामै पैंथर्सै है। तेईसवें स्क्वाड्रन के अंतिम मिग-21 विमान को चंडीगढ़ वायुसेना स्टेशन पर आयोजित समारोह में विदाई दी जाएगी। एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह शुक्रवार को विमान की अंतिम उड़ान में सवार होंगे ।साल 1981 में भारतीय वायुसेना प्रमुख बने दिलबाग सिंह ने 1963 में यहां पहली मिग-21 स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया था। मिग-21 विमानों के बारे में हाल ही में एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय वायुसेना ने कहा था छह दशकों की सेवा, साहस की अनगिनत कहानियां, एक ऐसा योद्धा जिसने राष्ट्र के गौरव को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इस अवसर पर शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।



संभावित कार्यक्रम के अनुसार, इसके अलावा वायुसेना के छह पूर्व प्रमुख एवाई टिपनिस, एस कृष्णास्वामी, एस पी त्यागी, पी वी नाइक, बी एस धनोआ और आर के एस भदौरिया भी चंडीगढ़ में शुक्रवार को होने वाले समारोह में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस समारोह के लिए बुधवार को यहां भारतीय वायुसेना स्टेशन पर फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में इन लड़ाकू विमानों की काफी महत्वपूर्ण भूमिका थी। साल 1999 के करगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में भी इस विमान ने अहम भूमिका निभाई थी। एक महीने पहले राजस्थान के बीकानेर में स्थित नाल वायुसेना स्टेशन पर विमान ने अपनी अंतिम परिचालन उड़ान भरी थी।

## बहराइच के सीरियल रेपिस्ट को आजीवन कारावास की सजा

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले की एक विशेष अदालत ने 32 वर्षीय शख्स को सात साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के जुर्म में बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीजीपी ने इस केस की विवेचना कर रही पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

❍ **डीजीपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की**

विशेष जिला सरकारी वकील (पॉक्सो) संत प्रताप सिंह ने बताया कि दोषी की पहचान अविनाश पांडे उर्फ सिंपल के रूप में हुई है, जो पांच से सात साल उम्र की बच्चियों को निशाना बनाता था और वह एक सीरियल रेपिस्ट है। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) दीपकांत मणि ने बुधवार को पांडे के खिलाफ चल रहे चार मामलों में से एक में यह फैसला सुनाया। अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 1.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जो पीड़िता को दिया जाएगा। सिंह के अनुसार, 25 जून से बहराइच पुलिस को सुजौली इलाके से शिकायतें मिल रही थीं कि एक व्यक्ति भीषण गर्मी की वजह से अपने घर बाहर सो रही नाबालिग लड़कियों का तड़के तीन-चार बजे अपहरण कर लेता है। वह बच्चियों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका है सबसे महत्वपूर्णः डॉ. मंजू सिंह

## 'मैं नहीं, तुम' की भावना से बीबीडीयू में मनाया गया 56वां राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 24 सितंबर को 56वां राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े उत्साह और सेवाभाव के साथ मनाया गया।

यह आयोजन बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवा, राष्ट्र-निर्माण और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाना था।

इस अवसर पर बीबीडीयू एजुकेशनल ग्रुप की उपाध्यक्ष सुश्री सोनाक्षी दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को निस्वार्थ सेवा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब हम दूसरों की मदद करते हैं, तो हम वास्तव में खुद को बेहतर बनाते हैं। 'मैं नहीं, तुम' का सिद्धांत हमें यह सिखाता है कि सामूहिक भलाई ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। एनएसएस सेल, SLO UP&UK डॉ. मंजू सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि एक मजबूत और जिम्मेदार समाज का निर्माण हो सके। एनएसएस न केवल सेवा की भावना सिखाता है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को भी निखारता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदार बनाती है। यह कार्यक्रम छात्रों में नेतृत्व, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का विकास करता है। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एस. सी. शर्मा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक चेतना और सक्रिय भागीदारी के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। यह मंच युवाओं को आत्मनिर्भर और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) एसएमके रिजवी ने एनएसएस स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस दिवस हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और यह भावना जागृत करता है कि 'सेवा' ही सच्चा धर्म है।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभाष चंद्र पाठक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक समाज में सेवा का राजदूत है। 'सेवा परमो धर्म' का संदेश लेकर हमें निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में बीबीडीयू रेडियो एफएम पर सेवा संवाद नामक एक साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जो हर शुक्रवार शाम 5 बजे प्रसारित होगा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज सेवा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और प्रेरणादायक संवाद होगा। कार्यक्रम का समापन My Bharat Portal के बारे में जानकारी देकर किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। इस पोर्टल के माध्यम से स्वयंसेवक राष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्यों में भागीदारी कर सकेंगे और विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज होगा शुभारंभ

## पार्टनर कंट्री के रूप में सम्मिलित होगा रूस, दोनों देशों के नीति निमार्ताओं को मिलेगा साझा मंच

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच के तहत 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। इस मेगा आयोजन का उद्देश्य केवल निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफॉर्म तैयार करना भी है। योगी सरकार की पहल से यह ट्रेड शो ह्लक्राफ्ट, कल्चर और कुजीनह्व के संगम का प्रतीक बनकर प्रदेश की विविध पहचान को दुनिया के सामने लाएगा।

2023 से लेकर 2024 के आयोजनों में यूपीआईटीएस ने आकार, आंकड़ों और प्रभाव में दोगुना से अधिक प्रगति की है। हॉल नंबर 9 में सजने वाला वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पवेलियन 343 स्टॉल्स के माध्यम से हर जिले के सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को पेश करेगा। यह पवेलियन न केवल शिल्प और हस्तकला को वैश्विक पहचान देगा, बल्कि स्टार्टअप्स, डिजाइनर्स और अंतरराष्ट्रीय बायर्स के लिए नेटवर्किंग, व्यापारिक सौदे और साझेदारी के अवसर भी खोलेगा। इस



बार रूस आयोजन के साथ बतौर पार्टनर कंट्री सम्मिलित हो रहा है। 26 सितंबर को रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और रूस के उद्योगपतियों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, शिक्षा क्षेत्र और सरकारी नीति-निमार्ताओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीकी साझेदारी और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करने का यह अवसर उत्तर प्रदेश के उद्योगों और कारोबारियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में एआई मॉडल का लाइव डेमॉन्सट्रेशन पेश करेगा। कर्व्ड एलईडी वॉल, स्मार्ट वीडियो डिस्प्ले, वीआईपी लाउंज और स्टार्टअप्स के लिए समर्पित क्षेत्र जैसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह पवेलियन तकनीकी प्रगति और नवाचार को प्रदर्शित करेगा और दिखाएगा कि कैसे योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को उद्यम, नवाचार और तकनीकी कौशल का नया केंद्र बनाया है।

### स्वाद उत्तर प्रदेश दिखायेगा खानपान की विविधता

स्वाद उत्तर प्रदेश थीम के तहत गेट नंबर 3 से हॉल नंबर 7 तक 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे। मुरादाबादी दाल, बनारसी पान व लस्सी, पंछी पेठा, जैन शिकंजी, मथुरा का पेड़ा और खुर्जा की खुरचन जैसे लजीज व्यंजन आगंतुकों को यूपी की खानपान परंपरा का अनुभव कराएंगे। ३७३ मीटर ऑक्टोनॉम स्टॉल्स और 100 किलोवॉट पावर बैकअप से सुसज्जित यह सेक्शन एमएसएमई उद्यमियों और फूड ब्रांड्स को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

### निवेश और विकास का केंद्र बनेगा इंडिया एक्सपो मार्ट

मास्टर एग्ज़िबिशन लेआउट के तहत हॉल-1 से 8 और 15 बी2बी गतिविधियों, हॉल-9, 10 और 12 बी2सी गतिविधियों, तथा हॉल-11 और 14 दोनों का हब बनेगा। ग्राउंड फ्लोर पर प्रदर्शनी में यूपीसीडा, इन्वेस्ट यूपी, जीनीडा, यीडा, सिविल एविएशन, रूस पवेलियन, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रिकल-इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यटन, क्लीन मिशन, ओडीओपी, कृषि, डेयरी, टेक्सटाइल और लॉजिस्टिक्स शामिल होंगे। सेकेंड फ्लोर पर इनॉगरेशन, बी2बी मीटिंग्स, नॉलेज सेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, एजुकेशन और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा।

### सीएम युवा पवेलियन युवाओं को उद्यमिता से जोड़ेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षा योजना सीएम युवा के तहत हॉल नंबर 18ए में 150 इनोवेटिव स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे, जहां फ्रेंचाइजी और टेक्नोलॉजी आधारित बिजनेस मॉडल्स, एग्रीटेक, हेल्थटेक और स्टार्टअप आइडियाज प्रदर्शित होंगे। 27 सितंबर को 27 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू हस्तांतरण होगा। अंतिम वर्ष के छात्र और पूर्व छात्र इन प्रोजेक्ट्स में शामिल हो सकेंगे, जबकि बैंकर्स और इंडस्ट्री लीडर्स वित्तीय सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रदेश के सभी 75 जिलों के सीएम युवा फेलोज ब्रांड्स की जानकारी अपने क्षेत्रों तक पहुंचाएंगे। डिजिटल कैंपेन और वेबसाइट युवाओं को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ेगा।

### नॉलेज सेशन्स होगे योगी सरकार की प्राथमिकताओं का केंद्र

26 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले नॉलेज सेशन्स में स्टार्टअप्स, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल हेल्थ, इंश्योरेंस अवेयरनेस, ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। 27 सितंबर को सीएम युवा योजना के तहत 27 यूनिवर्सिटीज के साथ एमओयू एक्सचेंज और खादी फैशन शो आयोजित होंगे। बी2बी और बी2सी मीटिंग्स के साथ यह नॉलेज हब युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों को नवाचार और विकास की नई दिशा देगा।

### सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन

यूपीआईटीएस 2025 न केवल व्यापार का मंच होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी जीवंत प्रदर्शन करेगा। आगंतुक भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू लोक परंपराओं के रंगीन प्रदर्शन के साथ-साथ सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत का आनंद लेंगे। प्रसिद्ध कलाकार दिनेश लाल निरहुआ, पद्मश्री मालिनी अवस्थी और प्रतिभा सिंह बघेल अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे, जिससे हर शाम इस मेगा आयोजन में कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

## पं. दीन दयाल की जयंती पर आज प्रदेश भर में होगी गोष्ठी

लखनऊ। भाजपा 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में गोष्ठियों का आयोजन करेगी। गोष्ठियों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा, आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी पर चर्चा की जाएगी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रदेश के सभी जिलों में गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया प्रत्येक जिले में होने वाली गोष्ठियों में केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रीगण, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## जो पीड़ित वो पीडीए के हुए एक सूत्र : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के पीड़ित, दुखी, अपमानित समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नयी आवाज बन गयी है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गये हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और उनके हक की हिफाजत करने में भी। उन्होंने कहा कि इसीलिए पीडीए उन अंतिम लोगों के स्वाभिमान-स्वमान के नवजागरण का नाम है जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए जो पीड़ित वो पीडीए के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि पीडीए का परचम पूरे देश में लहरायेंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में पीडीए के साथ बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है। सत्ता के संरक्षण में शोषण हो रहा है। इनका हक छीना जा रहा है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा में घबराहट है। वह डरी हुई है।

## जम्बूरी बनेगा युवाओं की ऊर्जा का महाकुम्भ

लखनऊ। राजधानी में आयोजित होने जा रही 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी सिर्फ एक शिविर नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा का महाकुंभ बनने जा रही है। इस आयोजन में देश-विदेश से आए प्रतिभागियों को ऐसे अनुभव मिलेंगे, जो जीवनभर उनकी स्मृतियों में अंकित रहेंगे। स्काउटिंग की परंपरा के साथ यह शिविर युवाओं को साहस, अनुशासन, संस्कृति, विज्ञान और समाजसेवा से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में आयोजित होने जा रहा यह महा आयोजन युवा शक्ति के लिए अनुशासन का महापर्व बनने जा रहा है। वृंदावन योजना में भारत स्काउट एंड गाइड्स की ओर से आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी में हाई रोप्स, जिपलाइन, ट्रैकिंग और एडवेंचर पार्क जैसी गतिविधियों का आयोजन होगा। इनसे युवाओं को आत्मविश्वास और साहस का नया अनुभव मिलेगा। प्रतिभागी खुद को परखेंगे और अपने डर को चुनौती देंगे। नेशनल जम्बूरी में ग्लोबल विलेज, लोकनृत्य, नाटक और गीत-संगीत जैसे कार्यक्रम पूरे परिसर को सांस्कृतिक रंगों से भर देंगे। यहां न केवल भारत की विविधता झलकेगी, बल्कि दुनिया की बहुरंगी परंपराओं से भी युवाओं का परिचय होगा। यह आयोजन आपसी भाईचारे और वैश्विक संस्कृति का संगम बनेगा। इसके साथ ही फर्स्ट एड, गांठें बांधना और जीवन रक्षा कौशल जैसी स्काउटिंग की मूल विधाएं युवाओं को व्यवहारिक जीवन जीने की कला सिखाएंगी। वहीं रोबोटिक्स और विज्ञान प्रदर्शनी उन्हें तकनीक और नवाचार की नई दुनिया से जोड़ेंगी। नेशनल जम्बूरी में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा प्रोजेक्ट्स युवाओं को दायित्वबोध और संवेदनशीलता सिखाएंगे। इन गतिविधियों से प्रतिभागी भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर होंगे। साथ ही साथ खेलकूद और टीम गेम्स अनुशासन और टीमवर्क की भावना को मजबूत करेंगे।

# जीएसटी घटने से मध्यमवर्ग को मिलेगी राहत : सुधांशु त्रिवेदी

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य ने विपक्ष पर कसा तंज, विपक्ष को अपनी सोच बदलनी चाहिए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म को अमल में लाकर आम उपभोक्ताओं मध्यमवर्गी लोगों, व्यापारियों और राष्ट्र के हितों को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और आमजन का हितैषी बनाना है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि इस बदलाव को समझने के लिए शिशु बुद्धि से काम नही चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जैसी कुशाग्र बुद्धि चाहिए। साथ



ही कहा विपक्ष को अपनी सोच बदलनी चाहिए। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म केवल रिफार्म नही बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता और उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है। जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस फैसले से देश के हर वर्ग के लोगों का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश हित में कई ऐसी योजनाएं लागू की और कई ऐसे निर्णय किए जिनका परिणाम रहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में आए बदलाव देश को और आगे ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोटी, कपड़ा और मकान सहित आमजन की रोजमर्रा की जरूरतों के सामान पर जीएसटी की दरों को कम करके देशवासियों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि यह सब एक दिन में नहीं हुआ बल्कि पिछले 10 वर्षों से चल रहे सुधारों का नतीजा है।

# छात्रों को समय से पहले मिलेगी छात्रवृत्ति

विशेष संवाददाता (vol)

- 26 सितम्बर को सीएम योगी वितरित करेंगे 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति
- फरवरी-मार्च की जगह अब सितम्बर माह में ही वितरित की जाएगी छात्रवृत्ति

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बेहतर शिक्षा माहौल देने के साथ-साथ आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में इस वर्ष एक क्रांतिकारी पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया गया है। आगामी 26 सितम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में दी जाती थी, जबकि अब इसे नवरात्र और सितम्बर माह में वितरित किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएँ इसका लाभ समय पर उठा सकें। यह छात्र छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक जाएगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई। यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र के पवन अवसर पर पहुंचेगा।

# रेनू देवी ने दूध व्यवसाय से लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्राम धर्मपुर, ब्लॉक रुद्रपुर, जिला देवरिया की रेनू देवी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की अनुपम मिसाल पेश की है। एक साधारण गृहिणी से लखपति दीदी बनने तक का उनका सफर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर संस्था के सहयोग से संभव हुआ। आज रेनू न केवल अपनी आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर रही हैं, बल्कि अपने गाँव की 69 महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं, जो मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण की नई कहानी लिख रही हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस मुहिम ने रेनू जैसे लाखों ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का आधार दिया है। रेनू देवी का सफर तब शुरू हुआ जब वे चमेली स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, जहाँ उन्हें सामूहिकता और बचत का पहला सबक मिला। इस बीच, श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर संस्था के दूध संकलन केंद्र की स्थापना हुई। रेनू बताती हैं कि मैंने सोचा, यह मेरे लिए सम्मानजनक आजीविका और बचत का जरिया हो सकता है। संस्था से जुड़ने से पहले रेनू के पास सिर्फ 2 गाय थीं, जिनसे 4 लीटर दूध प्रतिदिन मिलता था, जो घरेलू उपयोग में चला जाता था। 7 दिसंबर 2023 को संस्था की सदस्य बनने के बाद उन्हें गुणवत्ता प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग मिला। इस सहायता से प्रेरित होकर उन्होंने 3 और गायें खरीदीं और अब उनके पास 5 गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन 25 लीटर दूध प्राप्त होता है। यह दूध वे दूध संकलन केंद्र पर जमा करती हैं। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक उन्होंने 4.50 लाख रुपये से अधिक का सालाना व्यवसाय कर रही हैं। औसत मासिक आय 44 हजार रुपये से अधिक है। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में आती है, जिससे वे नियमित बचत कर रही हैं। रेनू बताती हैं कि योगी सरकार की योजनाओं ने उनकी जिंदगी को नई दिशा दी।

# सीएम योगी पहुंचे मेदांता अस्पताल मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जाना हाल



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर की तबीयत बिगड़ने पर मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हैं। डॉक्टरों ने मंत्री की सिटी स्कैन समेत कई जांचें कराई थी। जिसमें माइनर स्ट्रोक निकला है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मेदांता अस्पताल पहुंचे और ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें रविवार देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहले उन्हें डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की देखरेख में लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल वे मेदांता में भर्ती हैं और चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। राजभर के स्वास्थ्य की जानकारी उनके बेटे अरविंद राजभर ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की। उन्होंने लिखा कि पिता को अस्वस्थता के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन आप सभी के स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं से उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है।

# नोएडा जाने से कतराते थे पूर्व के मुख्यमंत्री, योगी 20 बार गये

विशेष संवाददाता (vol)

- लोक कल्याण के आगे गोरक्षपीठ ने कभी नहीं की परंपरा की परवाह
- बतौर सीएम बार बार नोएडा और अयोध्या जाकर भी दी परंपरा को चुनौती

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में थे। इस दौरान उन्होंने एक्सपोमार्ट जाकर 25 से 29 सितंबर तक आयोजित यूपी ट्रेड शो की तैयारियों का निरीक्षण किया। गुरुवार को एक बार फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नोएडा में होंगे। अवसर होगा एशिया के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण का। मार्च 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से योगी विकास परियोजनाओं के शिलान्यास, लोकार्पण, समीक्षा बैठकों के लिए करीब 20 बार नोएडा जा चुके होंगे।

यह वही नोएडा है जिसे तीन दशक तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने अभिशप्त शहर मान लिया था। मान्यता थी कि जो बतौर सीएम नोएडा गया, उसे कुर्सी से हाथ धोनी पड़ी। कुर्सी को ही सब कुछ मानने वालों के दिलोदिमाग में यह डर इतना बैठ गया कि कोई नोएडा जाता ही नहीं था। दरअसल, योगी गोरखपुर स्थित जिस गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं वह शुरू से ऐसी मान्यताओं का विरोधी रही है। अस्पृश्यता के दौर में योगी के गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का काशी के डोमराजा के घर भोजन इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। बाद में तो सामाजिक समरसता के लिए सहभोज पीठ ने इसकी परंपरा ही शुरू कर दी। बात करीब 11 साल पुरानी है। सितंबर खत्म होने को था। गुलाबी सर्दी की शुरूआत हो चुकी थी। शारदीय नवरात्र के दिन चल रहे थे। साल के दोनों नवरात्र गोरक्षपीठ के लिए बेहद खास होते है। मंदिर स्थित मठ पर ही सारे अनुष्ठान और पूजन होते हैं। परंपरा के मुताबिक इस दौरान पीठ के पीठाधीश्वर या उनके उत्तराधिकारी मठ की पहली मंजिल से नीचे नहीं उतरते। न जाने कबसे प्रचलित पीठ की इस परंपरा को योगी ने 30 सितंबर 2014 को तोड़ दिया।

परंपरा तोड़ने की वजह एक ट्रेन हादसा बनी। हुआ यह कि गोरखपुर स्थित नंदानगर क्रासिंग पर कृषक एक्सप्रेस ने बरौनी एक्सप्रेस में पीछे से टक्कर मार दी। दोनों यात्री ट्रेनें। हजारों की संख्या में यात्री। इसमें बच्चे, बुजुर्ग, बीमार, महिलाएं और चोटिल सभी शामिल थे। सबके साथ सामान अलग से। वक्त भी रात का था। वहां से रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन की दूरी करीब 6 से 7 किलोमीटर थी। मदद के संसाधन कम थे। लोग चर्चा करते सुने गए छोटे महाराज (योगीजी) आ जाते तो लोगों की समय से प्रभावी मदद हो जाती। मुंहों मुंह बात उन तक पहुंची। स्थित की गंभीरता का उनको अहसास हुआ। परंपरा तोड़ वह मठ से नीचे उतरे और दुर्घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। जानकारी मिलते ही हजारों समर्थक भी वहां पहुंच गए। प्रशासन भी अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय हो गया।

कुछ देर में सभी यात्रियों को सुरक्षित रेलवे स्टेशन या बस स्टेशन पहुंचा दिया गया था। यही नहीं जिस अयोध्या के नाम से राजनीतिक दलों को करंट लगता था, वहां बार-बार जाकर योगी ने साबित किया कि पहले की तरह वह अयोध्या के हैं और अयोध्या उनकी।

# फ्लाईओवर के नीचे सुंदरीकरण व पार्किंग की कार्ययोजना बनायें

## जनकल्याणकारी योजनाओं के वितरण में जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य सहभागिता का निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने निर्देश दिया कि फ्लाइओवर के नीचे की जगह का सौन्दर्यीकरण/पार्किंग की स्थापना की कार्ययोजना बनाई जाए। प्रभारी मंत्री बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों की ओर से फ्लाइओवर के नीचे अवैध अतिक्रमण की समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस पर प्रभारी मंत्री ने सम्बंधित विभाग और नगर निगम को निर्देशित किया गया कि दोनों विभाग आपस में समन्वय करते हुए फ्लाइओवर का भ्रमण कर फ्लाइओवर के नीचे की जगह का सौन्दर्यीकरण/पार्किंग की स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाना सुनिश्चित करें।



**सीएचसी फैजुल्लगंज में 2 माह से एक्सरे मशीन खराब, अधीक्षक का वेतन रूका**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधि ने अवगत कराया कि सीएचसी फैजुल्लगंज में 2 माह से एक्सरे मशीन खराब है। वित्त मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सीएचसी अधीक्षक का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए साथ ही शीघ्र मशीन सही कराएं। विधायक प्रतिनिधि ने बताया ग्राम लतीफ नगर में एक ट्यूबवेल काफी समय से खराब है। अध्यक्ष ने दो दिवस के भीतर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उक्त के साथ ही बैठक में अध्यक्ष ने रिबोर होने वाले ट्यूबवेल की जानकारी मांगी। जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता ट्यूबवेल की ओर से बताया गया कि कुल 11 ट्यूबवेल को रीबोर करने के लिए चिन्हित किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान नगर निगम एरिया के प्राथमिक विद्यालयों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था न होने की बात उठी। नगर निगम को समस्त प्राथमिक विद्यालयों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में एक एक सफाई कर्मी की तैनाती कर दी गई है। बैठक में जर्जर विद्यालयों के चिह्नीकरण की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि लाभार्थी परक योजनाओं के वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को अवश्य शामिल किया जाए। वितरण कार्यक्रम में दिए जाने वाले उपकरण का वितरण संबंधित क्षेत्र के विधायकों के माध्यम से कराया जाए। सभी विभाग योजनाओं की जानकारी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य बताएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्राथमिक क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए प्राइमरी सेक्टर को बूस्ट करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। कृषि यंत्रों का किसानों को वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिले की अनुमानित जनसंख्या 2027 तक 57.07 लाख तक पहुंचने की संभावना है, जो 2011 में 45.89 लाख थी। जिले का सकल घरेलू उत्पाद 1,41,613 करोड़ रुपये है, और इसकी वार्षिक विकास दर 14.40% है। ?आगामी 5 वर्षों में 70,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। ?शहर को एक डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक हब, और मेडिकल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। लखनऊ का द्वितीयक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। लगभग 5000 करोड़ की लागत से विकसित हो रही आवासीय परियोजनाएं (जैसे गोमती विस्तार और बख्शी का तालाब) शहर को प्रमुख औद्योगिक केंद्र बना रही हैं। जनपद में 1132 एमओयू के तहत ?338421.07 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जिसमें से 163 एमओयू क्रियान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, ?27645.09 करोड़ की धनराशि से 233 जीबीसी तैयार हो चुके हैं।

# 10 अक्टूबर तक पूरा हो डिजिटल फसल सर्वे : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा है कि फसलों का डिजिटल सर्वे का काम अनिवार्य रूप से 10 अक्टूबर तक पूरा करा लिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि वाली संपत्तियों की रजिस्ट्रियों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने फसल सर्वे एक समयबद्ध काम है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सर्वे के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगा सकते है और लेखपालों का सहयोग भी लिया जाए। सर्वे के साथ सत्यापन के काम में भी प्रगति सुनिश्चित की जाए। पीएम किसान योजना की 1 अप्रैल 2026 की किस्त केवल उन किसानों को मिलेगी, जिन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है। इसलिए फॉर्मर रजिस्ट्री के काम में भी प्रगति लाई जाए। यह पंजीकरण विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आईएमएलसी कॉरिडोर के लिए अवशेष क्रय और अर्जित भूमि के अधिग्रहण का काम तेजी से पूरा कराने के भी निर्देश संबंधित जिलों को दिए। बैठक में बताया गया कि डिजिटल फसल सर्वे के लिए कुल 91,631 ग्रामों में से 67,209 ग्रामों (73.35%) में सर्वे का काम शुरू हो चुका है। 10,031 ग्रामों (10.95%) में सर्वे पूर्ण हो चुका है। मिर्जापुर ने सर्वे का काम शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है, ललितपुर में 90.47%, एटा में 84.58%, और औरय्या में 81.24% सर्वे काम पूरा हुआ है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार के कृषक एवं किसान कल्याण मंत्रालय के चीफ नॉलेज एडवाइजर राजीव चावला उपस्थित थे। भौतिक रूप से प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, प्रमुख सचिव राजस्व रणवीर प्रसाद, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद कंचन वर्मा, एसीईओ यूपीडा हरि प्रताप शाही सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण समेत अन्य मौजूद रहे।

## इस्माइलगंज में खुले नाले में गिरी गाय



लखनऊ। इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अजय नगर मोहल्ले में बुधवार को गहरे नाले में गाय गिर गई। स्थानीय लोगों के सूचना पर रुद्र प्रताप सिंह (पूर्व पार्षद) और भाजपा युवा मोर्चा के नेता दीपक पाठक, स्थानीय निवासी शिव शंकर, करमजीत पाठक, सुरेंद्र वर्मा, लल्लन यादव, अभिमन्यु सिंह, प्रमोद यादव आदि के अथक प्रयास और नगर निगम के सहयोग से चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद नाले से गाय को निकालने में सफलता मिली। गाय को निकालने के लिए नाले के पत्थर को जेसीबी से कई जगह तोड़ना पड़ा। रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वार्ड में कई स्थानों पर सफाई के दौरान नाले के ढक्कन टूट गए हैं जिससे की जगह-जगह नाला खुला हुआ है और लोगों के जान माल खतरा बना हुआ है। दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं। नगर निगम से नालों को हर जगह पत्थर से ढकने की मांग की गई है।

## इन्दिरा नगर में गंदे पानी की आपूर्ति

**लखनऊ।** इंदिरा नगर ए ब्लाक में गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। नलों से आ रहा पानी बदबूदार होने के कारण परिवारों को पीने और घरेलू कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जलकल विभाग के इंजीनियर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अगर यह पानी सुरक्षित है तो अधिकारी खुद इसे पीकर दिखाएं। गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। कई परिवार बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। महिलाओं का कहना है कि बर्तनों और कपड़ों की धुलाई तक संभव नहीं हो पा रही है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलकल विभाग स्थिति को दुरुस्त नहीं करता है तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। लोगों ने कहा कि अब चुप बैठना संभव नहीं है, जिम्मेदार अधिकारियों को जनता की परेशानी समझनी होगी। इन्दिरा नगर के इस हिस्से में लंबे समय से जलभराव और पाइपलाइन दिक्कतों की शिकायतें आती रही हैं।

## खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मना राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा मिश्रा (पूर्व एनएसएस संयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय) ने किया। डॉ सुषमा मिश्रा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व एवं विकास पर प्रकाश डाला गया। इन्होंने बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना और उन्हें समाज के विकास में योगदान देने के लिए तैयार करना है। इसके माध्यम से युवाओं का व्यक्तिगत विकास होता है, जिसमें नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इन्होंने एन एस एस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ठरर के कार्यक्रम समुदाय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और पर्यावरण संरक्षण। एनएसएस दिवस के अवसर महाविद्यालय में एक पोस्टर प्रतियोगिता जिसका शीर्षक स्वच्छ भारत अभियान था, का भी आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में शालू मौर्या बीए प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर तथा सोनम गौतम बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रही।

# अस्पताल हुए अपग्रेड, अत्याधुनिक उपकरणों की हुई स्थापना : पाठक

## डिप्टी सीएम ने 500 करोड़ से 84 स्वास्थ्य इकाइयों का किया लोकार्पण,शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** 2017 के बाद से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। पूर्व की सरकारों में स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपी नहीं है।

हमारी सरकार की प्राथमिकता आमजन को उच्चस्तर का गुणवत्तापरक उपचार उपलब्ध कराना है। हमने अपने अस्पतालों को अपग्रेड किया है। वहां अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना की है। चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी इकाइयों में मैन पावर भी बढ़ी है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे बुधवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (ट्रेनिंग सेंटर) में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 500 करोड़ रुपये मूल्य की 84 नवीन स्वास्थ्य इकाइयों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज पूरे क्षमता के साथ काम कर रहे हैं।

18 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले गए हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 27 नए पैरा मेडिकल कॉलेज भी बनाए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि हर दिन हमारे अस्पतालों में दो लाख से अधिक मरीज आ रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा से जुडे संस्थानों की संख्या इसमें शामिल नहीं है।

उन्होंने जानकारी दी कि बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में 500 करोड़ रुपए मूल्य की 84 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है। इसमें जनपद सीतापुर में 200 शैय्या युक्त जनपद स्तरीय चिकित्सालय अति महत्वपूर्ण है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के मिशन को साकार करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष प्रदेश में 13 नए राजकीय मेडिकल कॉलेज और पीपीपी मोड के आधार पर तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले गए। इतनी बड़ी संख्या में प्रदेश में कभी भी एक वर्ष में मेडिकल कॉलेज नहीं खुले हैं। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत लोगों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में अब तक पांच करोड़ से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। 57 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क उपचार मिल चुका है, जिनमें नौ हजार करोड़ रुपए की धनराशि सरकार द्वारा वहन की गई है। हेल्थ मॉनिटरिंग के लिए हमने आधुनिक डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल किया।

जिला अस्पतालों में दिन और रात निगरानी के लिए सेंट्रल कमांड सेंटर बनाया। जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश के जिला अस्पतालों में 5000 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाती है।

## मुख्यमंत्री ने किया इंडिया एक्सपो मार्ट का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल व प्रदर्शनी से लेकर देशी-विदेशी आगंतुकों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री की सहभागिता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता एवं चाक-चौबंद इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें देश-विदेश से उद्यमी एवं आगंतुक भागीदारी करेंगे। अतः सभी आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएं ताकि उत्तर प्रदेश की सकारात्मक और सशक्त छवि प्रस्तुत हो सके। उल्लेखनीय है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के इस तृतीय संस्करण में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों, उद्यमियों एवं बायर्स की व्यापक भागीदारी होगी। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, यमुना प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहनलालगंज में पद्मजा डेवलपर्स की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**विभूति खण्ड में टाइम्स स्क्वॉयर समेत 02 अवैध निर्माण सील**



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को मोहनलालगंज में पद्मजा डेवलपर्स की 60 बीघा क्षेत्रफल की अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। इसके अलावा विभूति खण्ड में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्मित किये जा रहे टाइम्स स्क्वॉयर समेत 02 अवैध निर्माणों को पुनः सील किया गया।

प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि मो. तौफीक, मो. तौसीफ व अन्य की ओर से गोमती नगर के विभूति खण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-98ए पर लगभग 990 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से टाइम्स स्क्वॉयर कॉमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है।

इसी तरह अर्चना वर्मा व अन्य द्वारा विभूति खण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-78 पर लगभग 243 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किये जा रहे इन दोनों अवैध निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए पुनः सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने दोनों निर्माणाधीन बिल्डिंगों को पुनः सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि मेसर्स पद्मजा इन्फ्रा बिल्ड प्रा0लि0 के राजीव सिंह, राम प्रताप सिंह व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के ग्राम-अतरौली में रेलवे क्रासिंग के पास लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बुधवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी।

## नेवला के काटने से घायल सफाई कर्मचारी की मौत

लखनऊ। नगर निगम में कार्यदायी संस्था से तैनात रही सफाई कर्मचारी गीता (45 वर्ष) की मौत हो गई। वसीरतगंज-गणेशगंज क्षेत्र में तैनात गीता को बीते दिन शीतल धर्मशाला के पास सफाई कार्य के दौरान एक नेवले ने काट लिया था, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। अपर नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मृतका के परिजनों से भेंट कर उन्हें 1,00,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर निगम ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया है कि कर्मचारी की ईपीएफ/ईएसआईसी संबंधित कार्यवाही तत्काल करते हुए आर्थिक सहायताएं प्रदान की जाएं।

# रेरा के एजेंटों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गये

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने बुधवार को लखनऊ मुख्यालय में रेरा के एजेंटों के प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम के 16वें, 17वें और 18वें बैच के उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने 111 सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर सचिव महेंद्र वर्मा सहित प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कई प्रतिभागियों ने कहा कि प्रशिक्षण से वे अधिक पेशेवर तरीके से काम करने में सक्षम होंगे तथा इससे वे संपत्ति खरीदने वालों और बेचने वालों को बेहतर मार्गदर्शन देने में सक्षम होंगे। रेरा के साथ एजेंट के रूप में पंजीकृत होने के लिए, उम्मीदवारों को एक प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा करना और उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अब तक, यूपी रेरा ने 20 प्रशिक्षण बैच आयोजित किए हैं। 15वें बैच तक के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस कार्यक्रम के लिए 1620 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिनमें से 803 ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं और वे रियल एस्टेट एजेंट के रूप में काम करने के पात्र हैं, लेकिन केवल यूपी रेरा के पोर्टल पर पंजीकरण के लिए आवेदन करके पंजीकरण प्राप्त करने के बाद। भूसरेड्डी ने कहा, रेरा में हमारा उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हम उपभोक्ताओं और डेवलपर्स के बीच विश्वास को मजबूत करना चाहते हैं, और प्रशिक्षित एजेंट इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। जब एजेंट कानून और नियामक ढांचे से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं, तो वे घर खरीदारों और संपत्ति निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। इससे विवादों को कम करने और उपभोक्ताओं के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# किसानों ने बैलगाड़ी संग डीएम ऑफिस पर किया जोरदार प्रदर्शन

## एलडीए पर श्मशान घाट की जमीन कब्जा करने का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित उजरियांव योजना में मुआवजा समेत 13 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयवाद के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। बैलगाड़ी और हाथों में डंडा लेकर नारेबाजी करते हुए कैसरबाग चौराहे से जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे।

जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के बाद पंचायत की। एलडीए पर श्मशान स्थल कब्जा करने का आरोप लगाया। मांग उठाई। मांगे पूरी न होने पर आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। संगठन के अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कर ली गई थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने फिर वार्ता की, तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए इसके बाद 4 रुपए 60 पैसे दर के हिसाब से तय हुआ। 2016 में अंतिम मोहर कोर्ट के द्वारा लगी की 4 रुपए 60 पैसे सभी किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि एलडीए कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे।

एलडीए ने जमीन अधिकृत करते समय विभिन्न प्रकार की सुविधा देने की बात कही थी, जिसमें प्रत्येक परिवार को नौकरी,



आवास, गांव का विकास और किसान भवन समेत तमाम चीजें शामिल थीं। किसानों को इनमें से कुछ नहीं मिला है।

किसानों ने कहा कि एलडीए ने हमारे श्मशान स्थल पर कब्जा कर लिया है। 3 श्मशान स्थल थे, जिसमें से सिर्फ एक ही बचा है। किसान परिवारों की औरतें आज लोगों के घरों में झाड़ू पोंछा करने पर मजबूर हैं। किसान प्रधान देश में अन्नदाता की यह स्थिति हो गई है कि दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूमि अधिग्रहण करते समय जो वादा किया था एक भी पूरा नहीं हुआ। लखनऊ विकास प्राधिकरण और सरकार के बीच में किसान पिस रहा है। अशोक ने कहा कि कई सालों से लखनऊ विकास प्राधिकरण के आला अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं, मगर सुनवाई नहीं हो रही है। सारी चीज हमारे पास लिखित में मौजूद है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि दौड़ते-दौड़ते हम लोग परेशान हो गए हैं। शारीरिक रूप से कमजोर हो गए हैं। ना दिखाई पड़ता है। ना चल पाते हैं। मजबूर होकर कभी एलडीए जाते हैं, कभी जिलाधिकारी के यहां आते हैं, मगर कोई भी हमारी बात नहीं सुनता है।

## बिना जुर्माना भैंसों को छोड़ने पर किसानों ने समाप्त किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय पर 14 दिनों से चल रहा किसानों का प्रदर्शन बुधवार को समाप्त हो गया। मेयर ने किसानों की मांगें मान लीं। उनकी भैंसों को बिना जुर्माना के छोड़ने का आश्वासन दिया गया। भविष्य में दोबारा भैंसों को नहीं पकड़ने की बात पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इसके पहले किसानों ने नगर निगम मुख्यालय पर ढोल-मजीरा बजाकर लोकगीत गाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच करने का ऐलान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पीएम व पुलिस मौजूद रही। मगर किसानों के आक्रोश को देखते हुए उनकी मांगें मान लीं गईं। किसान नेता तौकीर ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी किसानों के घर से भैंस खुलवा लाए थे। इसके बाद हमने अधिकारियों से बात करके भैंस वापस मांगने की बात की, तो जुर्माना लगा दिया गया। इसके विरोध में 14 दिनों से नगर निगम मुख्यालय पर आंदोलन कर रहे थे। बुधवार हम लोगों ने महापंचायत का आवाहन किया था, जिसकी सूचना मिलते ही नगर निगम मुख्यालय के सभी मुख्य द्वारों पर अफसरों की ओर से ताला लगा दिया गया। इस पर हम सभी लोग नगर निगम मुख्यालय के सामने बैठ गए। तौकीर ने कहा कि इसी बीच महापौर सुषमा खर्कवाल ने हमारी मांगें मान लीं। किसानों के भैंसों को निशुल्क छोड़ने का महापौर ने निर्देश जारी कर दिया। हम महापौर को दिल से धन्यवाद देते हैं। उन्हें जन्मदिन की बधाई भी देते हैं। किसानों ने कहा मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच करने का मन बना लिया था। संगठित रूप से प्रदर्शन करके नगर निगम को अपनी बात मनवाने पर मजबूर कर दिया। हम सभी किसान यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हमारी खिलाफ कहीं भी अगर कोई कठोर कदम उठाया जाएगा, असंवैधानिक कार्रवाई होगी तो हम उसके खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। जीत भी हासिल करेंगे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि.अभि./2025-26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.ind के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में सिविल कार्यो हेतु वगीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.09.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 06.10.2025 के अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 06.10.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेंगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

निविदायें दिनांकः 27.09.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 06.10.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी.एस.टी. छोड़कर) (लाख रू. में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी.+ स्टेशनरी चार्जेज का मूल्य(रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | गोण्डा शाखा के किमी. 0.000 से किमी0 20.870 तक पक्की सर्विस रोड के गड्ढामुक्ति का कार्य। | 31.71 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 0.64 | 30 दिवस | 300.00+ 54.00+ 2000.00 | ''बी'' अथवा उच्च |

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते तथा विवरण उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट से ड्राइंग उपलब्ध न होने अथवा निविदा प्रपत्र में संलग्न न होने अथवा किसी भिन्नता की स्थिति में सम्बन्धित ड्राइंग/प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में उपलब्ध होंगे तथा कार्यालय में उपलब्ध डाक्यूमेन्ट ही अन्तिम एवं मान्य होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड-5,
बहराइच

UPID-238153 Date: 24.09.25
Website : www.upgov.nic.in

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# विधायक के साले ने फंदे से लटककर दी जान

- गोमतीनगर इलाके की घटना
- पुलिस तफ्तीश में लगी
- मौत का कारण स्पष्ट नहीं, सुसाइड नोट भी नहीं मिला
- पुलिस ने कहा डिप्रेशन का शिकार था
- मृतक के रिश्तेदार सेवानिवृत्त डीआईजी ने कहा मानसिक तनाव में था

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक विधायक के साले ने गोमतीनगर कोतवाली क्षेत्र के विपुल खंड स्थित सृजन विहार के अपने मकान में कार्तिकेय राज ने फांसी के फंदे से झूलकर जान दे दी। शुरूआती जानकारी के अनुसार, कार्तिकेय ने डिप्रेशन के चलते यह कदम उठाया है। मौके पर पहुंची पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और वह परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। मृतक के पिता पंचायती राज विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर तैनात हैं।

कार्तिकेय राज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे और अंबेडकरनगर में एक होटल का व्यवसाय भी संभालते थे, सोमवार रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। अगली सुबह, जब घर का नौकर रामपाल उनके कमरे की सफाई के लिए गया, तो उसने कार्तिकेय को पंखे से लटका हुआ पाया। नौकर ने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी परिजनों ने तत्काल कार्तिकेय को फंदे से उतारा और लोहिया अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के रिश्तेदार और रिटायर्ड डीआईजी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि कार्तिकेय पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्होंने यह घातक कदम उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार में किसी तरह की कोई समस्या नहीं थी। कार्तिकेय ने कंप्यूटर कोर्स और वकालत की पढ़ाई भी की थी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

**परिवार संपन्न है फिर भी राज ने यह कदम क्यों उठाया, घरवाले बेचैन :** किसी बात से रूठे या फिर किसी तनाव में बुधवार को विधायक कावेंद्र चौधरी के साले कार्तिकेय राज ने गोमतीनगर क्षेत्र के विपुल खंड के सृजन विहार कॉलोनी स्थित कमरे में पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी सूचना घरवालों को बुधवार सुबह पौने आठ बजे उस समय लगी जब घर में काम करने वाला रामपाल कमरे की सफाई करने पहुंचा। वहां का मंजर देख रामपाल ने इसकी सूचना घर में मौजूद लोगों को दी। यह सुनते ही परिजन भाग कर कमरे में गए तो दंग रह गए। देखा कि कार्तिकेय का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में घरवालों ने पुलिस की मदद से डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कमरे से कोई सुसाइड नोट न मिलने से जान देने की वजह साफ नहीं हो सकी है।

**पूर्व कद्दावर नेता के बेटे से हुई थी मृतक की बहन की शादी:** मूल रूप से बलिया निवासी शोभा राम वर्मा परिवार के साथ राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र के विपुल खंड के सृजन विहार कॉलोनी में मकान नं 23 रहते हैं। बताया जा रहा है कि शोभा राम वर्मा का 27 वर्षीय बेटा कार्तिकेय राज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था, जबकि साथ ही अंबेडकरनगर में एक होटल का व्यवसाय भी संभाल रहा था। कार्तिकेय के पिता शोभाराम वर्मा बलिया में जिला पंचायत विभाग में इंजीनियर हैं। परिवार में उनकी पत्नी मां नीलम वर्मा, नानी और दो नौकर थे। घरवालों ने बताया मंगलवार देर शाम घर के सभी लोग के साथ खाना खाने के बाद सोने चले गए, जबकि कार्तिकेय राज भी अपने कमरे में सोने चला गया। घर में एक पालतू कुत्ता है जिसे राज अपने पास रखता था, था। लेकिन वह मंगलवार रात कमरे में अकेले सोया था।

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब पौने आठ बजे घर में काम करने वाले नौकर रामपाल रोज की तरह कमरे की सफाई करने पहुंचा तो देखा कि वो पंखे के कुंडे के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा था। इसकी सूचना मिलते ही घरवालों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस घरवालों की मदद से राज को डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक कमरे से कोई सुसाइड नोट न मिलने से जान देने की वजह साफ नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कार्तिकेय की बहन की शादी सपा पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी के बेटे कावेंद्र चौधरी से हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि कावेंद्र चौधरी बस्ती के कप्तानगंज विधानसभा से मौजूदा विधायक हैं।

## पड़ोसियों से प्रताड़ित होकर दुकानदार ने खाया जहर, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के मानकनगर इलाके में पड़ोसियों की प्रताड़ना से तंग आकर एक परचून दुकानदार ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

44 वर्षीय वीरू यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने छह पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने 15 लोगों के नाम लिखे हैं और मानक नगर थाने के बीट इंचार्ज पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। वीरू की पत्नी नीलम के मुताबिक, कुछ महीने पहले उनके पड़ोसी सुरजीत सिंह यादव ने अपने मकान का स्ट्रक्चर बदल दिया था, जिससे गली के एक अन्य निवासी नरेंद्र के घर का रास्ता प्रभावित हुआ। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने नरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया, जिसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।

**सुसाइड नोट में गंभीर आरोप:** बताया जा रहा है कि वीरू यादव ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि सुरजीत यादव ने उन पर रैंप बनवाने का दबाव डाला और मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद वीरू सहित 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। वीरू का आरोप था कि मानक नगर थाने का बीट इंचार्ज सुरजीत से मिला हुआ था और पुलिस की मिलीभगत से उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

**परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन:** वीरू की मौत के बाद जब उनका शव पोस्टमॉर्टम के बाद घर लाया गया, तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने वीरू का शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए भरोसा दिया कि आरोपों की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## पुलिस सेटिंग का झांसा देकर की धन उगाही

- दो फर्जी पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज
- पॉक्सो आरोपी को छुड़ाने का दिया था झांसा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में दो कथित पत्रकारों के खिलाफ एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इन पर पॉक्सो एक्ट के तहत जेल गए एक आरोपी को छुड़वाने का झांसा देकर उसके परिवार से ढाई लाख रुपये ठगने का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों, आशीष गुप्ता और अखिलेश निगम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि पॉक्सो आरोपी को छुड़ाने का झांसा देकर की थी ठगी। पारा के कनक सिटी, सरीपुरा की निवासी अर्चना गौतम ने पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर और जिलाधिकारी विशाख जी से शिकायत की। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में पारा पुलिस ने उनके भाई अजय गौतम को पॉक्सो एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार कर 20 अप्रैल को जेल भेज दिया था। अजय की शादी 28 अप्रैल को तय थी, जिसके चलते परिवार बेहद परेशान था।

इसी बीच, खुद को पत्रकार बताने वाले आशीष गुप्ता और तालकटोरा निवासी अखिलेश निगम ने अर्चना से संपर्क किया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस अधिकारियों से उनकी 'सेटिंग' है और वे अजय को जेल से छुड़वा सकते हैं। उनके इस भरोसे में आकर, अर्चना ने अपने जेवर बेचकर किसी तरह ढाई लाख रुपये जुटाए और उन्हें दे दिए।

### न भाई छूटा, न पैसे वापस मिले

पैसे लेने के बावजूद, न तो अर्चना के भाई अजय को जेल से छुड़वाया गया और न ही आशीष और अखिलेश ने उनके पैसे वापस लौटाए। जब अर्चना को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की और शिकायत की पुष्टि होने के बाद दोनों कथित पत्रकारों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर पारा ने जानकारी दी कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर फर्जी पत्रकारों की आड़ में होने वाली ठगी को उजागर किया है।

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे बुधवार सुबह एक युवक का शव रजनी खंड रेलवे ट्रैक के किनारे पटरी पर पडा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान हो जाने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मो इरफान (22) पुत्र मो रुस्तम निवासी रजनीखंड लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक नशे का आदि था तलाशी दौरान उसकी जेब से थ्रीनर मिला है। परिजनों को सूचना दे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रैफिक दरोगा की अभद्रता का वीडियो वायरल

**आलमबाग।** आलमबाग बाराबिरवा नहरिया चौराहे पर बुधवार सुबह ड्यूटी में लगे एक यातायात दरोगा पर वाहन सवार को थप्पड़ मारने का मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ ।वायरल वीडियो में एक अधेड़ उम्र की महिला एक युवक संग थप्पड़ मारने का आरोप लगा जमकर हंगामा करते हुए दिखाई पड़ रही है। जानकारी अनुसार बुधवार को राज्यपाल मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्र विश्विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सम्मिलित होने जा रही थी इस मूवमेंट में यातायात पुलिस और स्थानीय थाने की पुलिस चौराहे पर मुस्तैद थी तभी यातायात में तैनात दरोगा निखिल सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को थप्पड़ जड़ दिया। पीड़ित युवक ने तुरंत ही मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया और दरोगा से पूछ बैठा कि आखिर उसे थप्पड़ क्यों मारा गया।

## 20 लाख की चोरी, चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़े और डीवीआर भी ले गये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक बंद घर से करीब 20 लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर 18 लाख के गहने और 2 लाख नकद चुरा लिए। हैरान करने वाली बात यह है कि जाते समय चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और सबूत मिटाने के लिए डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) भी अपने साथ ले गए। यह घटना सक्सेना इंटर कॉलेज के पास हुई, जहां मकान मालिक अली अहमद दुबई में रहते हैं। उनके घर में उनका भांजा अब्दुल मुजीब अपनी मां के साथ रहता है। सोमवार दोपहर जब अब्दुल जियो मार्ट में अपनी ड्यूटी पर गए, तो चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाया। अब्दुल मुजीब ने बताया कि जब वह रात 10 बजे घर लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और घर में चोरी हो चुकी थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद यह पता चला कि घर के मुख्य दरवाजे, ग्रिल और खिड़कियां पूरी तरह से बंद थीं। इससे यह संदेह होता है कि चोरों ने घर में घुसने का कोई दूसरा तरीका अपनाया होगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। हालांकि, चोरों का सीसीटीवी तोड़ने और डीवीआर ले जाने से पुलिस के लिए जांच थोड़ी मुश्किल हो गई है।

**छात्र का चुराया मोबाइल फोन, आनलाइन निकाले एक लाख से अधिक:** प्रयागराज से मंगलवार को लखनऊ लौटे एक छात्र को मदद करना महंगा पड़ गया शातिरों ने मदद मांग छात्र का मोबाईल फोन हासिल कर रफूचक्कर हो मोबाइल फोन से 1.20 हजार रुपये निकाल हडप लिए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित छात्र ने स्थानीय आलमबाग थाने पहुंच लिखित शिकायत की है।

## बेटी की मौत पर पिता ने लगाया हत्या का आरोप

- एसीपी गोसाईंगंज को मिली जांच
- हत्या व एक्सीडेंट के बीच उलझी पुलिस
- कोतवाली से भगा दिया गया था, डीसीपी ने फटकारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एचसीएल कंपनी में पढ़ाई के साथ जॉब करने वाली खुशी कुमारी की मौत के बाद पिता रमेश ने उसके एक परिचित पर हत्या का आरोप लगाते हुए सुशान्त गोल्फ सिटी कोतवाली व एचसीएल चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र दिया है, लेकिन पुलिस कार्यवाईं करने के बजाए थाने से भगा दिया। पीड़ित ने थाने पर सुनवाई न होने के कारण डीसीपी साउथ व पुलिस कमिश्नर लखनऊ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाईं की मांग की है। डीसीपी साउथ ने मामले की जांच एसीपी गोसाईंगंज को सौंपी है। पीड़ित रमेश कुमार ने बताया कि वह झारखंड जिले के कोडरमा थाने डोमर्चाच क्षेत्र में रहने वाले है। उनकी बेटी खुशी कुमारी ((22) सुशान्त गोल्फ सिटी के एक अपार्टमेंट में किराये के फ्लैट में रहती थी। पीड़ित पिता ने बताया कि बीते 28 अगस्त को रात्रि एक बजे फोन पर एक व्यक्ति ने सूचना दी कि आपकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया हैं। उसे पीजीआई क्षेत्र में स्थित बेलशन मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना कर बाद पिता रमेश कुमार अपने परिवार के अन्य भाइयों के साथ अस्पताल पहुंचे। जहाँ कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

**अस्पताल की भूमिका शक के घेरे में, वसूले लाखों:** अस्पताल मैनेजमेंट के इस बीच इलाज के नाम पर तीन लाख रुपये जमा करा लिए। मौत के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने एम्बुलेंस बुलवाकर आनन-फानन में शव को एम्बुलेंस में रखकर झारखंड के लिए भेज दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि मेरी बेटी का जब फोन मुझे मिला तो उसका डाटा डिलीट था। वाट्सएप, गैलरी व अन्य सभी से पूरा डाटा डिलीट था। इस संबंध में डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि मामले में पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर जांच एसीपी गोसाईंगंज को सौंपी गई है। जांच के बाद जो उचित कार्यवाईं होगी की जाएगी।

**जबरन भेजा डेड बॉडी झारखंड, मोबाइल फोन से डेटा था डिलीट:** अस्पताल मैनेजमेंट ने एम्बुलेंस बुलवाकर आनन-फानन में शव को एम्बुलेंस में रखकर झारखंड के लिए भेज दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि मेरी बेटी का जब फोन मुझे मिला तो उसका डाटा डिलीट था। वाट्सएप, गैलरी व अन्य सभी से पूरा डाटा डिलीट था। मोबाइल फोन से सब कुछ डिलीट होना व बेटी का रायबरेली रोड पर एक्सीडेंट दिखाना और अस्पताल द्वारा जबरन शव लेकर घर भेजना शक के दायरे में लाता है। बेबस पिता ने कहा उन्हे न्याय चाहिए। बेटी की हत्या कर एक्सीडेंट दिखाने वालो पर पुलिस ने कार्यवाई नही की तो वो सीएम से भी मिलेगे। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया पीड़ित पिता की शिकायत पर पूरे मामले की जांच सौंपी गयी हैं।

## प्रतिबंध के बाद भी सवारी लेकर दौड़ रही ट्रैक्टर ट्रालियां

**लखनऊ।** स्थानीय पुलिस के लिए मुख्यमंत्री का आदेश कोई मायने नहीं रखता है। नवरात्रि में सवारियों से भरे ट्रैक्टरट्रालियां सड़क पर दौड़ती देखी जा सकती है। जिनमें सवारियां बैठने के बजाय खड़े होकर थाने के सामने से गुजरती किसी भी समय देखी जा सकती हैं। बताते चलें कि तीन वर्ष पूर्व इटौंजा थाना क्षेत्र में चंद्रिका देवी मंदिर को मुंडन करवाने के लिए सीतापुर जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र के टिकौली गांव के लोग ट्रैक्टर ट्राली भरकर जा रहे थे जिसे डीसीएम ने टक्कर मार दी थी जिसमें दस लोगों की मौत और दर्जनभर घायल हो गये थे। उसी घटना के बाद कानपुर जनपद में भी ट्रैक्टर ट्राली से किसी उत्सव में जा रहा था जिसके पलटने से दर्जनभर लोगों की मौत हो गई थी। इन घटनाओं से द्रवित हो सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किया था कि ट्रैक्टर ट्राली कृषि कार्य के लिए हैं।सवारियां ढोने के लिए नहीं। इस आदेश को सूबे में मात्र बमुश्किल पुलिस ने एक वर्ष तक तवज्जो दिया,फिर वही ढाक के तीन पात। बीते दो वर्षों से क्षेत्र शादी बारातें और मांगलिक कार्यों के अवसर पर कहीं भी ट्रैक्टर ट्रालियां आपको सवारियां ढोते दिख जाएंगी।

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट की साउथ जोन पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिलें और लूट का सामान बरामद किया है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पीजीआई और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कई दिनों से चेन लूट की घटनाएं हो रही थीं। सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे के लिए टीम लगाई गयी थी। पुलिस टीम ने लूट करने वाले आरोपियों को उतरेठिया रेलवे स्टेशन सेवई पुल के पास से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में वसीर अली ग्राम मकाऊ खेडा बिजनौर, सुमित सिंह, बृन्दावन कालोनी पीजीआई , अरमान गिरी पीएम आवास योजना सुशान्त गोल्फ सिटी व सुधीर कुमार सभाखेड़ा पीजीई शामिल हैं।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे। बिना नंबर की बाइकों इस्तेमाल करते थे। आरोपी वसीर अंडे का ठेला लगाने के साथ बाइक पर पीछे बैठ कर चैन छीनने का काम करता था। सुमित एक कॉलेज मव स्नातक की पढ़ाई के साथ लूट के दौरान बाइक चलाता था। अरमान डिलेवरी बॉय का काम करने के साथ लूट की रेकी करता था। सुधीर प्रॉपर्टी के काम के साथ लूट का सामान बेचने में मदद करता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी बाइकों का चेसिस नंबर मिटा देते थे। इन लोगों ने उधारी चुकाने के लिए लूट की वारदातें की थीं। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। इनकी गिरफ्तारी से चार वारदातों का खुलासा हुआ है।

**इनसे हुई थी लूट:** (1) 12 जून 25 को सुशान्त गोल्फसिटी के मंदाकिनी एनक्लेव अवध विहार योजना की रहने वाली अंजू गुप्ता के को भागीरथी एंक्लेव के पीछे वाली गली में बनाया निशाना। (2) 27 जुलाई 25 को संतुष्टि एंक्लेव निवासी विनीता तिवारी से रात्रि के वक्त गाय को रोटी डालने निकली थी। तभी गले से चैन लूटी। (3) 2 सितंबर 25 को सुशान्तगोल्फ सिटी के प्रधान मंत्री आवास के पास शिवम गुप्ता की मां को निशाना बनाया। (4) 22 सितंबर 25 को गोमती एंक्लेव के पास सामान ले रही महिला अराधना चौधरी से चैन लूट की वारदात कों अंजाम दिया।

### पांच लाख के इनामी को एटीएस ने पकड़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता एटीएस द्वारा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर 5 लाख का पुरस्कार घोषित अभियुक्त रिवाल्वर, कारतूस के साथ सोनभद्र के जंगल से गिरफ्तार, लेवी से वसूले गए लगभग एक लाख रुपए बरामद। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (यूपी-एटीएस) बीते सप्ताह सीमावर्ती झारखण्ड राज्य के जनपद पलामू में सुरक्षा बलो एवं प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ के बाद में शामिल उग्रवादियों का छिपने के प्रयास में प्रदेश के जनपदों में प्रवेश के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुये थे। एटीएस की वाराणसी युनिट की टीम द्वारा विण्डमगंज मार्ग पर सुबह टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर दुदाँत उग्रवादी उमेश सिंह उर्फ नगीना उर्फ डॉक्टर पुत्र स्वर्गीय राज मुनि सिंह निवासी ग्राम सूअजार्घा झलंगी थाना इंडयी जिला गढ़वा झारखंड को गिरफ्तार किया गया एवं उसके पास से एक अदद रिवाल्वर 32 बोर मय कारतूस एक अदद पिस्टल 9 टट कारतूस 14 इंसास राइफल के कारतूस, 10 रायफल के कारतूस, लेबी से वसूला गया। जिसके पास से पैड मोबाइल मय 10 सिम (8 एयरटेल, 2 जियो) बरामद किया गया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत 780 वाहनों का हुआ चालान

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के तीसरे दिवस सभी थाना स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किए जाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बाजारों भीड़ भाड़ के स्थानों में जनता से सुरक्षा संवाद करते हुए फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से सभी थाना क्षेत्रों को कवर करते हुए अब तक 217 स्थानों पर गश्त की गई ।310 स्थानों पर 4041 वाहनों की चेकिंग, जिसमें 780 चालान किए गए। इन कार्यक्रमों में ऐसी महिलाएं जो विपरीत परिस्थितियों से जूझकर अपने आत्म बल के दम पर समाज में एक बेहतर जीवन न सिर्फ अपने लिए बना रही है बल्कि अपने परिवार को भी सशक्त कर रही है उन्हें प्रोत्साहित करते हुए पुलिस कमिश्नरेट के हमारी महिला फोर्स के साथ साथ वरिष्ठ अधिकारी गणों द्वारा इन महिलाओं को सम्मानित किया। संपूर्ण कमिश्नरेट में लगभग 160 स्थानों पर इसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ मिशन शक्ति अभियान में अनवरत की जा रही विभिन्न कार्यवाहियों के अंतर्गत अब तक 497 पूजा पंडालों व रामलीला मेला स्थलों का भ्रमण करते हुए करीब 5000 महिला एवं पुरुषों से जागरूकता संवाद स्थापित किया जा रहा है। कमिश्नरेट में सभी 54 थाने पर एंटी रोमियो टीम संचालित है जिसके द्वारा अब तक 478 स्थानों पर करीब 5000 व्यक्तियों को चेक करते हुए चेतावनी दी गई है। साथ गोमतीनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एंटी रोमियो टीम द्वारा शोहदे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कराकर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।


**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र योगेश कुमार व बहू शकुन्तला देवी पत्नी योगेश कुमार को उनके गलत चाल-चलन, बुरी संगत के कारण एवं परिवार में मार पीट करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। राजेश कुमार पुत्र स्व. रामलाल व शारदा देवी पत्नी राजेश कुमार नि. ग्राम-दिस्तापुर मजरा साहबगंज ग्रंट परगना अटवा पिपरिया तहसील व थाना मोहम्मदी, जनपद-खीरी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर, वि.ख. माल, जनपद-लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक- 24.09.2025

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रायपुर, विकासखंड माल, जनपद लखनऊ में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 25.09.2025 से दिनांक 10.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 10.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कमल किशोर के घर से खलिहान तक इंटर लाकिंग निमार्ण। | मनरेगा/ | 364392/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट व अन्य सामग्री |
| 2. | परमेश्वर के घर से इंद्रपाल के घर तक इंटर लाकिंग निमार्ण। | मनरेगा/ | 253188/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट व अन्य सामग्री |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू।

श्रीमती रामपती
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.- रायपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ

श्री मो. उबैद सईद
सचिव
ग्रा.पं.- रायपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ


# लखनऊ में तैयार हो रहे हैं रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यदि आप अपने घर के आसपास रावण का पुतला जलाना चाहते हैं तो अपने इलाके के टिम्बर स्टोर से संपर्क करके अपनी पसंद का रावण बनवा सकते हैं। रायबरेली रोड के उतरेटिया रेलवे पुल के पास तो रावण के पुतलों की मंडी लगती है। राजधानी ही नहीं आसपास के जिलों से भी लोग रावण के पुतले को खरीदने आते हैं। वहीं, ऐशबाग रामलीला मैदान में शहर के सबसे ऊंचे 121 फीट के रावण के पुतले का निर्माण जारी है। पुतलों की ऊंचाई के अनुसार उनकी कीमत रखी गई है। उतरेटिया में सबसे छोटे (पांच फीट) पुतले की कीमत 800 से 1000 रुपये है। ऑर्डर पर 20 फीट का पुतला दो से आठ हजार रुपये में तैयार किया जा रहा है। विक्रेता कलीम ने बताया कि कोई अपने घर के लिए पांच फीट का रावण ले जा रहा है, तो किसी को 20 फीट का सबसे बड़ा रावण पसंद आ रहा है। सीतापुर रोड पर भी बांस के रावण बिक रहे हैं। रावण का पुतला बना रहे त्रिवेणी नगर के सुनील पिछले छह वर्षों से यह काम कर रहे हैं। डालीगंज बांसमंडी रोड पर रावण का पुतला बनाकर बेचने वाले सुनील बताते हैं कि इस बार बांस महंगा होने से कीमत बढ़ गई है। पिछले साल 25 फीट का जो बांस 300 रुपये में था वह इस बार 500 रुपये में हो गया है। डालीगंज, उतरेटिया ओवर ब्रिज, त्रिवेणीनगर सीतापुर रोड के अलावा टिम्बर स्टोर से संपर्क कर रावण बनवाया जा सकता है। निगोहां, नगराम और मोहनलालगंज में भी रावण तैयार हो रहे हैं।

**बढ़ती महंगाई ने घटाया रावण का कद :** बांस, कागज और रस्सी के दाम में हुई बढ़ोतरी का असर रावण की ऊंचाई पर पड़ेगा। ऐशबाग में शहर का सबसे ऊंचे रावण का कद भी घट गया है। 121 फीट ऊंचा रावण इस बार 100 फीट का होगा। बावजूद इसके यह शहर का सबसे ऊंचा रावण होगा। कानपुर रोड सेक्टर-एफ एलडीए कालोनी में भी रावण पुतला 50 फीट से 35 फीट हो गया है। रामलीला समिति के महामंत्री आलोक शुक्ला ने बताया कि महंगाई की वजह से पुतला 35 फीट कर दिया गया है। मेघनाद का पुतला 30 फीट का होगा। रावण की ऊंचाई के मुताबिक उनकी कीमत रखी गई है।



डालीगंज व चौक हो या फिर तेलीबाग सहित शहर के बाजारों में सबसे छोटे तीन फीट के पुतले की कीमत 200 से 300 रुपये है, जबकि आर्डर पर 20 फीट का रावण तीन से छह हजार रुपये में तैयार किया जा रहा है। पुतला तैयार करने के लिए न केवल राजधानी, बल्कि सीतापुर, लखीमपुर, सुल्तानपुर व हरदोई सहित आसपास के जिलों से भी लोग खरीदारी के लिए आ रहे है।

**बांस के साथ सजावट का सामान भी महंगा:** त्रिवेणी नगर के सुनील पिछले चार वर्षो से यह काम कर रहे हैं। डालीगंज बांसमंडी रोड पर रावण का पुतला बनाकर बेचने वाले सुनील बताते हैं कि इसबार जीएसटी के चलते बाजार में रावण के पुतले की कीमतों में उछाल आया है। बांस के साथ ही सजावट का सामान भी महंगा हो गया है। पिछले साल 25 फीट का जो बांस 240 रुपये में था वह इस बार 330 रुपये में हो गया है। इसके अलावा बांस की लंबाई भी 25 फीट से घटकर 22 फीट कर दी गई है। तेलीबाग में कलीम भी देर रात तक पुतले बनाने में लगे हुए हैं। यहां पर पास एक से पांच हजार तक के पुतले तैयार किए जा रहे हैं।

# शारदीय नवरात्र : देवी के तीसरे स्वरूप की विधि-विधान से हुई पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को मंदिरों में देवी के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा का विधिविधान से पूजन-अर्चन हुआ। शहर भर के मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। फल, फूल, मेवा इत्यादि से श्रृंगार के बाद सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही मां के जयकारे गूंजने लगे। शंख और घंटे-घड़ियाल की ध्वनियों संग आरती के बाद मां को भोग लगाया गया। वहीं शाम को बिजली की रोशनी से मंदिर जगमगा उठे। चौक स्थित बड़ी कालीजी मंदिर में नवरात्र के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। सुबह से देर रात तक पूजन-अर्चन होता रहा। देवी मां पर चूड़ी, चुनरी चढ़ाने के साथ ही भक्तों ने मां से आशीष मांगा। इस दौरान फल, फूल और मखाने से भव्य शृंगार किया गया था। ठाकुरगंज स्थित पूर्वी देवी मंदिर में मां का दरबार फूलों से सजाया गया। विधिविधान से पूजा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने शतचंडी पाठ किया। इस मौके पर पंचमेवा, फल और मिठाई से भोग लगाया गया। गोमतीनगर विस्तार स्थित मां कमाख्या देवी मंदिर में भजन कीर्तन और विशेष पूजन का आयोजन हुआ। रंग बिरंगे फूलों से भव्य शृंगार कर मां को मिठाई और पंचमेवे का भोग लगाया। शाम को दुर्गा शप्तसती पाठ के साथ भजन कीर्तन हुआ। चौक स्थित मंदिर में मां कूष्मांडा का विधिविधान से पूजन हुआ। फूलों से शृंगार के साथ ही पंचमेवा, मिठाई का भोग लगाया गया। स्तुति के लिए सुबह से लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। उधर, हनुमान सेतु स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। आभूषण और वस्त्रों से शृंगार के साथ ही फलाहार का भोग लगाया गया।

**चौक काली मंदिर में हुआ विशेष शृंगार:** चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में माता को सफेद वस्त्र पहनाकर गोल्डन चुनरी ओढ़ाई गई। माता को मोगरा व गुलाब के फूलों और मोती की माला पहनाकर शृंगार किया गया। मेवा, सिंघाड़े का हलवा और खीर का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में माता के दरबार में हाजिरी लगाकर भक्तों ने खुशहाली की कामना की।

**51 शक्तिपीठ मे माता का हुआ नारंगी शृंगार:** नंदना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को मां चंद्रघंटा का नारंगी शृंगार किया गया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नारंगी रंग ऊर्जा, उत्साह, शक्ति और बल का प्रतीक है। माँ चंद्रघंटा के इस शृंगार से साधक को जीवन में निर्भयता, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। आचार्य ने पिंडी पूजन के बाद हवन किया।

**घरों में हुई पूजा:** नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भक्ति और जोश व उत्साह का संगम देखते ही बन रहा है। घरों में महिलाओं ने व्रत रख मां के भजन गाए और मां की चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा और अर्चना की। इस दौरान मां को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। वहीं, परिजनों में प्रसाद वितरित किया गया।

**मंदिरों में उमड़ी भीड़:** चौक स्थित बड़ी कालीजी मंदिर, छोटी कालीजी मंदिर, घसियारी मंडी स्थित कालीबाड़ी, चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर, शास्त्री नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर और पूर्वी देवी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में मां का फूलों, मेवों आदि से भव्य श्रंगार किया गया। सुबह महाआरती और भव्य श्रृंगार के बाद से ही मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। वहीं भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

**मंदिरों और घरों में गूंजे माता के गीत:** नवरात्र पर जहां मंदिरों में भक्तों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा है। वहीं सुबह से ही भक्त मंदिरों के बाहर कतार में नजर आ रहे हैं, जो हाथों में पूजा की थाली लिए मां के जयकारे लगाते हुए बढ़ते जा रहे थे। नवरात्र के तीसरे दिन मां के चंद्रघटा स्वरूप का पूजन किया गया।

## आज भी होगी मां चंद्रघंटा की पूजा

**लखनऊ।** नवरात्र के चौथे दिन आज भी मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की जायेगी। मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती हैं। ये क्षण साधक के लिए अत्यंत सावधान रहने के होते हैं। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे का आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी है। मां भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र ही कर देती हैं। मां का स्वरूप अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। इनकी आराधना से वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का विकास होकर मुख, नेत्र तथा संपूर्ण काया में कांति-गुण की वृद्धि होती है।

**दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया:** विश्व हिंदू परिषद लखनऊ पश्चिम शिवाजी नगर प्रखंड स्थित राजेंद्र नगर में दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया उसने प्रांत संयोजिका दुर्गा वाहिनी मुद्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुद्रा ने नारी अबला नहीं सबला है विषय पर कहा आज की नारी हर परिस्थिति में अन्याय के विरुद्ध महिषासुर मर्दनी मां दुर्गा की तरह संघर्ष करने के लिए तैयार है तथा लव जिहाद जैसे विषयों पर भी दुर्गा वाहिनी बहनों को सचेत किया। गणेश शंकर पवार प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कार्यक्रम का संचालन जिला मातृ शक्ति सह संयोजिका अरुणा ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला दुगार्वाहिनी संयोजिका बबिता जिला संस्कृति वेद विद्यालय प्रमुख सुनीता एवं जिला मातृ शक्ति सह संयोजिका सरोज एवं अधिक संख्या में बहने व विभाग मंत्री योगेश, जिला कार्यकारिणी लखनऊ पश्चिम की उपस्थिति रही।

## माता रानी को लगाया पंचमेवा का भोग





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्रि के तृतीय दिवस चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का ताता माई के दर्शन पूजन व श्रंगार के लिए लगा रहा। महन्त स्वामी विवेकानंद गिरी महाराज ने बताया नवरात्रि का तीसरा दिन माता चंद्रघंटा को समर्पित होता है। मां चंद्रघंटा, मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप हैं और उन्हें शांत, सौम्य और ममतामयी माना जाता है। उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होता है, जिसके कारण उन्हें यह नाम मिला। माई के पूजा करने से मन को शांति मिलती है, भय दूर होता है, और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया की माता को आज दूध से बनी मिठाइयां, जैसे रबड़ी, और पंचमेवा का भोग लगाया गया। रात्रि महा आरती ढोल नगाड़े शंख आदि ध्वनि वादक यंत्र से आरती की जाती है जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। मंदिर में भक्तों के लिए लगातार फलाहारी व प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं। मंदिर के बाहर चल रहे मेले का संचालन मंदिर प्रबंधन की देखरेख में किया जाता है। मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से देवराज सिंह, आचार्य शुभम पाण्डेय, मुकुंद, अभय, विकास, धीरेंद्र अवस्थी, दीप प्रकाशसिंह, शिवा, वैभव, प्रकाश तुषार राहुल एवं अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

# रूपक कुलकर्णी के बांसुरी वादन ने जीता श्रोताओं का दिल






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आज पद्मविभूषण विदुषी श्रीमती गिरिजा देवी जी की स्मृति में अकादमी परिसर स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में पुष्पांजलि संगीत समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथियों अध्यक्ष उप्र संगीत नाटक अकादमी प्रो. जयन्त खोत, पूर्व कुलपति राजा मानसिंह तोमर संगीत महाविद्यालय प्रो. साहित्य कुमार नाहर, पूर्व अध्यक्ष, उप्र संगीत नाटक अकादमी डॉ. पूर्णिमा पांडे एवं निदेशक उप्र संगीत नाटक अकादमी डॉ. शोभित कुमार नाहर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर को इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक एवं जन समूह उपस्थित रहा। प्रथम कार्यक्रम हुआ रूपक कुलकर्णी के बांसुरी वादन का उन्होंने राग यमन, का तबला संगति रही मिथिलेश झा की तथा बांसुरी पर संगत रही मंजीत सिंह की। रूपक कुलकर्णी के द्वारा अत्यंत सुरीली प्रस्तुतियां दी गईं। इसी क्रम में द्वितीय प्रस्तुति रही मुम्बई से पधारे सुप्रसिद्ध गायक अजय पोहनकर की। उन्होंने बंदिश से शुरूआत की तुम बिन मोरी खबरिया......, मैं कर आई सोलह श्रृंगार, इसके बाद इन्होंने अनेक रागों के माध्यम सेवाओं प्रस्तुतियां दी। उनके साथ तबले पर संगति रही अतहर हुसैन की, सारंगी पर संगत रही विनायक सहाय की, हारमोनियम पर संगत रही धर्मनाथ मिश्रा की। पूरे कार्यक्रम को उपस्थित जनसमूह द्वारा बहुत सराहा गया। अतः में निदेशक उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी डॉ. शोभित कुमार नाहर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

# दादी-नानी की कहानी में बच्चों ने जाना खजाने का रहस्य



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गरीबी और कठिनाइयों से जूझते हुए भी यदि इंसान हिम्मत, दोस्ती और साहस के साथ संघर्ष करे तो वह न केवल अपनी किस्मत बदल सकता है, बल्कि समाज के लिए भी कुछ बड़ा कर सकता है। इसी संदेश को आधार बनाकर 'दादी-नानी की कहानी जीतेश की जुबानी' कार्यक्रम में बच्चों को एक बोधात्मक कथा सुनाई गई।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला के 73वें आयोजन के अंतर्गत यह कार्यक्रम बुधवार को इन्दिरा नगर, तकरोही स्थित वर्द्धमान इंटर कॉलेज में हुआ। कथा प्रस्तुति में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने दो दोस्तों की रोमांचक यात्रा सुनाई, जिसमें वे खजाने की तलाश में अनेक खतरनाक परिस्थितियों से गुजरते हैं। अंततः प्राप्त धन-संपत्ति का उपयोग वे अपने निजी सुख के बजाय गरीब छात्रों की सहायता के लिए करते हैं और उनके लिए हॉस्टल का निर्माण कराते हैं। इस कथा ने बच्चों को समाज सेवा और सहयोग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों को टेढ़े-मेढ़े वाक्य पढ़ाकर उच्चारण अभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्रबंधक अंकित जैन और प्रधानाचार्य मनु जैन ने कथा प्रस्तोता समूह का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक राज वर्मा, उपाध्यक्ष होमेन्द्र मिश्र, प्रकाशन अधिकारी डॉ. एस.के. गोपाल, लोककथा प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार शम्भूशरण वर्मा सहित विद्यालय के अध्यापकगण सर्वश्री आशिफ, स्वाति पाठक, शुभी श्रीवास्तव, साक्षी तिवारी, ज्योति शर्मा, रीनू सिंह, ज्योति तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कागजी कलाकृतियों और कविताओं से सजा गोमती पुस्तक महोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रांगण में पाँचवें दिन का आगाज कलात्मकता, साहित्यिक संवाद और संस्कृति के उत्सव के साथ हुआ। बच्चों की कार्यशालाओं में मजेदार गतिविधियां हुई, वहीं साहित्यिक संवाद सत्र विचारोत्तेजक रहे। शाम का मंच कविताओं, संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों से गुलजार रहा।

**बाल मंडप में उमड़ी भीड़:** बाल मंडप में सुबह से ही नौ स्कूलों के 800 बच्चों की भीड़ उमड़ी, जो पुस्तकों और रचनात्मकता की दुनिया से जुड़ने के लिए नए शिल्प सीखने को आतुर थे। दिन की शुरूआत अमृत नागपाल के साथ स्टोरीबोर्ड से हुई। इसमें बच्चों को कहानी गढ़ने और सामूहिक विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने का अनोखा तरीका सिखाया गया। इसके बाद नामिक शेरपा ने बच्चों को जापानी कला ओरिगामी से परिचित कराया, जहाँ उन्होंने कागज से अलग-अलग तरह के हवाई जहाज बनाए। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र ने बच्चों को बुकमार्क बनाना सिखाया और उन्हें राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय ऐप से परिचित कराया, जिसमें भारतीय भाषाओं और विविध विषयों की 3,000 से अधिक ई-पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध हैं। लेखकगंज में सुनाई दिए मुहावरे, क्षेत्रीय पहचान और लैंगिक समानता के स्वर साहित्यिक आदान-प्रदान का केंद्र पाँचवें दिन के साहित्यिक संवाद की पहली कड़ी थी – अनुवाद में तकनीक का दखल। इसमें पंजाबी-हिंदी अनुवादक सुभाष नीरव, ओड़िया अनुवादक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र और मराठी अनुवादक समीक्षा तैलंग शामिल हुए। समन्वयक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और अनुवादक प्रितपाल कौर मौजूद थीं। चर्चा में वक्ताओं ने अपनी-अपनी भाषाओं की विशिष्टताओं, मुहावरों और सौंदर्य पर प्रकाश डाला तथा अनुवाद में तकनीक की उपयोगिता के साथ ही उसके संभावित खतरों पर भी विचार रखे। अगला सत्र स्त्री अस्मिता के प्रश्नः कुछ भीतर, कुछ बाहर शीर्षक से हुआ, जिसमें महिलाओं के मुद्दों, लैंगिक भेदभाव और अधिकारों पर विचारोत्तेजक विमर्श हुआ। इसमें डॉ. रजनी गुप्ता, डॉ. विवेक मिश्रा, कंचन सिंह चौहान और स्वाति चौधरी जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने भाग लिया। वक्ताओं ने घरेलू कार्यों में समान भागीदारी के साथ-साथ शिक्षा और आर्थिक अवसरों में समानता पर बल दिया। पांचवें दिन की शाम कविताओं से चहक उठी। कवि सम्मेलन में डॉ. संजय मिश्र शौक, डॉ. सूर्य कुमार पांडेय, राम प्रकाश बेखुद, मुकुल महान, डॉ. सुमन दुबे, अनुपम श्रीवास्तव अनुपम, ज्ञान प्रकाश अकुर, पंकज प्रसून, शशि श्रेय, सोमनाथ कश्यप और पवन प्रगीत जैसे विख्यात कवियों ने अपनी सशक्त कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इससे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने उत्सव के साहित्यिक वातावरण को और भी ऊजार्वान बना दिया।

# रामकथा राष्ट्र कथा हैः स्वामी प्रद्युम्न प्रियाचार्य




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीधाम अयोध्या से पधारे स्वामी प्रद्युम्न प्रियाचार्य प्रभाकर महाराज ने कहा कि रामकथा मात्र कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह हमें धर्म, कर्तव्य, प्रेम और मयार्दा का मार्ग दिखाती है। वह सेक्टर-एम आशियाना लखनऊ में आज से आरम्भ हुए प्रगति महोत्सव की प्रथम दिवस की श्रीराम कथा में बोल रहे थे।

स्वामी प्रद्युम्न प्रियाचार्य प्रभाकर महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा की शुरूआत श्रीरामचरितमानस के मंगलाचरण श्लोकों के वाचन से हुई। स्वामी जी ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रारंभिक मंगलाचरण में ही संपूर्ण सात कांडों की अनुक्रमणिका प्रस्तुत कर दी है। इसके पूर्व श्रीराम कथा के मुख्य यजमान विनोद कुमार सिंह और नरेंद्र बहादुर सिंह ने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की और निर्विघ्न कथा होने के लिए गणेश जी का आह्वान किया। इस अवसर पर शारदा नगर के पार्षद हिमांशु, भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय, पवन पाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कथा से पहले हरे रामा हरे कृष्णा भजन और भगवान श्री राम कीर्तन हुआ। कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी और सभी ने श्रद्धा व भक्ति के साथ कथा का श्रवण किया। कथा 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से 9:30 बजे तक और प्रगति महोत्सव 26 अक्तूबर चलेगा।

# रामोत्सव : टूटा शिव धनुष, हुआ सीता और राम का विवाह



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐशबाग की ऐतिहासिक रामलीला में बुधवार को मिथला नरेश राजा जनक पुत्री सीता के स्वयंवर का आयोजन करते हैं। उनकी शर्त है कि जो भी योद्धा भगवान शिव के धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ा देगा, उसी से वह अपनी बेटी सीता का विवाह करेंगे।

यह घोषणा सुनकर तमाम बलशाली राजा सीता स्वयंवर में शामिल होने पहुंचते हैं। जहां पर गुरु विश्वामित्र के साथ अयोध्या के राजकुमार श्रीराम और लक्ष्मण भी इस आयोजन में पहुंचते हैं। सभी बलवान राजाओं ने धनुष को उठाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी इस धनुष को हिला तक नहीं सका यह देख महाराज जनक विकल हो उठते हैं तब गुरु विश्वमित्र की आज्ञा लेकर भगवान श्रीराम शिव धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करते हैं तो वह टूट जाता है। इसके बाद जनक नंदिनी सीता प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला पहना देती हैं। इस दृश्य के बाद पूरा रामलीला मैदान सियावर रामचन्द्र की जय के जयकारों से गूज उठा। जब श्रीराम ने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयत्न किया तो धनुष तेज आवाज के साथ टूटा था जिसकी गूंज को सुनकर भगवान परशुराम भी वहां पर पहुंच गए और फिर उनके और लक्ष्मण जी के बीच तीखे संवाद हुए। परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर दर्शक रोमांचित हो उठे। इसके बाद श्रीराम ने अपने विनम्र वचनों से भगवान परशुराम के क्रोध की अग्नि को शांत किया। इसके बाद यह संदेश अयोध्या जाता है तो वहाँ पूरी नगरी में हर्ष छा जाता है और अयोध्या नरेश दशरथ बारात लेकर जनकपुर पहुंचते हैं जहाँ सीताराम का विवाह सम्पन्न होता है साथ ही भरत का माण्डवी के साथ लक्ष्मण का उर्मिला के साथ और शत्रुघ्न का विवाह श्रुतकीर्ति के साथ कराने के उपरांत बारात विदा होती है। यहाँ बेटियों की विदाई के जीवंत दृश्यों ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। रामलीला मंचन से पूर्व नृत्य मंथन स्कूल ऑफ डांस द्वारा देवी स्तुति ह्य जग जननी माँ दुर्गा, मैया रानी कृपा कीजिए, ओ शेरोवाली' गीतों पर नृत्य निर्देशक अंकिता बाजपेयी के साथ आराध्या, ईशानी, आस्था, श्रेष्ठा व मनस्वी ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद डा. राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां हुई। जिसमे प्रथम प्रस्तुति देवी गीत पर दूसरी प्रस्तुति केवट भजन पर तीसरी प्रस्तुति देवी आराधाना पर डांडिया नृत्य व चौथी प्रस्तुति मयूर नृत्य पर दी गईं जिसे मृणालिनी यादव, आभ्या, वान्या चौधरी, अविका चतुर्वेदी, शमायरा चावला, आरवी शुक्ला, ममता यादव, जैनब खान, सिमरन चावला, माही, आराध्या सिन्हा, वागिशा उपाध्याय द्वारा नृत्य निर्देशक डा० राघवेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत किए। श्री रामलीला समिति ऐशबाग के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने कहा हमारे मंच पर प्रत्येक दिन रामलीला से पूर्व विभिन्न नृत्य एकेडमी एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुतियां भी की जाती हैं जिन्हें अपने ही शहर और घरों के कलाकार व बच्चे कर रहे हैं, हम उन सभी बच्चों को मौका देते हैं जिनमें आगे बढ़ने की प्रतिभा हो ताकी वही बच्चे कल बड़े कलाकार बनें और देश व दुनिया के बड़े मंचों पर पहुंच कर खुद का व हमारे शहर का नाम रौशन करें और उनमे से कई प्रभु श्रीराम की कृपा से ऐसा कर भी रहे हैं और यह हमारे लिए गर्व की बात है। गुरुवार को होने वाली रामलीला में बारात का अयोध्या में आगमन, राम के राज्याभिषेक की घोषणा, राजा दशरथ का श्रीराम को राजा के कर्तव्यों से अवगत कराना, मंथरा कैकेई संवाद, कैकेई दशरथ संवाद, श्री सीता-राम व लक्ष्मण के वन गमन व प्रजा द्वारा राम वनवास के निर्णय का विरोध की लीलाएं प्रमुख होंगी।


**कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश**
**तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

पत्रांक–नि०ख०/लखनऊ/ ई–निविदा/ 2025–1473 दिनांकः 24/09/25

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

गड्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत निम्नलिखित सम्पर्क मार्गो के मरम्मत कार्य हेतु ई–निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में वॉछित श्रेणी में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 10.10.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.09.2025 की अपरान्ह 1.00 बजे से दिनांक 10.10.2025 की अपरान्ह 3:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 10.10.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी:–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (जी०एस० टी० सहित) (रुपये में) | धरोहर धनराशि (रु० लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत (सिविल कार्य) (रु० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद–हरदोई क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 2 | सं०मा० हरदोई से सर्रा गांव से कैथोलिया तक मरम्मत कार्य। (ल० 0.70 कि०मी०) (2025_RKUMP_1077083_1 | 3700.00+ 486.00 3186.00 | 1.78 | 17.78 | 04 माह | 'द' |
| 3 | सं०मा० विक्टोरियागंज से जब्बार खेड़ा तक मरम्मत कार्य। (लं० 0. 55 कि०मी०) (2025_RKUMP_1077085_1 | 2100.00+ 378.00 2478.00 | 1.40 | 13.91 | 04 माह | 'द' |

**नियम एवं शर्तें:–**
1. ई–निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, लखनऊ के संचालित खाता संख्या–30394513612 आई०एफ०एस० कोड–SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या–30394514140 आई०एफ०एस० कोड SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई–निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी–4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5) एवं शपथ पत्र (टी–6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद विभाग मे पंजीकृत/नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रक्रिया मे भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. आयकर तथा लेबर सेस की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

नोटः समस्त नियम व शर्तें ई–निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)

# पुणे-गाजीपुर सिटी के बीच चलेगी पूजा विशेष ट्रेन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की मांग पर 01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन पुणे से 26 सितम्बर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को तथा गाजीपुर सिटी से संषोधित तिथि 27 सितम्बर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार को 19 फेरों के लिये किया जायेगा।

01431 पुणे-गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 26 सितम्बर से 28 नवमबर तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को पुणे से 06.40 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 08.12 बजे, अहमदनगर से 09.32 बजे, मनमाड जं. से 13.15 बजे, जलगांव जं. से 15.25 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खंडवा से 18.30 बजे, इटारसी से 20.45 बजे, भोपाल से 22.20 बजे, दूसरे दिन बीना से 00.25 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 (झांसी) से 03.20 बजे, उरई से 04.52 बजे, गोविन्दपुरी से 07.25 बजे, फतेहपुर से 08.32 बजे, सूबेदारगंज से 10.05 बजे, वाराणसी जं. से 14.50 बजे, जौनपुर से 17.15 बजे तथा औंड़िहार से 18.15 बजे छूटकर गाजीपुर सिटी 19.40 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01432 गाजीपुर सिटी-पुणे द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 27 सितम्बर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार को गाजीपुर सिटी से 22.40 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 23.40 बजे, दूसरे दिन जौनपुर से 02.05 बजे, वाराणसी जं. से 04.30 बजे, सूबेदारगंज से 08.15 बजे, फतेहपुर से 09.32 बजे, गोविन्दपुरी से 12.25 बजे, उरई से 14.17 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 (झांसी) से 16.45 बजे, बीना से 20.30 बजे, भोपाल से 22.55 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 01.00 बजे, खंडवा से 03.48 बजे, भुसावल से 06.25 बजे, जलगांव जं. से 06.52 बजे, मनमाड जं. से 09.05 बजे, अहमदनगर से 12.00 बजे तथा दौंड कॉर्ड लाइन से 15.12 बजे छूटकर पुणे 16.20 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 18 आधुनिक एल.एच.बी. कोच लगाये जायेंगे।

## पुल री गर्डरिंग के कारण अनेक ट्रेनों के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन रेल संरक्षा को ध्यान में रखते हुये उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद स्टेशनों के मध्य पुल संख्या-141 बी पर री-गर्डरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत दौराई से 22 नवम्बर को चलने वाली 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय रोहिला-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दिल्ली स्टेशन पर नही रहेगा।

दिल्ली से 23 नवम्बर को चलने वाली 12036 दिल्ली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। लालगढ़ से 22 नवम्बर को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शकूर बस्ती-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दिल्ली स्टेशन पर नही रहेगा।

कटिहार से 21 नवम्बर को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सब्जी मण्डी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दिल्ली शाहदरा एवं दिल्ली स्टेशन पर नही रहेगा। काठगोदाम से 22 नवम्बर को चलने वाली 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय रोहिल्ला के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दिल्ली स्टेशन पर नही रहेगा।

प्रयागराज जं, से 22 नवम्बर को चलने वाली 14117 प्रयागराज जं0-भिवानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दिल्ली शाहदरा एवं दिल्ली स्टेशन पर नही रहेगा। आजमगढ़ से 22 नवम्बर को चलने वाली 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली के रास्ते चलाई जायेगी। नियंत्रण के तहत छपरा से 22 नवम्बर को चलने वाली 15115 छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस साहिबाबाद में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

## सुधांशु त्रिवेदी ने व्यापारी और उपभोक्ता से किया संवाद, लगाये स्टीकर



**लखनऊ।** जीएसटी बचत उत्सव के तहत बुधवार को राज्यसभा सदस्य और भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ 'नेक्स्ट- जेन जीएसटी रिफॉर्म' के निर्णय पर चंदर नगर मार्केट आलमबाग में पदयात्रा करके व्यापारियों व उपभोक्ताओं से संपर्क व संवाद किया। दुकानों में जाकर जीएसटी लाभ के स्टीकर लगाए और व्यापारियों को गुलाब भेंट दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु ने जीएसटी सुधारों पर उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विगत एक दशक से आर्थिक सुधारों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीएसटी में हुए बदलाव आम आदमी, विशेषकर मध्यम, निम्न और निर्धन वर्ग के लिए जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान में बड़ी राहत लेकर आए हैं। इन तीनों पर टैक्स में भारी कटौती की गई है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर देश को एक उपहार मिला है जिसके लिए उन्होंने पीएम मोदी का आभार जताया और कहा विपक्ष भी दिल से धन्यवाद दे रहा है। व्यापारियों से संपर्क के दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अभिषेक खरे, विनायक पांडे, पीयूष दीवान, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, महेंद्र राजपूत, मानस बाहरी, रूपा देवी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गिरिजा शंकर तिवारी, दूसरी बार अध्यक्ष व गिरीश चन्द्र मिश्र, 12वीं बार महामंत्री निर्विरोध चुने गये



**लखनऊ।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उप्र की केंद्रीय प्रबंध समिति की, प्रदेश भर में स्थापित 200 से अधिक प्राथमिक इकाईयों व 20 क्षेत्रीय इकाईयों तथा विशिष्ट इकाई के वार्षिक चुनाव सम्पन्न होने के बाद केंद्रीय प्रबंध समिति/कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों ने चारबाग बस स्टेशन पर पूर्व निर्धारित बैठक व सभा बुधवार को आयोजित की, जिसमें प्रदेश भर से आये प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सभा में प्रतिनिधियों द्वारा परिषद के केन्द्रीय/प्रान्तीय पदाधिकारियों का चुनाव घनश्याम यादव, (महासचिव, उप्र राज्य निगम कर्मचारी महासंघ) चुनाव अधिकारी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर निगम महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। देर तक चली इस चुनावी कार्यवाही में गिरिजा शंकर तिवारी को दूसरी बार प्रांतीय अध्यक्ष तथा गिरीश चन्द्र मिश्र को 12वीं बार प्रांतीय महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी घनश्याम यादव ने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री के साथ ही रविन्द्र कुमार, (बरेली) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविन्द कुरील (कानपुर), गुलजार अहमद (गाजियाबाद), महेश कुमार राय (गोरखपुर) व सुरेश चन्द्र पाण्डेय (प्रयागराज) उपाध्यक्ष, संजय कुमार राणा (मेरठ) अपर महामंत्री, चन्द्र हंस (आगरा), सुरेश चन्द्र मिश्र (इटावा), विवेकानन्द सिन्हा (वाराणसी) व सतीश कुमार (निगम मुख्यालय), उपमहामंत्री, बीके शुक्ल (लखनऊ) कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह (अयोध्या), संगठन मंत्री तथा वेदरत्न वर्मा (लखनऊ) प्रचार व सांस्कृतिक मंत्री एवं 42 सदस्य कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में प्रतिनिधियों व कार्यकताओं में अतुलनीय जोश व सक्रियता देखी गई और इस उत्साह के माहौल में यह चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## एनईपी भारत केंद्रित शिक्षा नीति : प्रो. एपी तिवारी



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य पर 'हिंदी पखवाड़ा उत्सव 2025' के निमित्त सप्तदिवसीय हिंदी कार्यशाला के नई शिक्षा नीति और हिंदी शिक्षण विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन बुधवार को अम्बेडकर अध्ययन विद्यापीठ सभागार कक्ष, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. एपी तिवारी (पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। डॉ.बलजीत श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह व पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत किया। विषय विशेषज्ञ प्रो.एपी तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत की यह पहली भारत केंद्रित शिक्षा नीति है। अब हमें यह विचार त्याग देने चाहिए कि अंग्रेजी के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि एनईपी भारत केंद्रित शिक्षा नीति है जो देश की प्रकृति, परिवेश और संस्कृति को दिशा देगी। उन्होंने कहा हमारी मातृ भाषाएं हमारी लोक व व्यापक जन की संवाद व संप्रेषण की भाषा है, यह हमारे राष्ट्र की धरोहर है यदि हम इनके प्रति ही स्वाभिमान का भाव पैदा नहीं कर सके तो फिर हम अपने राष्ट्र के प्रति भी स्वाभिमान का भाव नहीं रख सकते हैं।

# कमला कुटीर में टेलीमेडिसिन केंद्र का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डिजीस्वास्थ्य फाउंडेशन ने अपने संरक्षक डॉ. ए.पी. माहेश्वरी (पूर्व महानिदेशक सी. आर.पी.एफ.) के सहयोग से लखनऊ के इटौंजा स्थित कमला कुटीर में अपने टेलीमेडिसिन केंद्र का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित यह पहल ग्रामीण और वंचित आबादी तक स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बेहतर बनाने और तकनीक-सक्षम चिकित्सा सेवाओं की पहुँच और प्रभाव को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा संबंधी असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से स्थापित यह केंद्र, स्थानीय आबादी को तकनीकी रूप से सुगम परामर्श के माध्यम से शहर के विशेषज्ञ डॉक्टरों तक पहुँच प्रदान करेगा। यह पहल गंभीर और दीर्घकालिक रोगों के प्रबंधन पर केंद्रित सेवाओं के साथ-साथ उन्नत चरण की जटिलताओं को रोकने के लिए शीघ्र निदान और समय पर रेफरल की गारंटी देती है। नियमित अनुवर्ती कार्रवाई, सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों और स्वास्थ्य शिक्षा द्वारा समर्थित 'डिजिस्वास्थ्य' का उद्देश्य कैंसर-जनित मृत्यु दर न्यून करने के साथ ही कमजोर परिवारों पर वित्तीय बोझ को कम करना भी है। यह आयोजन बाल कैंसर जागरूकता माह के एक महत्वपूर्ण उत्सव के रूप में भी कार्य करता है, जिसमें कैंसर से प्रभावित बच्चों के लिए शीघ्र निदान, उपचार और सामुदायिक सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया। इसमें साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएँ और छात्र स्वयंसेवकों तथा बाल कैंसर से बचे लोगों द्वारा संचालित जागरूकता अभियान शामिल थे। इन पहलों का उद्देश्य समुदाय को शिक्षित करना, आशा जगाना और बाल कैंसर रोगियों के लिए बेहतर देखभाल और संसाधनों की वकालत करना था। इस समारोह में डिजीस्वास्थ्य फाउंडेशन, रामा कॉलेज और उनके सहयोगियों द्वारा युवा कैंसर योद्धाओं, उनके परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्या गया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री शिवराज चौहान के तत्वावधान में रामा कॉलेज के 42 छात्रों के साथ एक साइकिल रैली के आयोजन से किया गया, जिसमें डॉ० ए०पी० माहेश्वरी भी शामिल हुवे। 10 किमी की यह रैली रामा डिग्री कॉलेज से शुरू होकर हनुमंतपुर, शाहपुर, करुआ, अयोध्यापुरी होते हुए कमला कुटीर तक पहुंची।

इस रैली ने गावों में जाकर लोगों को कैंसर के बारे में सचेत किया। इसके उपरांत एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके शीर्ष 5 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इतिहासकार डॉ० रवि भट्ट के साथ विशेष अतिधि एयर मार्शल अमित तिवारी व श्रीमती कनक रेखा चौहान शामिल हुयी। इसके अतिरिक्त शहर से अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सुरजीत उप्पल, सुधीर मिश्रा, शिशिर जिंदल, फकरे आजम, कैप्टन पारितोष चौहान, वंदना अग्रवाल, पूनम, अरविन्द मिश्र, श्रीमती रश्मि मिश्र, श्री अरुण एवं निशा अग्रवाल, डिग्री कॉलेज से श्रीमती सरिता, श्रीमती शिल्पी व शाहपुर, करुआ, कुनीरा, गदैला व अयोध्यापुरी के नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# बाबा नीम करोली महाराज के जीवन पर निर्मित फिल्म का पोस्टर किया लांच

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** विश्व विख्यात संत बाबा नीम करोली महाराज पर निर्मित भावपूर्ण फिल्म का आज राय उमानाथ बली सभागार लखनऊ में पोस्टर लांच किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक पद्मश्री मधुर भंडारकर उपस्थित थे। इसके अलावा संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रो. मांडवी सिंह, जयसिंह पुंडीर, जिला जज अलीगढ़ आदि उपस्थित थे। यह फिल्म दिसम्बर माह में रिलीज होगी और आम जनता को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही फिल्म के निर्देशक एवं इसके निर्माण से जुड़ी टीम को भी उन्होंने बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा नीम करोली के देश व विदेश में तमाम भक्त हैं। इस फिल्म के माध्यम से इनको बाबा का महात्मय एवं उनके जीवन से जुड़ी आश्चर्यजनक प्रसंग देखने को मिलेगें। उन्हें बजरंग बली का अवतार भी कहा जाता है। इस अवसर पर महाराज जी का किरदार निभाने वाले सुबोध भावे, महाराज जी के युवावस्था का किरदार रोहित गुप्ता ने, सिद्धि मां का के रूप में समीक्षा भटनागर, फिल्म जगत के जाने-माने नाम हितेन तेजवानी ने रब्बुदा का किरदार निभाया। गोपाल की भूमिका डा की गौरी शंकर ने साथ में थी सौम्या सिंह। फिल्म का चित्रांकन किया कार्तिक मल्लूर ने। फिल्म स्क्रिप्ट डायलॉग राइटर डॉ कविता रायजादा और अनीशा सभी को स्मृति जैन शॉल और बुके देखकर सम्मानित किया गया। अनीशा फिल्म इंटरनेशनल, पीसी ज्वैलर्स, बीएसआर फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले इस फिल्म के पोस्टर विमोचन का संचालन किया। फिल्म स्क्रिप्ट डायलॉग राइटर डॉ. कविता रायजादा द्वारा किया गया।

# भाषा विवि में तीन दिवसीय कला कार्यशाला एक्सप्रेशन्स का समापन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कला कार्यशाला एक्सप्रेशन्स का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय की पहली महिला (फर्स्ट लेडी) डॉ. मोनिका तनेजा पत्नी कुलपति प्रो. अजय तनेजा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं, जबकि प्रो. तनवीर खदीजा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाएं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

समारोह की शुरूआत में डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, नोडल अधिकारी, आर्ट गैलरी ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला के पिछले तीन दिनों में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहला दिन कैनवास और रंगों को समर्पित था, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच को कैनवास पर अभिव्यक्त किया। दूसरे दिन प्रतिभागियों ने लिपन और मंडला कला की तकनीकें सीखी। तीसरे दिन कार्यशाला डाई कल्चर के लिए समर्पित था, जिसमें प्रतिभागियों ने कबाड़ से जुगाड़ वॉल डेकोर तैयार किए और अपनी कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन के दौरान डॉ. मोनिका तनेजा ने कहा कि कला केवल रंग, आकार और तकनीक तक सीमित नहीं है। यह हमारी भावनाओं, सोच और अनुभवों का सबसे सुंदर माध्यम है। कला के द्वारा हम अपनी संवेदनाओं, विचारों और जीवन के अनुभवों को दूसरों तक पहुंचा सकते हैं। यह हमारे समाज और संस्कृति के संरक्षण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज के युग में जब तकनीक और डिजिटल माध्यम हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं, कला हमें हमारी जड़ों, हमारी पहचान और हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़े रखती है। इसी कारण कला का अध्ययन और अभ्यास जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के समान ही आवश्यक है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को न केवल रचनात्मक कौशल सिखाती है, बल्कि उन्हें यह भी सिखाती है कि कैसे हम अपने विचारों और भावनाओं को साकार रूप दे सकते हैं और समाज में सकारात्मक योगदान कर सकते हैं। वहीं समारोह में डॉ. शचिंद्र, डॉ. काज़िम, डॉ ममता, नसीब, मोहसिन, रोमा और यूसुफ सहित कई शिक्षकों और विशिष्ट अतिथियों ने हिस्सा लिया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन और संचालन डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने किया।

## पुनर्वास विवि में बधिर छात्रों के साथ मिलकर निकली जागरूकता रैली



**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह का शुभारंभ 23 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के श्रवण-बाधितार्थ विभाग के अंतर्गत संचालित पीडीसीडी पाठ्यक्रम के सभी शिक्षकों ने राजकीय संकेत विद्यालय के बधिर छात्रों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य सांकेतिक भाषा के महत्व एवं शैक्षिक उपयोग के प्रति बधिर छात्रों एवं समाज में जागरूकता फैलाना था। राजकीय संकेत विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिशंकर सिंह ने सांकेतिक भाषा की महत्ता, उसकी शैक्षिक उपयोगिता तथा समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। जागरूकता रैली में श्रवण-बाधित विद्यार्थियों ने सांकेतिक भाषा सप्ताह से संबंधित विभिन्न रंगीन स्लोगन और बैनर लेकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजकीय संकेत विद्यालय के बधिर छात्रों में सांकेतिक भाषा में अध्ययन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बधिर शिक्षकों द्वारा सांकेतिक भाषा में कहानी सुनाई गई एवं कविता पाठ कराया गया।

# जीएसटी में कमी उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ : रोहित अग्रवाल

### रालोद के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने जीएसटी दरों में आयी कमी पर प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रालोद के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी के ऐतिहासिक निर्णय का हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह साहसिक कदम न केवल देश के लाखों व्यापारियों के लिए राहत लेकर आया है बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी व्यापक लाभ प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था में नए उत्साह और गतिशीलता का संचार होगा। इस निर्णय का लाभ केवल एक या दो क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, ऑटोमोबाइल और वाहन उद्योग, खाद्य एवं उपभोक्ता वस्तुओं, शिक्षा सेवाओं, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन तथा छोटे व्यापार जैसे लगभग हर सेक्टर को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा।

इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल उपकरणों पर जीएसटी में कमी आने से इनकी कीमतों में कमी होगी, जिससे आम उपभोक्ता आधुनिक तकनीक का अधिक लाभ उठा सकेंगे। वाहन उद्योग को राहत मिलने से दोपहिया, चारपहिया और वाणिज्यिक वाहन सस्ते होंगे, जिससे आम आदमी की खरीद क्षमता बढ़ेगी और ऑटोमोबाइल बाजार में नई जान आएगी। खाद्य सामग्री और दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर कर घटने से रसोई से लेकर रेस्टोरेंट तक की लागत कम होगी, जिसका सीधा फायदा हर घर को मिलेगा। शिक्षण सामग्री पर भार कम होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिलेगी और उच्च शिक्षा तक पहुंच और आसान होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में यह कटौती छोटे, मध्यम और बड़े सभी वर्ग के व्यापारियों के लिए नई ऊर्जा और अवसर लेकर आएगी। व्यापार में पारदर्शिता बढ़ेगी, नकदी प्रवाह सुगम होगा और कारोबार का विस्तार होगा। साथ ही उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं पर कम कीमतों का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी।

रोहित अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय एक देश, एक कर की नीति को मजबूती प्रदान करता है और देश की कर प्रणाली को और सरल एवं पारदर्शी बनाता है। इससे स्वदेशी उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे घरेलू रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम सरकार की व्यापारी एवं उपभोक्ता हितैषी सोच का परिचायक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी केंद्र सरकार व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर इसी प्रकार संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ निर्णय लेती रहेगी।

इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल एवं पार्टी के अन्य नेताओं के साथ हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट में एक पदयात्रा भी की। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों के बीच जाकर जीएसटी कम होने के फायदे बताए गए, एनडीए सरकार के धन्यवाद के स्टिकर दुकानों पर लगाए गए। साथ ही व्यापारियों से संवाद कर उनकी राय और सुझाव भी लिए गए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ सीधे-सीधे प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ताओं और लाखों व्यापारियों को मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक से लेकर खाद्य, शिक्षा और वाहन क्षेत्र तक इस निर्णय का असर दिखेगा।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रामावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नम्रता शुक्ला, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, टीपी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# छात्र नौकरी देने वाले बनें : प्रो. आरके मित्तल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के प्रबंधन अध्ययन संकाय ने चाणक्य सभागार में अपने छात्र प्रेरण कार्यक्रम दीक्षारंभ - 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एमबीए के नए बैच के छात्रों का स्वागत करने और उन्हें विश्वविद्यालय के वातावरण में सहजता से ढलने में मदद करने के लिए आयोजित किया गया था। उद्घाटन सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल और लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय की अधिष्ठाता प्रो. संगीता साहू सहित विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और नए एमबीए छात्रों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने विभाग के छात्रों को उनके समग्र विकास के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने प्रेरक संबोधन में भारत के चल रहे अमृतकाल में युवा नेतृत्व के महत्व पर एक सशक्त संदेश दिया। उन्होंने पांच प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित किया, जिनके बारे में उनका मानना है कि वे स्वर्ण भारत के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। सबसे पहले, उन्होंने समग्र विकास की प्राचीन भारतीय अवधारणा, पंचकोश, के बारे में बात की और छात्रों से न केवल बौद्धिक, बल्कि शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से भी विकसित बनने का आग्रह किया। दूसरे, उन्होंने व्यवसाय में नैतिकता की आवश्यकता पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि दीर्घकालिक सफलता ईमानदारी और पारदर्शिता में निहित है। उन्होंने बाहरी धन की तुलना में आंतरिक धन के महत्व पर भी जोर दिया और छात्रों को याद दिलाया कि चरित्र, करुणा और ज्ञान जैसे मूल्य भौतिक उपलब्धियों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। स्थिरता के मुद्दे पर, उन्होंने युवाओं से पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी भरे विकल्प चुनने का आह्वान किया जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित कर सकें। अंत में, उन्होंने छात्रों को नौकरी चाहने वालों की जगह नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया और उद्यमिता एवं नवाचार को आर्थिक विकास के प्रमुख प्रेरकों के रूप में बढ़ावा दिया।

संक्षेप

## स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**देवरिया ।** आरोग्य भारती और भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत देवरिया सदर खंड के ग्राम सिंगही में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिवस के पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं फल वितरण का कार्यक्रम किया गया ' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के गोरक्ष प्रांत की संरक्षिका भाजपा नेत्री एवं पूर्व महापौर गोरखपुर नगर निगम डॉक्टर सत्या पांडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल एकात्म मानववाद के प्रणेता थे उनके द्वारा बनाए गए सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है नर सेवा नारायण सेवा की कड़ी में आज यह शिविर महत्वपूर्ण है क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ समाज की कल्पना की गई है ' आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि आरोग्य भारती स्वास्थ्य के क्षेत्र मेंभाव व्यक्ति से स्वस्थ ग्राम स्वस्थ ग्राम से स्वस्थ समाज से स्वस्थ राष्ट्र की कल्पना को साकार करना इसका परम उद्देश्य है ।

# रक्तदान के लिए देवरिया के युवाओं को हरियाणा में मिला अवार्ड




**बरहज,देवरिया ।** हरियाणा राज्य के सभागार में चल रहे तीन दिवसीय निफा रजत जयंती स्थापना समारोह में एक दिवसीय दिल्ली के भारत मंडपम तथा दो दिवसीय करनाल जिला में गोल्डन मोमेंट आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरविंदर कल्याण अध्यक्ष विधानसभा हरियाणा

**● निफा की सिल्वर जुबली में किया गया सम्मानित**

प्रदेश, अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा, राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू एवं जापान, रसिया तथा मॉरिशस और इंग्लैंड से आए हुए अतिथियों द्वारा पूरे देश के समाजसेवियों को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान करनाल में राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई ।मुख्य अतिथि ने भारत मंडपम दिल्ली एवं हरियाणा के करनाल में निफा जिलाध्यक्ष एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य एवं उनकी पत्नी इसरावती को रक्तदान मुहिम में उत्कृष्ट योगदान हेतु वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड प्रदान कर सम्मानित किया । स्टेट स्पांसर रामप्रवेश मद्धेशिया को भी मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया ।साथ में जनपद के जिला अवार्डी साहू विशाल गुप्ता एवं सुंदरी धनगर को समाज सेवा तथा रक्तदान सेवा के लिए यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम निफा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे रेणुकूट, सचिव राजीव गोयल,कॉर्डिनेटर आलोक अग्रवाल बलरामपुर की देखरेख मे संपन्न हुआ। सन्तोष मद्धेशिया ने कहा कि इस सम्मान का श्रेय पूरी टीम को जाता है। सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरणा देती है।ज्ञातव्य हो कि सन्तोष मद्धेशिया अब तक 23 बार एवं उनकी पत्नी इसरावती 10 बार रक्तदान कर चुकी हैं । कार्यक्रम में जनपद के अवधेश गुप्ता, रजनीश पटेल, शुभम मद्धेशिया, विकास मद्धेशिया, दीपक खरवार, शिवांबुज पटेल, अभिमन्यु तिवारी सम्मिलित रहे।

# बिजली योजनाः सोलर लगायें बिजली के बिल से राहत पायें

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कि समीक्षा बैठक योजनान्तर्गत सोलर रूफटॉप के स्थापना के दरों एवं प्रति संयंत्र प्राप्त अनुदान के क्रम में परियोजना प्रभारी यूपी नेडा द्वारा अवगत कराया गया कीः-बजार में विभिन्न कम्पनीयों के पैनल उपलब्ध रहते हैं जिनकी दर भी अलग अलग रहता है जिसके कारण विभाग यूपी नेडा द्वारा कोई प्रति किलो वाट संयंत्र दर निर्धारित न करते हुए प्रति कि0वा0 सोलर रूफ टॉप स्थापना कि अनुमानित दर 60 हजार से 65 हजार मात्र की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।सोलर संयंत्र पर व्ययअनुदान एवं लाभ के संबंध में उन्होंने बताया कि 01 किलो वाट का रूफटाप स्थापना हेतु लाभार्थी द्वाराअनुमानित देय धनराशि 60 हजार से 65 हजार तक है जिसमें केंद्र द्वारा 30 हजार एवं राज्य द्वारा 15 हजार का अनुदान सहित कुल 45 हजार का अनुदान देय है।इसी प्रकार 02 किलो वाट हेतु 1 लाख 20 हजार से 1 लाख 30 हजार तक अनुमानित लागत है जिसके अंतर्गत केंद्र द्वारा 60 हजार एवं राज्य द्वारा 30 हजार सहित कुल अनुदान 90 हजार है।03 किलो वाट के रूफटॉप स्थापना हेतु लाभार्थी का कुल लागत 1लाख 80 हजार से 1 लाख 95 हजार तक है, जिसके अंतर्गत केंद्र द्वारा 78 हजार एवं राज्य द्वारा 30 हजार सहित कुल अनुदान 1 लाख 8 हजार है। प्रभारी अधिकारी यूपी नेडा ने बताया कि लाभार्थी स्वंय अथवा किसी भी रजिस्टर्ड वेण्डर के सहयोग से नेशलन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सोलर रूफटॉफ संयंत्र की स्थापना करा सकता है। लाभार्थी द्वारा यूपी नेडा से इम्पैनल्ड वेण्डर के माध्यम से सोलर रूफटाफ स्थापित कराये जाने पर ही उन्हें अनुदान का लाभ मिलेगा। यूपी नेडा में इम्पैनेल्ड वेण्डर की समस्त जानकारी (फर्म का नाम, मोबाईल नं० आदि) लाभार्थी द्वारा उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

## संदिग्धावस्था में सड़क किनारे शव मिला

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चाँदपार पेट्रोल पम्प से पूरब जाने वाली सडक के किनारे खेत मे.औंधेमुँह पडे एक व्यक्ति का शव सुबह मिला ।शव की सूचना पर घटना स्थल पर भारी भीड आ गयी । और पुलिस के पहुँचने से पहले और बाद में घटना को लेकर हत्त्या से लेकर अनेकों तरह की बातें होती रही ।पुलिस शव को सीधा की तो मृतक की पहचान खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया अभिलाष के 42वर्षीय आकाश प्रताप सिंह पुत्र स्व रुपेश प्रताप सिंह के रुप में हुई मृतक का छोटा भाई विकास प्रताप सिंह ने बताया कि आकाश प्रताप सिंह मंगलवार के साढे चार बजे घर से सारनाथ जाने के लिए निकला ।पाँच बजे तक पेट्रोल पम्प चाँदपार चौराहे पर भी देखा गया । और मंगलवार की सुबह शव खेत में मिला ।विकास ने बताया कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नही है नही मेरा भाई किसी नशे का आदी ही था ।घटना के बाद सभी की एक ही आवाज आ रही थी कि सारनाथ जाने के बजाय फिर चाँदपार के सडक पर कैसे आ गया ।चप्पल सडक पर ओर खेत मे औंधेमुँह गिरा कैसे वह भी कुछ दूरी पर ऐ सभी बातो का उत्तर तो पोस्मार्टम रिपोर्ट आने पर ही मिलने की सम्भावना है ।घटना कि जानकारी के बाद थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय के साथ घटना स्थल पर पुलिस टीम पहुंच गयी ।थानाध्यक्ष ने घटना कि सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ फोरेन्सिक टीम को दिया ।फोरेन्सिक टीम ने फोटोग्राफी की घटना स्थल आस पास भी जाँच पडताल की ।और वापस चली गयी ।घटना स्थल का निरीक्षण पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी आदित्य कुमार ने भी किया ।परिजनों से बात भी किया ।शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पुलिस ने भेज दिया ।इस सम्बंध मे थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणो का पता चल पायेगा ।केवल मुँह पर ही चोट दिखाई दे रहा है क्योकि औंधेमुँह गिरे हुए थे ।मृतक अपने पीछे पत्नी शशिकला देवी एक पुत्र व एक पुत्री छोड गया है ।मृतक कुछ वर्ष पहले एक निजी स्कूल मे शिक्षक का कार्य करता था बाद में टियूशन भी करने लगा और वह भी छोड दिया था ।ज्ञातब्य है कि मृतक के पिता का शव भी कम्हरिया के एक ईट भट्टा पर आठ वर्ष पहले फन्दे मे लटका बरामद हुआ था ।

## रोटरी इंटरनेशनल 3120 जोन 11 के असिस्टेंट गवर्नर बनाए गए डॉ. विपिन बिहारी शर्मा



**देवरिया।** रोटरी क्लब देवरिया सेंन्ट्रल के निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन डाक्टर विपिन बिहारी शर्मा को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पूनम गुलाटी ने वर्ष 2026 - 27 के लिये असिस्टेंट गवर्नर मनोनीत किया ' डॉ शर्मा ने बताया कि रोटरी में मेरी यात्रा 1988 से शुरू होकर विभिन्न पदों पर रहते हुए अभी तक जारी है,डॉ डॉक्टर शर्मा वर्ष 1990 से 92 तक रोटरैक्ट क्लब बुद्धा के अध्यक्ष, 2023 - 24 में पब्लिक इमेज एंड रिलेशनशिप गोरखपुर रीजन के अध्यक्ष व 2024 25 में रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। गोरखपुर री जन 2025 -26 के लिए जोनल सेक्रेटरी जोन 22 के रूप में कार्य कर रहे हैं।डॉ शर्मा के कार्यकाल में रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल को कुल 25 अवार्ड प्राप्त हुए जबकि डॉक्टर शर्मा के कार्यों को देखते हुए प्लैटिनम अध्यक्ष प्लैटिनम मीडिया कवरेज के साथ -साथ उत्कृष्ट डायमंड क्लब के रूप में सम्मानित भी किया गया है। असिस्टेंट गवर्नर बनाए जाने पर क्लब के अध्यक्ष कपिल सोनी, रीजन चेयरमैन इमरान लारी ,सिद्धनाथ चतुर्वेदी, कुँवर विजय सिंह, आशीष कंसल, नवनीत अग्रवाल, हिमांशु सिंह, अशोक कुमार सिंह, अरुण बरनवाल, लालजी गुप्ता, राकेश धर द्विवेदी, ब्रजेश शर्मा, अतुल बरनवाल, मनोज सेठ, शरद अग्रवाल, श्रीधर पाण्डेय, डा. अकवम, राजेन्द्र जायसवाल, डा. मद्धेशिया सचिव पियूष अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने बधाई दी

# जीएसटी दरों में कटौती को लेकर प्रभारी मंत्री ने की प्रेस वार्ता




**बाराबंकी।** घटे हुए जीएसटी दरों से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। जिसके चलते बाजार मजबूत होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है। वहीं बाजार की मजबूती और

**● जीएसटी रिफॉर्म से बाजार मजबूत व रोजगार के बढेगे अवसरः सुरेश**

रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।जीएसटी में किए गए बदलाव से देश भर में आम लोगों की जेब में करीब 2 लाख करोड़ रुपए आयेंगे जिसका सीधा असर रोजमर्रा की खरीदारी और खर्च पर पड़ेगा। उक्त बात मोदी सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए ऐतिहासिक बदलाव को लेकर जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने मीडिया से रुबरु होते हुये कही।उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटा कर शून्य, रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे दूध, पनीर, ब्रेड इत्यादि पर भी जीएसटी शून्य कर दी गई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। प्रभारी मंत्री ने आगे बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है।जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। प्रेस वार्ता के बाद प्रभारी मंत्री ने शहर के धनोखर-घंटाघर मार्ग स्थित बाजार में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की।तथा जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अमरीश रावत, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, शेखर हयारन, नवीन राठौर मौजूद रहे।

## कराटे के खिलाड़ियों को दिया गया बेल्ट व प्रमाण पत्र

**अयोध्या।** फैजाबाद प्राचीन भारतीय क्यों कुशीन कराटे के तत्वाधान में राजकरण इंटर कॉलेज में कराटे के खिलाड़ियों को बेल्ट और प्रमाण पत्र दिया गया। वही सेकंड बेल्ट डॉन जापान दिलदार सिंह ने बताया कि यह बेल्ट टेस्ट 29 जुलाई को इसी विद्यालय के मैदान में हुआ था जिसमें 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया था उन 60 बच्चों में से 50 बच्चों को आज कलर बेल्ट का सर्टिफिकेट दिया गया। जिसमें व्हाइट बेल्ट से लेकर ऑरेंज बेल्ट, ब्लू बेल्ट,येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ब्राउन बेल्ट का सर्टिफिकेट दिया गया। सर्टिफिकेट का वितरण इंडिया ब्रांच के चीफ सिहान मिहिर बाग के द्वारा भेजा गया। जिन बच्चों ने बेल्ट टेस्ट को पास किया था उन्हीं को सर्टिफिकेट वितरित किया गया। बेल्ट वितरण के उपरांत एक मीटिंग का भी आयोजन किया गया जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया कि जो यूपी कराटे चैंपियनशिप नवंबर के महीने में किया जाएगा ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का मनाया गया स्थापना दिवस

**भटनी(देवरिया)।** रामगुलाम राय पी जी कालेज सल्लहपुर बनकटाशिव मे एन एस एस का मनाया गया स्थापना दिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही व कार्यक्रम अधिकारी डाँ संदीप कुमार सोनकर ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया ।मुख्य अतिथि डाँ अनिल सिंह विशिष्ट अतिथि डाँ मनमोहन सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश व समाज मे फैली हुई विकृतियों को दूर करने में एन एस एस के स्वयंसेवक/सेविकाओं द्वारा अहम भूमिका निभाने मे आगे आने की आवश्यकता है ।स्वयं सेविकाओं व स्वयंसेवकों सेवा भावना से कार्य कर समाज मे एक अलग पहचान बना सकता है ।कार्यक्रम को डाँ आर आर मिश्र डाँ संदीप सोनकर डाँ वशिष्ठ कुशवाहा ने भी सम्बोधित कियास्वयंसेविकाओ द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर कालेज के सभी शिक्षक व छात्र छायाएं उपस्थित रहे ।अन्त मे प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया ।

## रोजगार परक शिक्षा क्लब की प्राथमिकताः कपिल सोनी



**देवरिया ।** आज रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के अध्यक्ष रोट कपिल सोनी एवं असिस्टेंट गवर्नर रोट डॉ विपिन शर्मा ने स्थानीय कस्तूरबा बालिका इंटर कालेज मे बच्चियों को स्वालम्बी एवं रिटेल प्रशिशण हेतू दो सिलाई मशीन पेडल स्टैंड के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती शांति राय एवं रिटेल शिक्षिका शिखा बरनवाल को प्रदान किया गया !इस अवसर पर अध्यक्ष कपिल सोनी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य बच्चियों को शिक्षा के साथ साथ रोजगार हेतू प्रेरणा देना ताकि आगे भविष्य मे वो अपना स्टार्ट उप भी डाल सकें, वहीं डॉ शर्मा ने कहा कि आज की शिक्षा अब अपने समय के साथ बदल रही है अब किताबी ज्ञान के अलावा रोजगार आधारित शिक्षा होनी चाहिए, ! रोट हिमांशु कुमार सिंह एवं अतुल बरनवाल ने क्लब की तरफ से सिलाई मशीन की उपलब्धता का अच्छा कदम बताते हुए कहा कि आगे भविष्य मे क्लब रोजगारपरक साधन उपलब्ध कराएगा ! प्रधा नाचार्य शांति राय ने क्लब का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बच्चियों को सिलाई कढ़ाई मे अब सीधे मदद मिलेगी, और आवश्यकता नुसार अन्य मशीन की व्यवस्था की जायेगी, ! इस अवसर पर क्लब कीओर से इमरान लारी, मनोज सेठ, अंनत वर्मा एवं विद्यालय परिवार से स्वाति तिवारी, स्वाति बरनवाल, जरीना बानो, अर्चना पाण्डेय उपस्थित थीं !

## जूही एक दिन की चौकी प्रभारी बनी



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में बुधवार को थाना लार की चौकी कस्बा लार में एक विशेष पहल के अंतर्गत कक्षा 8 में अध्ययनरत जूही कुमारी को एक दिवसीय *₹चौकी प्रभारी₹* का दायित्व सौंपा गया ।इस अनूठी पहल का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक कार्य प्रणाली से अवगत कराना, उनमें नेतृत्व गुणों का विकास करना तथा उन्हें यह अनुभव देना था कि वे भी समाज में जिम्मेदार भूमिकाएं निभा सकती हैं ।जूही कुमारी ने चौकी प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुए जनसुनवाई की प्रक्रिया में भाग लिया।इस दौरान कुल 03 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जूही द्वारा गंभीरता से सभी शिकायतों को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं न्यायसंगत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# वैकल्पिक घाट बनाने के लिए निर्मलीकुंड क्षेत्र का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव में सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह विसर्जन घाट को लेकर खड़ा हो गया है। परंपरागत विसर्जन स्थल पर पानी ना के बराबर बचा है। इसी वजह से जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे के नेतृत्व में जिला प्रशासन और केंद्रीय समिति की संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर वैकल्पिक घाट बनाने के लिए निर्मलीकुंड क्षेत्र का निरीक्षण किया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रशासन को अवगत कराया की निर्मली कुंड पर लगभग 400 समितियों द्वारा स्थापित माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होता है ।प्रत्येक पूजा समिति में पांच की संख्या में बड़ी-बड़ी मूर्तियां

**● दुर्गा पूजा महोत्सव में विसर्जन घाट की बना समस्या**

स्थापित होती है इसके अलावा घरेलू पूजा करने वाले भी तमाम लोग अपना विसर्जन कार्यक्रम इसी घाट पर करते है ।ऐसी स्थिति में यहां पर लगभग 3000 मूर्तियां का विसर्जन होना है और उसी के साथ ही कलश आदि अन्य पूजन सामग्रियों का विसर्जन भी इस घाट पर होता है।पिछले वर्ष पानी न होने के कारण शाम को ही घाट पट गया था और मजबूरी में तमाम समितियों को अन्यत्र स्थान पर विसर्जन करना पड़ा ।इस वर्ष ऐसी कोई समस्या ना आए इसका पुख्ता प्रबंध प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा।केंद्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि दुर्गापूजा महोत्सव से इस जनपद के लोगों की बहुत गहरी संवेदनाएं जुड़ी हुई हैं। मां भगवती के पूजन के उपरांत उनके साथ सम्मान विसर्जन होना भी बहुत आवश्यक है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

जो भी विसर्जन स्थल उपलब्ध कराया जाए उस पर पर्याप्त जल की उपलब्धता प्रशासन को सुनिश्चित करना ही होगा। संयोजक गगन जायसवाल के साथ जे एन चतुर्वेदी और सुप्रीत कपूर ने मांग किया कि विसर्जन के पश्चात पर्याप्त जल पुलिस और गोताखोरों की टीम लगाई जाए जो विसर्जित हुई प्रतिमाओं को नदी के अंदर खींचकर एक दूसरे कोने पर ले जाएं जिससे विसर्जन के प्लेटफार्म के पास पानी की उपलब्धता बनी रहे। इसके लिए पोकलैंड सहित जो भी व्यवस्था आवश्यक हो वह पहले से प्रशासन के द्वारा कर लिया जाए ।केंद्रीय समिति के विसर्जन घाट निर्माण प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने मांग किया कि विसर्जन घाट 200 मीटर चैड़ा बनाया जाए तथा विसर्जन घाट तक आने-जाने के लिए एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग रास्ते भी बनाए जाएं और वह रास्ते इतनी मजबूत हो कि उनसे माता की प्रतिमाओं से लदे वाहन सुगमता से आ जा सके। केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग किया कि जब तक विसर्जन समाप्त नहीं होता है तब तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जो भी आवश्यक कदम हो वह समय रहते उठा लिए जाए। यदि विसर्जन के बीच घाट पट जाए तो वैकल्पिक रूप से अन्यत्र स्थान की भी व्यवस्था रखी जानी चाहिए।

## गांधी जयंती के अवसर पर जिला स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन

**कुशीनगर।** क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया कि गाँधी जयन्ती के शुभ अवसर पर 02 अक्टूबर को जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम कुशीनगर में प्रातः 07:00 बजे से पुरुष / महिला क्रास कन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।इस प्रतियोगिता में किसी भी उम्र का पुरुष/महिला प्रतिभाग कर सकते है।इस प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क है। 05 किं०मी० पुरुष एवं 03 कि०मी० महिला वर्ग दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को खेल विभाग के तरफ से आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने जनपद-कुशीनगर के समस्त प्रधार्नाचार्यगण एवं खेल प्रेमियों, खेल संघों एवं क्लबों से अनुरोध किया है कि आप अपने-अपने संस्थानों से अधिक से अधिक पुरूष/महिलाओं खिलाड़ियों को इस दौड प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजे।

## फाजिलनगर नपं अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही के निधन पर शोक की लहर



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही का मंगलवार व बुधवार की मध्यरात्रि को लखनऊ में इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया।इस दुःखद समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। नवसृजित नगर पंचायत के पहले अध्यक्ष स्व.शाही काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार की सुबह से ही नगरवासियों सहित बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक, सहयोगी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उनके फाजिलनगर स्थित आवास पर एकत्र हो गए। बुधवार सुबह लगभग 10 बजे शव उनके आवास पहुंचा।जिसके थोड़ी ही देर बाद अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई। उनका अंत्येष्टि संस्कार उनके पैतृक गांव में विधि-विधान से संपन्न हुआ, जहां उनके इकलौते पुत्र सूर्यांश शाही ने उन्हें मुखाग्नि दी। स्व. शाही अपने पीछे पत्नी सुनीता शाही, पुत्र सूर्यांश शाही, पुत्री श्रृषि शाही, भाई अजातशत्रु शाही, चाचा मुन्ना शाही और माता जी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष उनके भाई राजन शाही का भी निधन हो गया था।

उनके अंतिम संस्कार में जिले सहित आस-पास के क्षेत्रों से कई राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और पत्रकारिता जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। जिन्होंने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कस्बे में व्यापारियों ने दुकानों को बंद रखकर शोक जताया। गंगा सिंह कुशवाहा, डॉ. पीके राय, दुर्गेश राय, संतोष दत्त राय, डॉ. अजय त्रिपाठी, जोश, डॉ. कमलेश शाही, मुहम्मद इलियास अंसारी, विजय यादव, राकेश जायसवाल, जेपी गुप्ता, राजनेती कश्यप, राधेश्याम पांडेय, सत्यम शुक्ला, कुलदीप उपाध्याय, मनोज चौबे, सुरेंद्र राय, अनिल जायसवाल, राजेश जायसवाल, पशुपतिनाथ जायसवाल, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, केदार सिंह, चुनचुन शाही, ब्रजेश पांडेय, विनय तिवारी, रमेश राय, लल्लन यादव, ओमप्रकाश रौनियार, कविंद्र राय, पं. राकेश पाठक, सुबोध त्रिपाठी, जेपी सिंह, राम सेवक सिंह, कमलेश वर्मा, श्यामु प्रसाद, बैरिस्टर गुप्ता, शमशाद आलम, खालिद, राकेश सिंह, आनंद सिंह, अमित सिंह, शुभम मिश्र, दिवाकर मणि त्रिपाठी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

# कृपासिंधु बोले मुस्काई, सोई करु जेहि तव नाव न जाई........




**बाराबंकी।** पितृ आज्ञा का पालन करते हुए राम अपने अनुज लक्ष्मण और भार्या सीता के साथ वन गमन करते है। इस दौरान मंत्री सुमंत्र को जबरदस्ती वापस भेज देते है। तमसा नदी पर निवास करने के उपरांत श्री राम श्रृंगवेरपुर के राजा निषाद राज से भेंट करते है, तत्पश्चात गंगा नदी के किनारे केवट के पास पंहुचे। गंगा नदी पार करने के लिए प्रभु राम केवट से नाव

**● राम के लिए केवट की निश्छल भक्ति और राम निषादराज मिलन का सफल मंचन**

**● धनोखर सरोवर पर आदियोगी की प्रतिमा स्वरूप बनी आकर्षण का केंद्र**

मांगी जाती है परंतु वह नाव नहीं लेकर आता है इस दौरान केवट प्रभु श्री राम से कहते है कि मैं तुम्हारा भेद जानता हूं तुम्हारे चरण कमल की धूल के लिए सब लोग कहते हैं कि वह मनुष्य बना देने वाली कोई जड़ी है जिसके छूते ही पत्थर की शिला सुंदर स्त्री हो गई है, मेरी नाव तो काठ की है मेरी नाव भी स्त्री हो जाएगी और इस प्रकार मेरी नाव उड़ जाएगी और रास्ता रुक जाएगा,जिससे आप गंगा पार नहीं हो सकेंगे और मेरी रोजी भी खत्म हो जाएगी, मेरी कमाने खाने की राह भी नहीं बचेगी, नाव से अपने सारे परिवार का पालन पोषण करता हूं दूसरा कोई धंधा नहीं जानता हूं। केवट कहता है प्रभु यदि तुम उस पार जाना चाहते हो तो मुझे पहले अपने चरण कमल पखारने दो यानि की चरण कमल धोने दो, हे नाथ मैं चरण कमल धोकर आप लोगों को नाव पर चढ़ा लूंगा मैं आपसे कुछ उतराई भी नहीं चाहता हूं, राम मुझे आपकी दुहाई और दशरथ की सौगंध है मैं सब सच-सच कहता हूं लक्ष्मण भले ही मुझे तीर मार दे पर जब तक मैं पैरों को पखार ना लूंगा तब तक मैं पार नहीं उतारूंगा। पांव पखारने के उपरांत केवट बड़े ही श्रद्धा एवं भाव से श्री राम, माता जानकी और लक्ष्मण को अपनी नाव पर चढ़ाते है, गंगा नदी भी प्रभु की इस लीला को देख हर्षित हो जाती है, इस दौरान देवता पुष्प वर्षा करते है।कुछ ऐसा ही नजारा नगर के धनोखर सरोवर पर रामलीला की केवट संवाद एवं नाव नवैया की लीला प्रशांत सिंह, सुशील जायसवाल, अंश मिश्रा, रंजीत वर्मा के सौजन्य सम्पन्न हुई। लीला मे सरोही जागरण ग्रुप बाराबंकी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के दौरान रामलखन श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, शिवकुमार वर्मा, सुशील जायसवाल, लीला व्यास पंडित प्रमोद पाठक, पंडित संजय तिवारी, राजू पटेल, अमर सिंह, अंकित गुप्ता गोलू, विनय सिंह, सौरभ गुप्ता, कुणाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## 6 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा



**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान पुलिस टीम द्वारा जुआ खेलते हुए 06 जुआरियों को मौके से पकड़ा गया। पुलिस को जुआरियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते, 15 हजार रुपये का व 35 सौ रुपये की बरामदगी की गई।

पुलिस द्वारा पकड़े गए जुआरियों में विजय चौहान पुत्र रामदेव चौहान निवासी तरया सुजान, कन्हैया पुत्र संजीव गुप्ता निवासी अहिरौली दीक्षित थाना रविन्द्र नगर, आदर्श पुत्र दिनेश राय निवासी जवही मलही मुस्तकील थाना तरया सुजान, नूर आलम पुत्र स्व0 जलील निवासी लतवा मुरलीधर थाना तमकुहीराज, अमित कुमार पुत्र लाल साहब मल्ल निवासी मटहिनिया खुर्द थाना रवीन्द्र नगर व विकास यादव पुत्र स्व0 बिजली यादव निवासी जवही मलही मुस्तकील थाना तरया सुजान शामिल है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना तरयासुजान पर मुकदम अपराध संख्या- 299/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। थाना पूराकलन्दर पुलिस ने सोमवार की देर रात हुई लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 22 सितम्बर की रात लगभग 10:30 बजे वादी दर्शननगर से ई-रिक्शा लेकर अपने गाँव ददेरा जा रहा था, बड़ी नहर के पास आरोपियों ने उसे पकड़कर मारपीट की और 10 हजार नकद छीन लिए।शिकायत पर 23 सितम्बर को 4 अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया था।मामले में पुलिस ने कादीपुर चैराहे के पास ददेरा की तरफ जाते समय अभियुक्त सौरभ वर्मा (20 वर्ष) निवासी उघरपुर और विशाल वर्मा (21 वर्ष) निवासी यादगारपुर को अरेस्ट किया। उनके पास से 3,950 रुपए नकद बरामद हुए।

संक्षेप

## कीड़ा काटने से किसान की मौत

पुरवा, उन्नाव। चक्की से सरसों का तेल लेकर घर वापस जा रहे वृद्ध किसान को जहरीला कीडा काटने से दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के क्षेत्र के गांव चकजमालपुर के रहने वाले 70 वर्षीय किसान राम अवतार पुत्र पूरन दोपहर लगभग 3 बजे सरसों लेकर उसका तेल पिराने के लिये पुरवा बाजार आए थे। देर शाम वह तेल पिराकर वापस गांव लौट रहे थे तभी चमियानी रोड शारदा नहर के पास साइकिल खड़ी कर वह पेशाब करने लगे तो उसी दौरान जहरीले कीडे ने उन्हें काट लिया जिसके बाद अचेत होकर गिर पड़े। देर शाम 7:30 बजे करीब गांव के ही अधिवक्ता शिवकरन गांव लौट रहे थे जहाँ उनको अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो पहचान लिया और उनके घर वालों को फोन किया तथा एंबुलेंस के माध्यम से उनको स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दो युवकों ने फांसी लगायी

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में दो युवकों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना पन्हैया गांव की है जहां का रहने वाले लगभग तीस वर्षीय देवी प्रसाद ने मंगलवार रात अपने घर से थोड़ी दूर पड़े छप्पर के बंगले में धोती से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक विक्षिप्त रहता था। मृतक की पत्नी काफी समय से मायके से नहीं आ रही थी जिससे परेशान रहता था। घरवाले आत्महत्या का कोई कारण नहीं स्पष्ट कर सके हैं। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी घटना अर्जुन पुर गांव की है जहां लगभग तीस वर्षीय गुड्डू नामक युवक ने बुधवार भोर पहर गांव में ही एक खाली पड़े घर में खड़े एक पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। यहां भी घरवाले उसके आत्महत्या करने का कोई कारण नहीं बता पा रहे थे। ग्रामीणों में चर्चा रही कि घरेलू विवाद के चलते परेशान रहता था शायद इसीलिए उसने यह कदम उठाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क हादसे में 6 लोग घायल

पाटन, उन्नाव। उन्नाव लालगंज हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर तिराहा पर ई रिक्शा को तेज रफ्तार डम्पर ने टक्कर मार दी। जिसमे चालक समेत एक ही परिवार के छह लोग बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की मदद से पहुंची एंबुलेंस घायलों को सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां दो की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर तिराहे पर तेज रफ्तार डम्पर ने सडक पार कर रहे ई लोडर में सामने से टक्कर मार दी। जिसमे चालक दिनेश पुत्र गंगाराम निवासी ताजकपुर समेत उग्रसेन पुत्र चैधी व उसकीपत्नी सरोजनी बेटी अंशिका, सरिता, आदित्य, राधा व एक पन्द्रह दिन का मासूम बेटा अजीत घायल हो गया। टक्कर मारकर डम्पर चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। राहगीरों की मदद से उन्हे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ई लोडर चालक दिनेश व उग्रसेन की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# स्कूलों में चलायें सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत माह के दौरान जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं, मृतक एवं घायल व्यक्तियों के आंकड़ों तथा ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति एवं उनके सुधारात्मक उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य यथा साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर, स्ट्रीट लाइटिंग एवं रोड चिन्हांकन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन संचालन तथा मोबाइल फोन का उपयोग इत्यादि के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही स्कूल बसों, सार्वजनिक परिवहन एवं माल वाहनों की फिटनेस, पीयूसी प्रमाणन, ओवरलोडिंग एवं परमिट जांच के संबंध में नियमित निरीक्षण एवं विशेष अभियान की आवश्यकता पर बल दिया गया।

गुड सेमैरिटन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अस्पतालों में रिस्पॉन्स टाइम में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूल महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सिधौली में निमार्णाधीन फ्लाईओवर को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये तथा फ्लाईओवर की सर्विसलेन को जल्द से जल्द दुरूस्त कराया जाये। उन्होंने नैपालापुर व खैराबाद में अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किये।

नैपालापुर में निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाये। उन्होंने सड़कों पर आने वाली संकरी पुलियों की जानकारी करते हुये निर्देशित किया कि जहां पर संकरी पुलियों के चैड़ीकरण कराये जाने के निर्देश भी संबंधित को दिये। बैठक के अंत में सभी विभागों को आदेशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा में सड़क सुरक्षा कार्यों की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए मच्छरदानी उपलब्ध करायी जाये

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायें एवं उन्हें चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये। वृद्धावस्था पेंशन का लाभ समय से उपलब्धता कराना सुनिश्चित किया जाये, जिन वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन नहीं बनी है। उन्हें पेंशन का लाभ उपलब्ध कराया जाये। वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक सम्मान एवं सुरक्षा की दिशा में पहल की जाये तथा मनोरंजन व मानसिक स्वास्थ्य हेतु सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु सभी वृद्धा आश्रम में मच्छरदानी उपलब्ध करायी जाये तथा सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड भी जारी कराया जाये। साथ ही वृद्धा आश्रम में दिये जाने वाले भोजन की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिये तथा भोजन मैन्यू के अनुसार ही होना चाहिये। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीएसटी दरों में बदलाव आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम, बढ़ेगा रोजगारः दयाशंकर मिश्र




उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में की गई कटौती को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार शहर के बड़े चैराहा पर आयुष एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्रा श्दयालू गुरुश की मौजूदगी में जागरूकता अभियान चलाया गया।

भाजपा नेता अनुज पांडेय शिवशालश के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंड के सामने आयोजित प्रचार प्रसार कार्यक्रम में गोष्ठी आयोजित हुई। यहां व्यापारियों का सम्मान कर मंत्री ने जीएसटी में राहत को लेकर बधाई दी। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी इसे सराहा। उन्होंने जीएसटी में कटौती पर सरकार को धन्यवाद दिया है। इसके बाद बड़े चैराहा व आंशिक कचैड़ी गली के दुकानदारों से भी मंत्री ने मुलाकात की और जीएसटी रिफार्म पर चर्चा की। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि इस बचत उत्सव का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए। दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं का स्टीकर लगाया और स्वदेशी सामान बेचने का संकल्प लिया। मंत्री ने कहां की जीएसटी रिफार्म से दुकानदारों और उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। दुकानदारों ने इसे उत्साहपूर्वक अपनाया है और इस कदम से दिवाली के समय बाजार में सकारात्मक माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि व्यापारी वर्ग ने फूल देकर अपने समर्थन का इजहार किया और उपभोक्ताओं से अपील की। वे केवल स्वदेशी सामान ही खरीदें। जीएसटी रिफार्म के बाद दवाई, स्टेशनरी, जूते, खिलौने आदि के दाम कम हुए हैं। इसका उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा। लिहाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के पहले का बोनस सभी को दिया है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक अनुज ने मंत्री दयाशंकर मिश्रा को चांदी का मुकुट व 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

इस दौरान निवर्तमान युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण मिश्र भानू, नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी, व्यापारी नेता नीरज पांडेय, ललित द्विवेदी आजाद, भाजपा नेत्री सुरुचि, व्यापार मंडल के अखिलेश अवस्थी, सभासद मोनू दीक्षित, सर्वेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, आशू सिंह, सूर्या, कुलदीप, अक्की, आशीष, सूरज, कार्तिक बाजपेई, त्रिलोकीनाथ पांडेय, सियाराम, अनिरुद्ध, अमन त्रिपाठी शरद आदि रहे।

## एक दिन की रोज पांडे बनीं क्षेत्राधिकारी



सीतापुर। सिधौली इलाके में महिला सशक्तिकरण अभियान फेज-5 के तहत छात्रा रोज पांडे ने सोमवार को एक दिन की क्षेत्राधिकारी (सीओ) का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने क्षेत्राधिकारी के अपराध कक्ष व वाचक कक्ष का निरीक्षण किया तथा तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया।

कार्यभार ग्रहण करने से पहले क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया और सीओ के कार्य व दायित्वों की जानकारी दी। प्रार्थना पत्र सुनवाई के दौरान अटरिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी राजेश ने विपक्षियों द्वारा मारपीट किये जाने का प्रार्थनापत्र दिया और घटना बयान की। जिस पर सीओ रोज पांडे ने थाना इंचार्ज को बुलाकर मामले की जानकारी ली और अटरिया थानाध्यक्ष को दो दिनों में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बेरसापुर निवासी रोज पांडे ने बताया कि वह क्षेत्र रामेश्वरम कालेज की छात्रा हैं। यह अनुभव उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। उन्होंने समाज से अपराध से दूर रहने और आपसी मेलजोल बनाए रखने की अपील की। वहीं सीओ कपूर कुमार ने बताया कि 22 सितंबर से 24 दिसंबर तक प्रदेशभर में महिला स्वावलंबन, उत्थान और सम्मान को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छात्रा को क्षेत्राधिकारी का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने बताया कि महिला अपराध रोकथाम के लिए 1076, 1090, 112 और 102 जैसी हेल्पलाइनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क बनाए गए हैं, जहां महिला पुलिस कर्मी समस्याओं को सुनकर निस्तारित करती हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाती है। महिला सशक्तिकरण की इस पहल ने छात्राओं और क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ समाज को सकारात्मक संदेश दिया है।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 में शक्ति दीदी ने किया जागरूक



पाटन, उन्नाव। बिहार थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर के ग्राम मधुकरखेड़ा में चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं और महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 शक्ति दीदी अभियान में उनकी समस्याओं की जानकारी की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई। महिलाओं व बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं जैसे नारी सुरक्षा व नारी सम्मान, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108 आदि के विषय में जागरूक किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक रेखा दुबे, महिला कांस्टेबल पूनम राजपूत, कांस्टेबल रामेन्द्र कुमार द्वारा लोगों को जागरूक किया।

## पानी में डूबकर दो किशोरों की मौत, परिवारों में मातम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। थाना थानगांव क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर दो किशोरों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना गांव ग्वारी में दोपहर करीब 2 बजे हुई।

10 वर्षीय रोशन सड़क पार कर रहा था, तभी वह अचानक सड़क के किनारे बरसाती पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढा गहरा होने के कारण रोशन बाहर नहीं निकल सका। ग्रामीणों ने शोर सुनकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दूसरी घटना नयापुरवा मजरा तरसेवरा हलीमनगर में हुई। यहां 14 वर्षीय आकिब पोखरा जाने वाले रपटा पर नहाने उतरा था। नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। राहगीरों ने प्रयास कर शव को बाहर निकाला। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इन दोनों घटनाओं से गांवों में शोक की लहर है।

## छात्र की नदी में डूबने से सातवीं के मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सरायन नदी में डूबकर एक छात्र की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार सहरोई गांव निवासी संजय का 12 वर्षीय पुत्र सोनू, जो कंपोजिट विद्यालय सहरोई सिकटिहा में कक्षा 7 का छात्र था, किसी कारणवश आज स्कूल नहीं गया था। वह अपने साथियों के साथ गांव से पूरब दिशा में बह रही सरायन नदी के किनारे घूमने गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। साथियों ने घटना की सूचना गांव में दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की। कुछ देर बाद सोनू को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर एसओ श्यामू कनौजिया, तिहार चैकी इंचार्ज इंदजीत सिंह और डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरोसी हत्याकांड का खुलासा, हत्या करने वाला पड़ोसी युवक गिरफ्तार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरोसी में 14 वर्षीय किशोरी की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पड़ोसी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक बांका और लोहे का पाइप भी बरामद किया गया है। घटना के बाद से गांव में दहशत और गम का माहौल है। बता दे कि घटना 21 सितंबर शाम की है। ग्राम सरोसी निवासी 14 वर्षीय किशोरी का शव उसके ही घर के एक कमरे से बरामद हुआ था। अचानक हुई इस वारदात से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की विवेचना के दौरान चैंकाने वाला तथ्य सामने आया। मृतका के पड़ोसी धोनी उर्फ राजकिशोर (20 वर्ष) पुत्र पप्पू गौतम पर शक की सुई गई। जांच में पुख्ता सबूत मिलने के बाद आरोपी की तलाश शुरू हुई। 23 सितंबर को कोतवाली पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को बाबूखेड़ा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसने बताया कि उसकी मृतका से जान-पहचान थी और वह उससे नजदीकी बढ़ाना चाहता था। विरोध करने पर किशोरी ने परिजनों को बताने की धमकी दी। इस डर से आरोपी ने पहले उससे जबरदस्ती की और फिर बांका व लोहे के पाइप से उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल एक बांका और लोहे का पाइप बरामद किया। खुलासा करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी संजीव कुशवाहा, स्वाट प्रभारी जय प्रकाश यादव और सर्विलांस प्रभारी विनोद सिंह शामिल रहे।

## त्योहार के मद्देनजर एसपी ने दही थाना क्षेत्र मे पैदल गश्त किया



उन्नाव। आगामी पर्व नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना दही क्षेत्र स्थित मुख्य बाजार में पैदल गश्त किया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें। किसी भी समस्या की सूचना पुलिस को दें।

## 155 वर्ष पुरानी रामलीला का शुभारम्भ

हिलौली, उन्नाव। मौरावां नगर पंचायत में पिछले 155 वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष कुंवर



विवेक सेठ ने गणेश पूजन के बाद भगवान श्री राम की आरती कर शुभारंभ किया। लीला के प्रथम दिन मंगलवार को राम जन्म, भूमि अर्चना, अहिल्या उद्धार का मंचन हुआ। इस मौके पर मेला व रामलीला परिसर में किसी भी प्रकार कोई व्यवधान व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए क्षेत्राधिकारी पुरवा तेज सिंह मेला रामलीला ग्राउंड मौरावां पहुंचे वही साथ मौरावां थाना अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह भी पुलिस स्टाफ के साथ रामलीला मैदान में मौजूद रहे वही सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की सुरक्षा व्यवस्था देखी इस मौके पर पंकज सिंह, समाजसेवी सोनू सिंह, राजीव सिंह, जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, धर्मेंद्र यादव, गौरी शंकर सिंह समेत लगभग 400 से अधिक लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरनदेश नगर में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब गांव के बाहर एक 26 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान अरुण पुत्र कुन्तु निवासी खैरनदेश नगर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। परिजनों ने बताया कि अरुण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर विधिक कार्रवाई शुरू की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी बलवन्त साही प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस कारणों की जांच में जुटी है।

# भक्ति, संस्कृति और परंपरा के रंग में रंगा अग्रसेन जयंती महोत्सव



जिला संवाददाता

सीतापुर। पौराणिक समाजवाद और आपसी सहयोग के प्रेरणास्रोत छत्रपति महाराजा अग्रसेन की जयंती सीतापुर अग्रवाल समाज ने इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाई। करीब 50 वर्षों से लगातार मनाए जा रहे इस महोत्सव में चार दिनों तक विविध धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महोत्सव का शुभारंभ साइकिल रेस से हुआ, जिसे पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिताओं में बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्रिकेट मैच में अग्रवाल इलेवन ने शानदार प्रदर्शन कर अग्रसेन इलेवन को 71 रन से हराया। बैडमिंटन, फैन्सी ड्रेस, चित्रकला, कुकिंग व लोकनृत्य जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महाराजा अग्रसेन की झांकी और पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी ने किया। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं, आरती, दंडिया नृत्य और ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन भी हुआ। छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं का रूप धरकर ईश्वर तेरे रूप अनेक प्रतियोगिता में सभी का मन मोह लिया। वहीं, बुजुर्ग अग्रवंशियों और समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित कर समाज ने परंपरा को जीवंत रखा। तीसरे दिन महिला सभा द्वारा पर्यावरण संरक्षण, रिंग प्लेट डेकोरेशन, साड़ी पैकिंग और कुकिंग प्रतियोगिताएं कराई गईं। सांस्कृतिक संध्या में शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चों ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर सामाजिक संदेश दिए। अंतिम दिन एससीएम सिनेमा हॉल में ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें देश के प्रसिद्ध कवियों की कविताएं बड़े पर्दे पर सुनाई गईं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों, राज्यमंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। महोत्सव की रूपरेखा और सफल संचालन में अग्रवाल समाज की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## सिंघानिया के छात्राओं ने नृत्य प्रतियोगिता में जीता दिल



सीतापुर। अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर उत्सव गेस्ट हाउस में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पाँच विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सिंघानिया इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने राजस्थान का लोकनृत्य प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायक मंडल और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों ने छात्राओं की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उनके प्रदर्शन को सराहनीय बताया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जो बच्चे नर्सरी बनाना चाहते हैं उन्हें निःशुल्क पौधों की व्यवस्था कराई जायेगीः दयाशंकर

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। विकासखंड बिसवां के आदर्श जनता इंटर कालेज रुसहन में मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मां गायत्री जन कल्याण फाउंडेशन भिनैनी द्वारा बच्चों और किसानों को पौध वितरण किया एवं आयुर्वेद क्वीज का आयोजन भी हुआ।

मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ दयाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि मानव जीवन के लिए औषधियों का बड़ा महत्व है। बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेद सबसे अच्छा उपाय है। कुछ औषधियां अपने घर के परिसर में ही उगाई जा सकती हैं। इसके लिए बच्चे परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर बीजामृत, जीवामृत व दशपर्णी अर्क का प्रयोग कर जैविक नर्सरी तैयिर की जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे नर्सरी बनाना चाहते हैं तो उन्हें निश्शुल्क पौधों की व्यवस्था कराई जाएगी तथा उनकी बिक्री का भी प्रबंध कराया जाएगा। कृषि गृह वैज्ञानिका डा रीमा ने आयुष वर्टिका एवं घर घर में उसके महत्व में बनाने के लिए प्रेरित किया। गायत्री परिवार के योगेश कौशिक ने फाउंडेशन की ओर से औषधीय चाकलेट, शहजन पाउडर व औषधि पुस्तिका का वितरण किया। आयोजन में नीम, हल्दी, कालमेघ, भू आंवला, गुड़मार, नीबू, आंवला, अश्वगंधा, सर्पगंधा, शहजन, लेमनग्रास, शतावर, सेट्रेनोला व तुलसी के पौधे का वितरण किया गया तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अपने घर पर गृह वाटिका बनाने वाली कक्षा -11 की अनुष्का मिश्रा के अलावा आयुष क्विज में प्रतिभाग करने वाली कक्षा-11की जाह्नवी मौर्या, कक्षा-12 की शालू वर्मा, यासमीन, संगीता, अंशिका, नसरा व साधना, कक्षा -10 की सायमाबानो व रुखसार बानो तथा कक्षा-8 की सालिया को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने की। प्रधान आलोक कुमार व एडवोकेट विद्याधर वाजपेई तथा ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

## बैट्री रिक्शा की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत, कई घायल

सीतापुर। थाना कोतवाली बिसवां क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 4 बजे लहसा पुलिया के पास एक बैट्री रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बिलरिया निवासी नखरू उर्फ तिवारी की 13 वर्षीय बेटी माधुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिक्शा चालक और कई सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, माधुरी दोपहर करीब 2 बजे अपने बाल कटवाने के लिए बिलरिया चैराहे पर गई थी। तभी बिसवां की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा बैट्री रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर बच्ची से टकरा गया और पलट गया। घटना इतनी भीषण थी कि मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर सीओ महेश प्रताप गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैट्री रिक्शे परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी करते हुए तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ये रिक्शे स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि सांडा चौराहा और मंशाराम चैराहा पर इन रिक्शों के कारण हमेशा भीड़भाड़ और अव्यवस्था बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने इन नियमविरुद्ध चल रहे रिक्शों पर रोक लगाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कर्मचारी समस्याओं को लेकर वार्ता हुई विफल

सीतापुर। सीतापुर डिपो में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ और रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ संयुक्त रूप से आयोजित कर्मचारी समस्याओं को लेकर हुयी वार्ता विफल रही। कर्मचारी संगठनों ने कार्यालय के बाहर एक सांकेतिक प्रदर्शन करके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को 25 सितम्बर तक का समय दिया है। यदि तब तक समस्याओ का समाधान नहीं हुआ तो 25 सितम्बर से शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। बैठक रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष युगराज त्रिवेदी, मंत्री अर्पित अवस्थी व परिषद के अध्यक्ष राजीव बाजपेई के नेतृत्व मे सैंकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

## खाद को लेकर किसानों का आंदोलन खत्म

**बांदा।** बबेरू तहसील में डीएपी और यूरिया खाद की कालाबाजारी के विरोध में किसानों का चल रहा आंदोलन बुधवार को समाप्त हो गया है। बीते तीन दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसानों को उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार और जिला कृषि अधिकारी संजय सिंह ने मांगें पूरी करने का भरोसा दिया। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों को 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस पर अधिकारियों ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद अनशनकारी मनीष पटेल जनसेवक, सनी पटेल विधायक, दीपक पटेल और अन्य अनशनकारी किसानों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, कुबेर सिंह पटेल, बालकृष्ण पटेल, टिंकू पटेल, श्रीराम प्रजापति, सालिक सिंह, वंशराज, राजन, बाला पटेल व अन्य किसान उपस्थित रहे। बताते चलें कि खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। खाद की समस्या का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

## यूपीएस कैम्प का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर ललितपुर रेलवे स्टेशन पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 81 कर्मचारी शामिल हुए। इसमें से करीब 03 कर्मचारियों ने आवेदन किया। कर्मचारियों को मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों द्वारा यूपीएस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी व यूपीएस में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कर्मचारियों की शंका का समाधान करते हुए यूपीएस के लाभ के बारे में बताया। कैम्प से प्रेरित होकर कुछ कर्मचारियों द्वारा विकल्प फॉर्म भरने की कार्रवाई की जा रही है।

## किसान का शव फंदे पर लटकता मिला

**ललितपुर।** जिले के ग्राम गेवरा गुंदेरा में बुधवार की सुबह एक किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रभु प्रजापति के रूप में हुई है। प्रभु मंगलवार की रात गांव के माता मंदिर गए थे। मंदिर से निकलने के बाद वह घर नहीं लौटे। बुधवार सुबह परिजन जब खेत पर पहुंचे, तो उन्हें प्रभु का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चैकी इंचार्ज मनीष शुक्ला मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, प्रभु खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

## ट्रक-बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत, दो घायल

ललितपुर। एनएच को नगर से जोड़ने वाली सड़क नवीन गल्लामण्डी से लेकर हाइवे तक खूनी सडक बन चुकी है, यहां पर ज्यादातर ट्रकों की चपेट में आने से लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन यातायात विभाग सहित संबंधित विभाग आंखों बंद कर लोगों की मौतों को होता देख रहे हैं। एक वर्ष के अंदर ही यहां पर करीब एक दर्जन हादसे हो चुके हैं, जिसमें आधा दर्जन के करीब लोगों ने अपनी जान गंवाई है। बुधवार को ललितपुर में झांसी मार्ग पर फिर से एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हवाई पट्टी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग ट्रक के पहियों के नीचे दब गए। घटना में 50 वर्षीय माया की मौत हो गई। उनके भतीजे मेहरवान और 15 वर्षीय नातिन राजन घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब की है। मेहरवान अपनी बुआ माया और भांजी राजन के साथ ललितपुर में इलाज कराने आए थे। इलाज के बाद तीनों वापस गांव लौट रहे थे।

ट्रक चालक हादसे के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। तीनों लोगों के ट्रक के पहियों में फंसे होने के कारण क्रेन मंगवाई गई। करीब 30 मिनट बाद क्रेन की मदद से ट्रक को उठाया गया और तीनों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक माया के दो पुत्र और एक पुत्री है। वह टूंडासर की रहने वाली थी जबकि मेहरवान गांव गढि ?ा का निवासी है।

# सोशल मीडिया का उपयोग करते समय रखें सावधानियां: एसपी

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु राजकीय बालिका इंटर कालेज ललितपुर में छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सभी लोग साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व सतर्क रहें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे फॉरवर्ड व शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रेण्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें, कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें, प्लेस्टोर से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें, सोशल मीडिया ऐप में फेसबुक, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप आदि पर सिक्योरिटी फीचर ऑन रखें, अपनी निजी व्यक्तिगत जानकारी या फोटो वीडियो शेयर न करें आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

- बैंक, एटीएम और सहकारी समिति केन्द्र जाकर किया निरीक्षण
- एसपी ने छात्राओं के बीच पहुंच कर किया जागरूक

इसके साथ ही साइबर क्राइम का फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत टोल फ्री नम्बर 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करवाये अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें। एसपी मो0 मुश्ताक ने शहर क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, बैंकिंग संस्थान आदि जगहों पर फुट पेट्रोलिंग कर छात्राओं को जागरूक किया गया तथा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चैकिंग के क्रम में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन का संचालन, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, सड़क पर स्टंटबाजी, वाहनों जिन पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द या अन्य किसी भी उपाधि आदि शब्द अंकित हैं, वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहनों के विंड स्क्रीन पर ब्लैक फिल्म जैसी यातायात नियमों की अवहेलना करने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनकताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।

साथ ही, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में सदर क्षेत्रान्तर्गत स्थित बैंक, एटीएम, जिला सहकारी समिति केन्द्र आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा के दृष्टिकोंण से सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षाकर्मी आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# विंध्यवासिनी मंदिर का डीएम, एसपी ने लिया जायजा

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को गिरवां थाना क्षेत्र के खत्री पहाड़ स्थित मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने विंध्यवासिनी मंदिर की पुलिस व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के अलावा यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में समीक्षा की और तैनात पुलिसअधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नवरात्र के चलते जिले के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है।

इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर एवं प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। मंदिर परिसर में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है। यहां जरूरतमंद महिला श्रद्धालुओं को सहायता दी जाएगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए रास्ते में बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी जे0 रीभा और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस बल की तैनाती देखने के बाद जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मी लगाए गये हैं और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है। मंदिर परिसर, पार्किंग और आस-पास के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गये हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, सीओ नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी व थाना प्रभारी गिरवां सुरेश सैनी मौजूद रहे।

## 27 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ले लें प्रवेश: डीआईओएस

ललितपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुये बताया है कि कक्षा 9 एवं 11 के संस्थागत अभ्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण एवं 10 तथा 12 के संस्थागत, व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड, प्रवेश की अंतिम तिथि 27 सितम्बर निर्धारित की गई है। उन्होंने जनपद के अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं जनसाधारण को पुनः सूचित करते हुये बताया कि निर्धारित अंतिम तिथि 27 सितम्बर तक अपने पाल्यों का कक्षा 9 से 12 तक विद्यालय में प्रवेश करा लें, इसके उपरांत प्रवेश हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। इसी के साथ डीआईओएस ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी निर्देशित किया है कि वह नवीन संशोधन तिथियों के अनुरूप अग्रिम पंजीकरण 9 एवं 11 के संस्थागत अभ्यर्थियों एवं परीक्षा वर्ष 2026 के कक्षा 10 एवं 12 के संस्थागत एवं व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड कराये जाने संबंधी कार्यवाही कर लें, यदि कोई अभ्यर्थी अभी भी प्रवेश से वंचित रह गया हो तो निर्धारित अंतिम तिथि 27 सितम्बर तक उसका प्रवेश अनिवार्य रूप से कर लें।

# डीएम ने ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम तथा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा प्रथम तल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बाद में झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने भूतल स्थित स्ट्रांग रूम, सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। उन्होंने नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर, नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम चेक किया, जहां सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से अनिल कुमार, बसपा से मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# सपा युवजन सभा ने अस्पताल में वसूली और गलत रिपोर्ट थमाये जाने के लगाये आरोप



**ललितपुर।** जिला अस्पताल भले ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में परिवर्तित हो गया है, लेकिन अव्यवस्थाएं आज भी हावी हैं। अव्यवस्थाओं को दूर कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को समाजवादी पार्टी के युवजन सभा ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में युवजन सभा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिला अस्पताल में मरीजों को वर्तमान समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि अस्पताल में स्थापित डेंटल विभाग की मशीनें खराब पड़ी हुयी हैं, जिससे दंत रोगियों का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं में आने वाली स्ट्रेक्चर भी मरीजों को सहजता से उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए भारी परेशानियां हो रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि अस्पताल में सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले गरीब मरीजों को अल्ट्रासाउण्ड कराने के लिए अवैध तरीके से सुविधा शुल्क देना पड़ रहा है, जो कि अत्यन्त निन्दनीय है। अवैध सुविधा शुल्क देकर अल्ट्रासाउण्ड करा रहे गरीब मरीजों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल में कर्मचारियों द्वारा आमजनता और मरीजों से दुर्व्यवहार किया जाता है, तो वहीं पैथोलॉजी में कई बार गलत रिपोर्ट मरीजों को थमा दिये जाने से उनका उपचार ठीक तरीके से नहीं हो पा रहा है और डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, जिससे मरीजों को बाहर निजी केन्द्र पर निर्भर होना पड़ रहा है। युवजन सभा ने जिलाधिकारी से तमाम अव्यवस्थाओं के चलते जिला अस्पताल की छवि धूमिल होने का आरोप लगाते हुये मरीजों के टूट रहे भरोसे को ठीक किये जाने की मांग उठायी है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग उठायी है कि इन सभी अव्यवस्थाओं को दूर किये जाने और प्रकरण की जांच करायी जाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

- जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन, उठायी कार्यवाही की मांग

## नकली नोटों के सोदागर शाहिद उर्फ पप्पी को 10 वर्ष कारावास व जुर्माने की सजा

**बिजनौर।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने नकली नोटो की तस्करी के मांमले में हिस्ट्रीशीटर कुख्यात बदमाश शाहिद उर्फ पप्पी को दस वर्ष कारावास व 40 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपर जिला एंव शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के जोरदार तर्क एंव ठोस सबूतों के आधार पर सजा का फैसला दिया है। अपर जिला एंव शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के अनुसार 21 अक्टूबर 2020 को नगीना थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अन्य मुकदमें में फरार चल रहे अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर कुख्यात बदमाश शाहिद उर्फ पप्पी पुत्र मौ0 ताहिर निवासी मोहल्ला कलालान थाना नगीना हाल निवासी मंगा बस्ती कोतवाली काशीपुर उत्तराखण्ड व लईक निवासी ग्राम शहबाजपुर थाना कोतवाली देहात को 02 लाख 58 हजार रुपए के नकली नोट व 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस दोनो अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 485/2020 धारा 420, 489बी, 489सी आईपीसी दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमें की विवेचना उपनिरीक्षक विनोद कुमार व प्रभावी पैरवी तेजतर्रार आरक्षी अनिल कुमार द्वारा की गई। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह प्रथम ने अपर जिला एंव शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के जोरदार तर्क एंव ठोस सबूतों के आधार पर अभियुक्त शाहिद उर्फ पप्पी को धारा 489बी का अपराध सिद्व होने पर दस वर्ष के सश्रम कारावास 25 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया जबकी धारा 489 सी का अपराध के लिए सात वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड अदा न करने पर. अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश भी दिया है।

## डीएम ने बैठक आयोजित कर विधानसभा क्षेत्रों के बारे में दिया प्रशिक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार बिजनौर में जनपद की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों से संबंधित विधिक प्रावधानों, बी0एल0ओ0 ऐप ईआरओ नेट/आई0टी0 की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह ने अवगत कराया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा-13ग के अन्तर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ के नियंत्रण के अध्ययधीन रहते हुए ईआरओ के सब या किन्ही कृत्यों का पालन करने के लिए सक्षम होगा। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की अन्य धाराओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया एवं प्रशिक्षण के उपरान्त समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की मूल्यांकन परीक्षा करायी गयी।

# तालबेहट में पोषण पंचायत कर स्वस्थ नारी-समृद्ध प्रदेश का दिया संदेश



**ललितपुर।** शक्ति पर्व शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के 5 वें चरण के अंतर्गत बुधवार को तहसील तालबेहट सभागार में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोग की सदस्या ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा सभी को पोषण शपथ दिलायी। इस अवसर पर बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग सहित महिला कल्याण सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की स्टॉल लगायी गई, जिनके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

- गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन करते हुये की हुई महिला जनसुनवाई

कार्यक्रम के दौरान आयोग की सदस्या अर्चना पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ्य नारी स्वस्थ समाज का निर्माण करती है, सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं संचालित की हैं, जिनका लाभ प्रत्येक गर्भवती महिला तक पहुंच रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं व बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे हमारी आधी आबादी-नारी एवं देश का भविष्य बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे तभी मजबूत व स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना साकार होगी। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य व मोटापे पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें चावल, चीनी, नमक, मैदा आदि का कम से कम उपयोग करने की सलाह देते हुए अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट में बालिकाओं के साथ नारी सशक्तिकरण पर गोष्ठी कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया।

इसके उपरान्त सदस्या ने जखौरा के ग्राम राजपुर पहुंचकर महिला जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याओं को जाना और सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, विधि सहपरीक्षा अधिकारी खुशबू जायसवाल, महिला थाना प्रभारी स्वाती शुक्ला, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ विशाल पाठक, बाल विकास परियोजना अधिकारी तालबेहट, सखी वन स्टॉप सेन्टर की ममता श्रीवास, सरिता रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया लोगों का इलाज

बांदा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लोगों को इलाज मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। स्वस्थ्य भारत के निर्माण और महिलाओं एवं परिवार के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बुधवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर लगाकर लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हे दवाएं दी गईं।

रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिकारी मीडिया डॉ अनूप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में डॉ अतुल कुमार मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग की डॉ महिमा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ फरहान, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ साजिद, शल्य चिकित्सा की डॉ श्रेया कुशवाहा व सामुदायिक चिकित्सा, कम्युनिटी मेडिसिन डॉ रवि कुमार ने महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रोगों की पहचान की और उन्हे उपचार एवं परामर्श सेवाएं दीं।

## लोगों में सुरक्षा भावना पैदा करने को पुलिस का मार्च



**बांदा।** नवरात्रि पर शहर में देवी पंडालों में दर्शन के लिए भारी भीड़ के चलते लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। बीती देर रात अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के अलावा प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ पुलिसलाइन से ओवरब्रिज, रेलवे स्टेशन, बलखंडीनाका, महेश्वरी देवी मंदिर, मुख्य बाजार, बाबूलाल चैराहा और मिश्रित आबादी वाले भीड़-भाड़ के क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को शहरी क्षेत्र में लोगों से संपर्क, नागरिक सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और महिला सुरक्षा के व्यवहारिक प्रशिक्षण का अवसर दिया गया। पैदल मार्च के दौरान मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से बात कर उनकी सुरक्षा उपायों, सतर्कता व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंपलेट वितरित किए गये। इसके बाद महिलाओं से फीडबैक भी लिया गया। मार्च में अधिकारियों के अलावा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बलराम सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात संजय मिश्रा व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह



**बांदा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बदौसा कस्बे में बुधवार को व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होने जीएसटी सरलीकरण के साथ ही व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया। उन्होने कहा कि व्यापारियों का किसी तरह का उत्पीड़न स्वीकार नही किया जाएगा। ऑनलाइन व्यापार का विरोध करते हुए उन्होने स्थानीय व्यापार को मजबूत करने पर बल दिया।

इस दौरान कस्बे के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर स्वदेशी अपनाने के स्टीकर लगाए गये। बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भैरव प्रसाद मिश्रा तथा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अभिषेक सोनी, बदौसा व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवीन जैन, उपाध्यक्ष पप्पू गुप्ता एवं महामंत्री हरिओम बाजपेयी मौजूद रहे। इस दौरान भगवान की प्रतिमा देकर पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार संजय द्विवेदी, अवधेश शिवहरे, राकेश श्रीवास्तव, आलोक गर्ग व राहुल तिवारी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित, सर्वसम्मति से 28 में से 22 प्रस्ताव हुए पास



**स्योहारा, बिजनौर।** नगर पालिका परिषद स्योहारा के सभागार में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चयरमैन फैसल वारसी एंव संचालन अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल द्वारा किया गया।

नगर पालिका परिषद स्योहारा के सभागार में बीते दिन आयोजित पालिका बोर्ड की बैठक में कुल 28 प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें से 22 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। प्रमुख प्रस्तावों मे धामपुर-मुरादाबाद रोड पर 5 बीघा भूमि पर रोडवेज बस स्टैण्ड निर्माण, अस्थायी मंडी का स्थानान्तरण, व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और पार्किंग स्थल निर्माण, फव्वारा चैक पर 100 फीट और ठाकुर मंदिर पर 51 फीट ऊँचा तिरंगा झण्डा लगाने, तालाबों व बाजारों का सौन्दर्यकरण, यात्री शेड, हॉट निर्माण और विभिन्न वार्डों में पौधारोपण व सौन्दर्यकरण कार्य शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल ने एक लीटर से कम पानी की बोतलों की बिक्री पर प्रतिबंध से संबंधित जानकारी दी और सभी सभासदों से अपने-अपने वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में सभासद आयशा परवीन, जयप्रकाश, सुभद्रा, मौ0 यासीन, युसूफ, नईम अहमद, नौमान, जहाँ आरा, पूनम, शाहीन, फरहा नाज, इरम, दिलशाद, खुर्शीद अहमद, इरम नाज, आदेश कुमार, श्वेत रस्तौगी, अकरम, नसरीन, नादरा कमर, सुलेमान, विनोद, सतेन्द्र सिंह सैनी सहित नगर पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वदेशी का संकल्प

जनतंत्र में सरकारें अपने कामकाज का प्रचार अधिक से अधिक जनता के बीच करती हैं, ताकि इसके जरिए वे कुछ सियासी लाभ उठा सकें। विपक्ष सरकारों के काम में कमियां निकाल कर जनता को सरकार के खिलाफ करने की कोशिश करता है ताकि उसे सियासी लाभ हो। विरोधाभासी स्वार्थ की यह प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र में चलती ही रहती है। ऐसे में अगर जीएसटी सुधारों के जरिए सरकार जनता को कुछ राहत देकर इसका सियासी लाभ उठाना चाहती है, तो इसमें गलत क्या है? जिस दिन जीएसटी परिषद ने दरें घटाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया था, उसके बाद ही देश को जानकारी मिल गई थी कि जीएसटी सुधार लागू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से भी राष्ट्र को संबोधित करते हुए दीपावली के 'दोहरे तोहफे' की बात कही थी। चूंकि शारदीय नवरात्र से 'सस्ते दिनों' का आगाज हुआ है, लिहाजा जीएसटी सुधार लागू करने को शक्ति की उपासना के पर्व-दिवस से जोड़ दिया गया। यह प्रधानमंत्री के 20 मिनट के राष्ट्रीय संबोधन का विषय नहीं था। यदि इस संबोधन से जन-समर्थन जुटाने की मंशा जुड़ी है, तो इस तरह की राजनीति के लिए प्रधानमंत्री को रोका नहीं जा सकता। जीएसटी पर राजनीति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी की है, जब उन्होंने बयान दिया कि 8 सालों में 55 लाख करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में वसूल लिए गये, बिल्ली अब हज करने चली है। बहरहाल राजनीति को छोड़ कर हम जीएसटी सुधारों की बात करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'बचत का उत्सव' भी करार दिया है। इन सुधारों को देश की आत्म निर्भरता और स्वदेशी संकल्प से भी जोड़ा है, लिहाजा ये अह्वान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय संबोधन के लिए जरूरी महसूस किए होंगे! प्रधानमंत्री मोदी ने देश को भरोसा दिलाया है कि जीएसटी सुधार लागू होते ही, नवरात्रि के सूर्योदय के साथ ही, 375 से अधिक वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। करीब 99 फीसदी वस्तुएं या तो 5 फीसदी जीएसटी के दायरे में होंगी अथवा बिल्कुल 'शून्य कर' वाली होंगी। मसलन कैंसर समेत 33 जीवनरक्षक दवाओं को बिल्कुल कर-मुक्त किया गया है। यकीनन इन सस्ते दिनों से गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिला, किसान, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी आदि को फायदा होगा। क्रिसिल रेटिंग के मुताबिक इससे लोगों की बचत होगी। मासिक खर्च कम हो जायेगा। बेशक आमजन की जेब में पैसा होगा, तो उसकी क्रय-शक्ति और मांग में बढ़ोतरी होगी। मांग के साथ बाजार भी फलेगा-फूलेगा। बाजार में बढ़ोतरी होगी, तो कंपनियां और छोटे, कुटीर उद्योग भी अपने उत्पादन को गति देंगे। उसे बढ़ाएंगे। उत्पादन बढ़ेंगे, ज्यादा कारोबार होगा, तो देश की अर्थव्यवस्था का भी विस्तार होगा। 2025-26 वित्त वर्ष के अंत तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। इन संभावनाओं के साथ ही जीएसटी सुधारों की अग्नि-परीक्षा जुड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी का आकलन है कि इन सुधारों के लागू होने से देश के नागरिकों को 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। लिहाजा यह बचत का उत्सव भी है। जीएसटी सुधारों के संदर्भ में सबसे अहम और बुनियादी सवाल यह है कि क्या खुदरा बाजार के स्तर पर आम ग्राहक को घटी दरों पर सामान मिलेगा? पुरानी एमआरपी वाली वस्तुएं भी क्या घटी दरों पर उपलब्ध होंगी? फिलहाल सरकार ने आश्वस्त किया है कि दुकानदार घटी दरों पर ही सामान बेचेंगे। जीएसटी रिटर्न फाइल करते समय दुकानदार इसे एडजस्ट कर सकते हैं। सवाल यह भी है कि क्या इन सुधारों को पूरी तरह लागू करने में केंद्र और राज्य सरकारों का परस्पर सहयोग संभव होगा, क्योंकि कई राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं? इस संदर्भ में यह जरूरी है कि राज्य और केंद्र साझा प्रयासों से घटी हुई दरों का पूरा लाभ जनता तक पहुंचायें।



**राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर घटी हुई दरों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की कोशिश करें।**

### विचार

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
-गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।
-वाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।
-प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।
-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।
-तिरुवल्लुअर.

# समरस समाज चाहते थे दीन दयाल उपाध्याय



अरुण कुमार दीक्षित



**जन्म दिवस पर विशेष**

> मार्क्सवाद, साम्यवाद, जिस आधुनिकता की प्रगति के विकास की चेतना देता है, वह है राज्य का अहंकार। पहले वाले में व्यक्ति का सारा बल वर्चस्व में निहित है। दूसरे में सारा वर्चस्व राज्य व्यवस्था का है। दोनों हालात में समाज को कोई महत्व नहीं है। पश्चिम की यह दोनों जीवन दृष्टियां हमारी संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा के प्रतिकूल हैं।

एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय राजनीति के आदर्श पुरुष थे। वे भारतीय समाज को एकरस देखना चाहते थे। कृषि नीति, अर्थ नीति, विदेश नीति को भारत के अनुकूल बनाना चाहते थे। उनका दर्शन एकात्म मानववादी था। उनकी राजनीति की अभीप्सा आम जन को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने वाली थी। राजनीति समाज को जोड़ती नहीं है, बल्कि समाज को तोड़कर अपना लाभ लेती है। मगर पं.दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते थे। वे जाति आधारित भारतीय सामाजिक व्यवस्था से हमेशा असहमत रहे। वे राजनीति में जातियों का प्रयोग हथियार के रूप में करना ठीक नहीं मानते थे। भारतीय जनसंघ 1951 में बना। उस कालखंड में जनसंघ का कोई वोट बैंक नहीं था। जातीय आधार भी नहीं था। सामाजिक आधार भी नहीं। जनसंघ लगातार वैचारिक कार्यकर्ताओं का निर्माण कर रहा था। कांग्रेस की आभा 1967 आते-आते कमजोर हो गई। पं.दीनदयाल उपाध्याय के जनसंघ का अध्यक्ष बनने के डेढ़ माह बाद ही उनकी हत्या हो गई। यह घटना राष्ट्र के लिए और सैकड़ों राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को स्तब्ध करने वाली थी। उनके निधन के बाद भी उनके विचार के समर्थक कार्यकर्ता बढ़ते गए। उनका विचार दर्शन अमर हो गया। दीनदयाल भारत के वैभव का मार्ग हैं।

25 सितंबर 1916 को पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म ब्रजभूमि मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में पिता भगवती प्रसाद और माता श्रीमती राम प्यारी के घर हुआ। दीनदयाल भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के स्तम्भ थे। उनका ध्येय राष्ट्र संवर्धन था। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र कार्य में लगा दिया। दीनदयाल भारत के वैचारिक दैदीप्यमान नक्षत्र हैं। राजनीति के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। राजनीति राष्ट्र हित का सुकर्म है। लोक कल्याण राजनीति है। लोक कल्याण के साथ राष्ट्र निर्माण होता है। उधार के शब्दों और बातों से अच्छे व्यक्ति, समाज राष्ट्र का निर्माण नहीं होता। इसके लिए व्यक्ति का अंतस आदर्शों, मूल्यों से लबालब हो। व्यक्ति में राष्ट्र समाज के आदर्श दिखाई पढ़ने चाहिए। प्रामाणिक कार्यकर्ता नेता बनने के लिए कथनी करनी एक होनी चाहिए। तब ही दीनदयाल जैसे राष्ट्र पुरुष बनते हैं। गांधी, लोहिया, अंबेडकर बनते हैं। राजनीति प्रतिपल प्रभावित करती है। राजनीति बड़े आकर्षण का केंद्र है। दीनदयाल ने राष्ट्र और देश को भी अलग बताया था। जिस प्रकार राष्ट्र की राज्य से भिन्न सत्ता है, उसी प्रकार राष्ट्र और देश भी एक नहीं है। भूमि और जन मिलकर देश बनता है। एक निश्चित भूखंड और उसमें निवास करने वाले मानव समूह को मिलाकर देश कहा जाता है। अर्थात देश दृश्यमान सत्ता है। जब राष्ट्र की बात आती है, तब इसी देश का उल्लेख करना पड़ता है। तब राष्ट्र और देश एक लगते हैं। राष्ट्र राज्य का प्रतिनिधि बनकर दिखता है। उसी प्रकार देश भी राष्ट्र की अभिव्यक्ति का आधार होता है। 1963 में उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा से जनसंघ उम्मीदवार चुनाव जीते थे। बाद में सांसद का निधन हो गया था। उपचुनाव में जनसंघ ने दीनदयाल उपाध्याय को अपना उम्मीदवार बनाया। जनसंघ के ही समर्थकों ने चुनाव में कहा आपको ब्राह्मण होने का प्रचार चुनाव जीतने में मजबूती प्रदान करेगा। आपके वहां जाने से आपके वर्ग के लोग वोट देंगे। चुनाव जीत जाएंगे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ने साफ शब्दों में कहा कि वह हमें ब्राह्मण मानकर वोट देना चाहते हैं तो हमें वहां जाना स्वीकार नहीं है। हम ब्राह्मणों के नहीं, जनसंघ के उम्मीदवार हैं। हम जिन आदर्शों व मूल्यों को भारतीय समाज और राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं, उससे प्रेरित होकर हमें वोट देना चाहते हैं तो ठीक नहीं तो चुनाव हारना स्वीकार। चुनाव हुआ, दीनदयाल जी चुनाव हार गए। हार सहज स्वीकार की। जनसंघ के बाद 1980 में भाजपा बनी। आज राजनीति जाति आधारित हो रही है। जाति राजनीति का पहला चरण है। वादाखिलाफी राजनीति का दूसरा कर्तव्य बन गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जाति विहीन समाज के पक्षधर थे। वह उपेक्षितों, पीड़ितों वंचितों को समाज की मुख्य धारा में लाने का काम आजीवन करते रहे। उनके बताए एकात्म मानववादी दर्शन के मार्ग पर लाखों कार्यकर्ता चल रहे हैं। वे वर्तमान राजनीतिज्ञों की तरह केवल चुनाव जीतने के जुगाड़ वाले नेता नहीं थे।

पं. दीनदयाल भारत को वैभवशाली बनाना चाहते थे। वह प्रतिपल भारत के उत्कर्ष का चिंतन करने वाले थे। उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति संपूर्ण जीवन दर्शन पर विचार करती है। हमारी संस्कृति एक है। हम सब भारत के लोग हैं। स्वाधीनता के बाद भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया था। साम्यवाद और समाजवाद का गठजोड़ पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के परिणाम सबने देखे हैं। ऊँच-नीच की खाईं बढ़ी है। अमीरी-गरीबी के फासले भी बढ़े हैं। वैश्वीकरण के नाम पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने घर-आंगन तक जकड़ लिया है। परंपरागत काम-धंधे छूट गए हैं। परिणामस्वरूप नौकरियों की मांग बढ़ी है। साथ ही, बेरोजगारी भी बढ़ी है। प्रत्येक गांव का व्यक्ति अपने परिवार की परंपरा के व्यापार शिल्प, कला, उत्पादन का कार्य कुशलता से कर लेता था। गांव में कुटीर उद्योग बंद हुए। गांव से वस्तुओं का उत्पादन लगातार घटा है। कंपनियों के कारोबार बढ़े हैं। कंपनियां मुनाफे में हैं। गांव घाटे में हैं। कंपनियां कम रुपए देकर युवाओं, श्रमिकों पर दबाव के साथ काम कराती हैं। महंगाई बढ़ी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय कहते थे कि आर्थिक योजनाओं और आर्थिक प्रगति की माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे स्तर पर खड़े व्यक्ति से होनी चाहिए। वे कहते थे कि सरकारें बड़े आदमी के पक्ष में हैं। धन का अभाव और प्रभाव दोनों ही स्थितियां खतरनाक होती हैं। वह सीधे मीडिया को भी कंपनियों का पैरोकार कहते थे। उनका मानना था कि जब तक गांव में रहने वाले शिक्षित उच्च शिक्षित नहीं होते हैं, तब तक भारत के विकास में कठिनाई रहेगी। वे स्वामी विवेकानंद की तरह वंचितों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों की व्यवस्था की बात कर रहे थे। उनका मानना था कि यह मानवीय आवश्यकताएं हम पूरी कर लें तो भारत की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्होंने कहा है कि गांव में समय अचल हो खड़ा है। गांव वासी अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में असमर्थ हैं। हमारी श्रद्धा के केंद्र गांव होने चाहिए। हम ऐसा कर पाएंगे, तभी राष्ट्र के चैतन्य को जागृत कर पाएंगे। मेरे शब्दों में जनसंख्या की आर्थिक नीति की व्याख्या आप चाहते हैं तो वह यथार्थवादी है। वह कहते हैं भारत की चिति या भारत का स्व जिस स्थान पर खड़ा है, वह मैं नहीं, हम का है। इसका केंद्र बिंदु मैं या (इंडिविजुअल) नहीं हम या व्यक्ति है। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र, राष्ट्र से विश्व, विश्व से ब्रह्मांड, ब्रह्मांड से परमेष्टि। यह है भारतीय चिति। हमारा स्व। भारतीय अनुभूति। यह भारत की अपनी रचना है। उन्होंने कहा था कि पूंजीवाद जिस आधुनिकता को जन्म देता है वहअहंकार हैं। मार्क्सवाद, साम्यवाद, जिस आधुनिकता का प्रगति के विकास की चेतना देता है, वह है राज्य का अहंकार। पहले वाले में व्यक्ति का सारा बल वर्चस्व में निहित है। दूसरे में सारा वर्चस्व राज्य व्यवस्था का है। दोनों हालात में समाज को कोई महत्व नहीं है। पश्चिम की यह दोनों जीवन दृष्टियां हमारी संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा के प्रतिकूल हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार राष्ट्र समाज के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

### सोशल मीडिया



मेदांता हॉस्पिटल में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जी से आज भेंट कर कुशल क्षेम जाना, प्रभु राम से उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना है। सीएम योगी.



यह बिहार के लोगों की ताकत है कि कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी जो बिहार में दशकों से अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही है, उसको बड़े नेताओं को बुलाना पड़ रहा है। - प्रशान्त किशोर.



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नयी दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत व्यापारियों, दुकानदारों से जीएसटी सुधारों पर चर्चा की और उन्हें शुभ कामनाएं दी। जेपी नड्डा.

# मनुष्य के गुण और कर्म

**अंतर्दृष्टि**

विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# एक गधे की वापसी!

**व्यंग्यलोक**

गधा चला गया था, मैंने राहत की सांस ली। चलो मूर्ख गया। लेकिन गधा वापस आ गया। मैंने अपने समानधर्माओं को बताया भी कि गया हुआ गधा फिर वापस आ गया है, तो वे बहुत खुश हुए कि अब उन्हें चांस आसानी से मिल जायेगा। वे नहीं चाहते कि कोई समझदार आकर उनके अधकचरेपन को नकारे। इसलिए उन्होंने खुशियों के दीप जलाये। समानधर्मा भरोसी लाल उलटा मुझे चिढ़ाने आये कि अच्छा हुआ वह आ गया। लो, वह तो लौट आया है। मैंने उनसे कहा- भाई इसका वापस लौटना शुभ नहीं है। भरोसी लाल बोले-फिर हम क्या करेंगे? हमें तो ऐसा ही चाहिए। भाई साहित्य में गधों की आवश्यकता किसी काल में रहने का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता। ऐसा करो इसे सिर पर बिठालो।

मैंने कहा तो भरोसी लाल बोले- हमारा गधा, हम कुछ भी करें। अब साहित्य की दुनिया में हम होंगे और हमारा गधा। पता है गधे की महत्ता। बोझ ढोता है और अत्यंत निरीह होता है। इसलिए हम उसके खिलाफ कुछ नहीं सुनेंगे। मुझे लगा मेरे चारों ओर गधे इकट्ठे हो गये हैं और वे सब एक साथ रेंक रहे हैं। भरोसी लाल बोले - उन्हीं के बल पर आज मैं सम्पादक बना हूँ। श्याम सुन्दर जी को सेमिनार को ठेका दिया गया है, वरना पहले वाला तो घाघ था। हमें घास ही नहीं डालता था। यार भरोसी लाल, तुम्हारी घास के लिए संस्था का नाशा क्यों करा रहे हो। मुझसे किसी तरह के सहयोग की आपेक्षा मत करना। कल गधे ने दुलत्ती मार दी तो रूआंसे होकर मेरे पास रोना मत।



पूरन सरमा

मैंने कहा तो वे बोले - अरे आप से सहयोग करने को कहा किसने है? अब तो हमारी अपनी पूरी जमात है। आप जैसा सुजान चाहिए भी नहीं। उसे अपना वक्त निकालना है और हमें अपने उल्लू सीधे करने है। इसलिए गधे की वापसी का हम स्वागत करते हैं। हमारे मधुबन में वह लीद भी करेगा तो हम उसे फेकेंगे नहीं। जाओ अपनी बंसी अकेले बजाओ। हमारे साथ 'एक ढूंढों हजार मिलते हैं, वाली भीड़ है। मैं उदास हूँ गधे की वापसी से, लेकिन कर कुछ भी नहीं सकता। ऊपर से थोपा हुआ है। गधे के समर्थक तालियां इतनी जोरों से बजा रहे हैं कि कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा। गधों की इस भीड़ में मैं अकेला हूं। लेकिन कुछ कर भी नहीं सकता हूं, ऊपर का थोपा हुआ गधा है, न चाहते हुए भी उसके वापस लौटने को ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकारना होगा। क्योंकि चमत्कार को नमस्कार की हमारी परंपरा जो है।

# आस्था व वैज्ञानिक दृष्टि का संगम नवरात्र उत्सव



**धर्म/संस्कृति**

भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं केवल आस्था पर आधारित नहीं हैं। इनमें गहरी वैज्ञानिक दृष्टि भी छुपी होती है। अब शारदीय नवरात्रि को ही लें, धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों में सजा यह विशेष वास्तव में मन और तन तथा पर्यावरण के वैज्ञानिक संतुलन से जुड़ा पर्व भी है। साल में दो बार नवरात्रि आती हैं। चैत्र और शारदीय। ये दोनो ही समय ऋतु परिवर्तन के समय होते हैं। चैत्र नवरात्रि हमें वसंत से ग्रीष्म की ओर ले जाती है, जबकि शारदीय नवरात्रि वर्षा से शरद ऋतु की ओर। जैसा कि हम आयुर्वेद के आलोक में जानते हैं कि ऋतु परिवर्तन पर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे समय पर उपवास और सात्विक जीवनशैली हमें नये ऋतु के अनुकूल ढालने में मदद करती है।

नवरात्रि में उपवास रखने की परंपरा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि समय समय पर किये जाने वाले उपवास शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं और हमारी पाचन प्रणाली को स्वस्थ बनाते हैं। उपवास से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और मेटाबॉलिज्म संतुलित होता है। ऐसे मौके पर किया गया फलाहार और दूध जैसे हल्के आहार शरीर को आवश्यक पोषण देते हैं। अनाज और भारी भोजन का त्याग इस दौरान पाचनतंत्र को राहत देता है। उपवास से रक्त संचार और शुगर नियंत्रित रहता है और जिसे हम डिटॉक्सीफिकेशन कहते हैं, वह डिटॉक्स सदियों से भारतीय समाज नवरात्रि में किये गये उपवासों के जरिये करता रहा है। नवरात्रि के समय ध्यान, जप और भजन, कीर्तन जैसी हमारी गतिविधियां हमें मानसिक और न्यूरोलॉजिकल संतुलन भी देते हैं। दरअसल वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि ध्यान लगाने से मस्तिष्क की तरंगें, अल्फा और बीटा स्तर तक आती हैं, जो मानसिक शक्ति और एकाग्रता प्रदान करती हैं। इससे तनाव, चिंता और अवसाद की समस्याएं कम होती हैं। इस समयावधि पर भक्ति संगीत और समूह भजन सामूहिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं, जिससे हमारे मनोबल और आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है। नवरात्रि में रात्रि का विशेष महत्व होता है। आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि रात का समय शरीर और मस्तिष्क के पुनरुत्थान के लिए सर्वश्रेष्ठ होता है। जब साधक रात्रि के समय ध्यान, जप और मौन साधना करता है, तो यह नींद की गुणवत्ता को सुधारता है और शरीर की जैविक घड़ी को भी संतुलित करता है। क्योंकि शारदीय नवरात्रि वर्षा के बाद आती हैं। इसलिए इस समय वातावरण में आर्द्रता और संक्रमण का खतरा बना रहता है।

जब हम नवरात्रि के अवसर पर सात्विक भोजन और उपवास के मिश्रण से इस स्थिति का सामना करते हैं, तो हमारे शरीर की पाचन क्षमता मजबूत होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ऐसे समय पर किये गये अदरक, तुलसी, फल और दूध का सेवन हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। क्योंकि नवरात्रि के समय हम पंडाल सजाते हैं, दीप प्रज्वलित करते हैं और पूजा में उपर्युक्त धूपबत्ती, वातावरण को सुगंधित और शुद्ध करती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इन तमाम चीजों में एंटीबैक्टीरियल गुण पाये जाते हैं, जो हवा में मौजूद जीवाणुओं को नष्ट करते हैं। इस प्रकार धार्मिक अनुष्ठान वातावरण की स्वच्छता और हमारे स्वास्थ्य रक्षा में सहायक होते हैं। नवरात्रि का एक वैज्ञानिक पक्ष यह भी है कि यह समाज को भी मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। इसके लिए सामूहिक रूप से की गई पूजा, गरबा और डांडिया जैसे लोकनृत्य, रामलीलाओं का सामूहिक दर्शन और दुर्गा पंडाल जैसे आयोजनों में मिल जुलकर भागीदारी करना ये सारी की सारी गतिविधियां हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं। आधुनिक मनोविज्ञान मानता है कि समूह में भागीदारी से व्यक्ति का तनाव कम होता है और उसके अंदर का हार्मोनल बैलेंस बेहतर होता है। शारदीय नवरात्रि के समय लोग नये वस्त्र पहनते हैं। घर में साफ सफाई करके उसे सजाते हैं तथा काफी दिनों से जो लोग आपस में नहीं मिले होते, वह भी इस समय मिलते जुलते हैं। इन सबसे मानसिक ताजगी और सकारात्मक सोच प्रोत्साहित होता है। नवरात्रि में देवी मां के नौ रूपों की पूजा वास्तव में हमारे जीवन की नौ अवस्थाओं का प्रतीक है। यदि हम इसे वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो यह साधना मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित करती है। यह होलेस्टिक वेलनेस का भारतीय संस्करण है, जिसे आज का आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करता है। **अपराजिता.**

## आप की बात

### रोड इंजीनियरिंग सुधारें

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओ में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### कौशल विकास से बढ़ेगी उद्यमिता

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

# जीएसटी 2.0 से व्यापारियों व ग्राहकों को मिलेगा लाभः सूर्य प्रताप शाही

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म ह्यजीएसटी 2.0ह्न देश के 142 करोड़ नागरिकों के लिए सहूलियत भरा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में ह्यवन नेशन-वन टैक्सह्न की परिकल्पना की थी, जिसके तहत 2017 में जीएसटी लागू किया गया। वैट, एक्साइज, कस्टम ड्यूटी, सर्विस टैक्स जैसे अनेक करों को समाहित कर एक कर प्रणाली बनाई गई, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और भारत वैश्विक स्तर पर 11वें से चौथे स्थान पर पहुंच गया। मंत्री ने बताया कि जीएसटी लागू होने पर पांच स्लैब थे, वर्तमान में इसके चार स्लैब थे, जिन्हें अब सरल बनाकर केवल दो प्रमुख दरों 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में समाहित किया गया है। 28 और 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। दूध, दाल, चावल, मसाले, पनीर जैसी 135 आवश्यक वस्तुएं अब शून्य या 5 प्रतिशत की दर पर उपलब्ध होंगी। किसानों को राहत देते हुए ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों पर कर 12-18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, 2500 रुपये तक के रेडीमेड कपड़ों पर कर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। होटल-रेस्टोरेंट, कार व मोटरसाइकिल, फुटवेयर पर टैक्स कम किया गया है, जबकि जीवन रक्षक दवाओं को शून्य कर श्रेणी में लाया गया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता बढ़ेगी और छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सरकार ने आयकर में भी बड़े बदलाव करते हुए टैक्स फ्री सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दी है। मंत्री ने कहा कि डीबीटी प्रणाली से बिचैलिए खत्म हुए और योजनाओं का लाभ सीधे खाते में पहुंचा। वन नेशन-वन टैक्स से देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। अयोध्या में एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और आधुनिक रेलवे स्टेशन इसका उदाहरण हैं। मोदी सरकार में पात्र लाभार्थियों को शौचालय, मुफ्त बिजली कनेक्शन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ भी मिला है। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभान पासवान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, शैलेंद्र कोरी दिवाकर सिंह, बबलू मिश्रा, अंशुमान मित्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मानवता की पहली धरती अयोध्याः स्वामी रामदिनेशाचार्य




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में सेवा पखवाड़ा के तहत कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश की प्रेरणा से संत सम्मेलन का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य रहे।

- अवध विश्वविद्यालय में संत सम्मेलन का हुआ आयोजन
- सृष्टि की प्रथम भूमि अयोध्याः डॉ. बिजेंद्र सिंह

अपने उद् बोधन में जगदगुरु ने कहा कि मानवता की पहली धरती अयोध्या है। अयोध्या का नाम लेने मात्र से संपूर्ण विश्व की मानवता का ज्ञान हो जाता है। अयोध्या मानव से देवत्व प्राप्त करने की धरती है। गुरु को ब्रह्मा विष्णु महेश की तीनों कहा गया है क्योंकि ब्रह्मा के रूप में गुरु छात्र का सृजन करता है। विष्णु के रूप में पालन करता है, और महेश के रूप में बुराइयों का संहार करता है। 33 कोटि देवताओं में राम सर्वोपरि क्यों हैं। मानवता में परमात्मा का बोध कराने के लिए राम अवतरित हुए जिसने सत्ता, सिंहासन का परित्याग कर दिया वह राम है। जगदगुरु ने कहा कि इस सृष्टि में गुरु शिष्य को अपने पैर पर खड़ा करने का कार्य करता है। जीवन की प्रथम सीख गुरु ही देता है। छात्रों को सजग करते हुए स्वामी जी ने कहा कि अर्थ के अभाव में व्यक्ति शिक्षा छोड़ देता है, लेकिन नशा नहीं छोड़ता जिसने चलना एवं तपना सीखा वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम राम बना। जिसने सुख सुविधा का परित्याग कर संघर्ष नहीं किया वह सफल नहीं हो सकता। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि सृष्टि की प्रथम भूमि अयोध्या है। जीवन जीने की परिकल्पना राम है। विश्व के प्रणेता राम हैं। श्रीराम ने समूची मानवता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। जीवन में आदर्श के युग शिखर राम है। कुलपति ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए समय प्रबंधन आवश्यक है क्योंकि स्वयं को अपडेट करने का समय मिल जाता है और जीवनचर्या लंबी हो जाती है। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आशुतोष दास, प्रो. सी के मिश्र, प्रो. जी आर मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, डॉ. राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अभियान के दौरान अवैध होर्डिंग्स, गुमटियों को जेसीबी से गया हटवाया



**बाराबंकी।** शहर में फैले अवैध होर्डिंगों, प्रतिबंधित पालीथीन व अतिक्रमण के मकड़जाल के खिलाफ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान मे नगरपालिका परिषद अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व मे कर निर्धारण अधिकारी कमलेश चैबे, कर अधीक्षक संजय भारती, राजस्व निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक पूजा गुप्ता, सूजा खान, राजा शर्मा की टीम ने लखपेड़ाबाग चैराहे से नाका सतरिख चैराहे तक दोनो मार्गो पर अवैध होर्डिंगो व गुमटियो को जेसीबी की मदद से हटवाया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वाले होटल दुकानदारो को सख्त हिदायत भी दी।

# छात्रों को अनुशासन अवगत कराती राष्ट्रीय सेवा योजनाः अरुण कुमार वर्मा




**जैदपुर,बाराबंकी।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह छात्रों को अनुशासन लक्ष्य निर्धारण एवं समाज में समाज सेवा के क्रियाकलापों को अवगत कराती है। उक्त उद्गार सहयोगी आरबीपीजी कॉलेज खुशहालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर महाविद्यालय प्रबंधक इंजीनियर अरुण कुमार वर्मा ने कार्यक्रम मे व्यक्त किये। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये महाविद्यालय प्रबन्धक श्री वर्मा ने कहा कि आज के मुख्य विषय विकसित भारत 2047 में डिजिटल क्षेत्र की भागीदारी पर उसके लाभों की चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान से समाज सेवा का पाठ पढ़ाती है। कार्यक्रम का संचालन हनुमान ज्ञानी ने किया। इस अवसर जितेंद्र वर्मा, प्रतिभा वर्मा, अवध राम, प्रियंका शुक्ला, मधु विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज के नेमा का पुरवा में बुधवार की सुबह अज्ञात चोरों ने एक घर में ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी चुरा ली। पीड़ित नवशाद, पुत्र शहजाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना बुधवार तड़के करीब 3 बजे के बाद हुई। चोरों ने उनके घर के पीछे से दीवार फांदकर कमरे का ताला तोड़ा और बक्से से कीमती सामान चुरा लिया। चोरों ने उनके घर से चोटी का फूल, बिछिया, पाजेब, नथुनी चुराए। इसके अलावा, उनके भाई अंसार के घर से सोने की लॉकेट, झुमकी, दो अंगूठियां, सोने की चेन और कान के फूल व 25 हजार नगद भी चोरी कर लिए गए। कुल मिलाकर, चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। लोगों के अनुसार, नवशाद का मकान गांव के किनारे स्थित है, जो चोरों के लिए आसान निशाना बन गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने घर के पीछे की दीवार फांदकर कमरे में प्रवेश किया और ताला तोड़कर बक्से से सामान चुरा लिया। इसके बाद चोर अंसार के घर में भी घुस गए, लेकिन वहां कुछ आवाज होने पर घरवाले जाग गए। हल्ला-गुहार सुनकर चोर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों ने घर के पीछे स्थित बाग का फायदा उठाया और अंधेरे में गायब हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार ताला तोड़ते हुए घर की महिला ने देखा लेकिन डर बस में कुछ बोल नहीं पाई। थानाध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने नवशाद की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश कर रही है और जल्द ही चोरों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

# रॉफेल की गड़गड़ाहट के बीच हो रहा मां दुर्गा का सजीव प्रकटीकरण

**बहराइच।** जिले में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की सम्पूर्ण विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजा-अर्चना की गई। महिषासुर के बढ़ते आतंक को समाप्त करने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश के क्रोध से मां दुर्गा ने चंद्रघंटा का रूप धारण किया था।देवताओं ने मां

- ऑपरेशन सिन्दूर की थीम पर बना पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र

को अपने अस्त्र-शस्त्र और इंद्र ने अपना घंटा प्रदान किया। इसके बाद मां ने महिषासुर का वध कर देवताओं की रक्षा की। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ ही जनपद के विभिन्न स्थानों पर सजे पूजा पंडालों में स्थापित मां की प्रतिमाओं के दर्शन कर शक्ति, शांति और सौभाग्य के लिए प्रार्थना की। इस वर्ष पूरे जिले में करीब 1600 स्थानों पर पूजा पंडाल लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को विभिन्न स्वरूपों में स्थापित कर सजावट किया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भोर से ही जयकारों का गुंजायमान होने लगा और दर्शन पूजन हेतु भक्तों की भीड़ लगी रही। मरीमाता मंदिर,संघारिणी मंदिर, मां जगदम्बा मन्दिर,देवी गुल्लाबीर मंदिर,माँ मह्मदा समय माता, बेरिया माता मन्दिर एवं अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने पूजा की थाली सजाकर मां चंद्रघंटा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शहर के लोहिया चौराहा स्थित श्री नव दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में ऑपरेशन सिन्दूर की थीम पर पूजा पंडाल सजाया है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में रॉफेल विमान एवं एस 400 डिफेन्स सिस्टम के साथ जमीन फाड़ कर घण्टा घड़ियाल की ध्वनि के मध्य सिंह गर्जना एवं रॉफेल विमान की गड़गड़ाहट के संग माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का सजीव प्रकटीकरण




श्रद्धालुओं का मन मोह रहा है। आयोजकों ने यहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें भी लगाई हैं। समिति अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने बताया कि इस शारदीय नवरात्रि में समिति ने सेना के शौर्य और पराक्रम को देशवासियों तक पहुँचाने के लिए इस प्रकार की झांकी का निर्माण कराने का मन बनाया। वहीं पंडित रवि पाठक के अनुसार मां चंद्रघंटा का स्वरूप शांति, साहस और कल्याण का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि मां चंद्रघंटा की उपासना से शक्ति, शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। बताया कि माँ चन्द्रघण्टा को अक्षत, लाल चंदन, लाल फूल, चुनरी और गुड़हल अर्पित किया जाता है तथा भोग के रूप में दूध से बनी मिठाई, विशेष रूप से केसर की खीर या रसमलाई का भोग लगाना शुभ माना जाता है। पंडित पाठक ने बताया किमां चंद्रघंटा की कृपा के लिए मंदिर में पीतल की घंटी दान करना एक विशेष उपाय है।क्षमतानुसार अनाज (गेहूं या चावल) और धन का दान भी किया जा सकता है।

# सपा जिलाध्यक्ष ने की मतदाता जोड़ो अभियान की समीक्षा बैठक

**बाराबंकी।** जनपद में स्नातक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जोड़ो अभियान की समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की। समीक्षा बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खंड स्नातक क्षेत्र में सर्वाधिक मतदाता फॉर्म भरवाने मे जनपद का नाम सबसे ऊपर रखना होगा। तभी शीर्ष नेतृत्व की मनसा पर हम खरे उतरेंगे। इसलिए कोई भी ऐसा व्यक्ति छूटने न पाए जिसने स्नातक किया हो और वह मतदाता बनने योग्य हो। कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से गांव-गांव घर-घर जाकर स्नातक मतदाता बनने वाले फॉर्म को पहुंचाये। बैठक मे विधानसभा प्रभारी तय करते हुए उनके सहप्रभारियों के नामो की घोषणा की।

# छापेमारी के बाद बीतने को हैं10 दिन, विभाग के हारे पत्राचार के सहारे

## औषधि विभाग की कार्यवाही व छापेमारी क्या सिर्फ कागजी खानापूर्ति

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की

**बाराबंकी।** विशाल के विशालकाय रसूख के आगे औषधि विभाग की कार्यवाही बौनी साबित हो रही है। लगभग 10 दिन होने को है कार्यवाही सफेद हाथी के बराबर दिखाई दे रही है? कहने को तो प्रदेश सरकार अपराधिक प्रवृत्ति और गलत

- प्रतिबंधित दवा बेचने वाले कारोबारियो के खिलाफ आखिर कब होगी कारईवाई

कार्यो को अंजाम देने वाले माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही हैं और उन्ही गलत कार्यो से बनाई गई बेनामी करोड़ो रुपये की सम्पत्तियो को जब्त करने का काम भी कर रही है। लेकिन यंहा प्रतिबंधित दवाओ से करोड़ो रुपये का धन अर्जन करने वाले ड्रग माफियाओ के खिलाफ न तो कार्यवाही अब तक की गई? और न ही उनके रसूख की जांच की गई है? कम समय मे धन अर्जन कर अपने रसूख को बड़ा करने वाले नकली दवा बेचने वाले व्यापारियो के खिलाफ आखिर कार्यवाही कब होगी? मामला चर्चित होलसेल दवा मार्केट लखन मार्केट से जुड़ा है। जंहा की हर गली मे अवैध कारोबार का गोरखधंधा पनप रहा है। हौसले ऐसे बुंलद है कि रातोरात विभाग के ऊपर भी दवाब बनाने की हैसियत रखने वाले नकली दवा व्यापारियो का एक संगठित गिरोह है।

गिरोह के सरगना बीती 27 अगस्त से जिला कारागार लखनऊ मे बंद है। लेकिन जलवा बरकरार है। 16 सितम्बर को लखन मार्केट मे औषधि विभाग की छापेमारी कार्यवाही क्या सिर्फ कागजी खानापूर्ति थी? औषधि निरीक्षक बाराबंकी व औषधि निरीक्षक अयोध्या की संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी करवाये जाने के पीछे आखिर क्या कारण था? जब सफेद हाथी के दांत के बराबर कागजी खानापूर्ति दिखाकर वाहवाही लूटने का आखिर मकसद क्या था? तमाम ऐसे सवाल है जो अब आम जनता के बीच मे चर्चा का विषय बने हुये है। आपको बता दे कि बीती 16 सितम्बर को डीआई बाराबंकी और डीआई अयोध्या द्वारा चर्चित होलसेल दवा की लखन मार्केट मे संयुक्त छापेमारी चंद दुकानो पर की गई थी।

जहां पर विशाल इंटरप्राइजेज समेत अन्य 4 दुकानो पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति हेतु छापा मारा गया था। जंहा से आगराकाण्ड से सम्बधित एक औषधि एलेग्रा 120 एमजी बैंच नम्बर 5एनजी009 एंव बैंच नम्बर 5एनजी00 दवा को भारी मात्रा मे बरामद किया गया था। और कुछ दवाओ को सैपलिंग के लिये भेज दिया




गया था। और विशाल इंटरप्राइजेज को कारण बताओ नोटिस खानापूर्ति हेतु जारी की गई। साथ ही औषधि निरीक्षक लखनऊ को सूचना देते हुये लखनऊ से माल खरीदे जाने और कार्यवाही किये जाने हेतु मात्र पत्र लिखा गया। संयुक्त टीम ने मुकदमा दर्ज करने और लाइसेन्स निरस्त करने की कार्यवाही की हिम्मत भी नही जुटाई।

जिसके बाद यह कहने मे बिल्कुल भी गुरेज नही है कि नकली दवाओ के गोरखधंधे से आज जितनी भी बीमारिया समाज मे फैल रही है उसका कारण दोषी दुकानदार तो है साथ मे संरक्षणदाता विभाग भी है। अग्रिम कार्यवाही हेतु जब औषधि निरीक्षक रजिया बानो को फोन मिलाया गया तो उनका कहना था कि उनके द्वारा लखनऊ औषधि निरीक्षक को पत्र लिखा गया है। अग्रिम सूचना मिलने पर आगे की कार्यवाही निश्चित रुप से की जायेगी।

# आकार लेने लगा फ्लाई ओवर का पिलर

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र में जुबेरगंज पशु बाजार के समीप एन एच 27 लखनऊ अयोध्या को क्रास करने वाली रिंग रोड फ्लाई ओवर अपना आकार लेने लगा है। मंगलसी चैराहे के निकट बन रहे इस पुल के चारों ओर सब लेन बनाने के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण से ग्रामीणों की नींद उड़ चुकी है। एन एच आई हर माह नए नए गाटों को अपने में शामिल करने की बात कर ग्रामीणों की चिंता बढ़ाने में लगी है।

प्रभावित होने वाले किसान तहसील से लेकर भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय तक का चक्कर लगा रहे है। राम मंदिर परिक्षेत्र के चारों ओर बनने वाले रिंग रोड में तहसील का सबसे ज्यादा राजस्व गांव मंगलसी प्रभावित हो रहा है। जिसका मजरा रमपुरवा सहित मुख्य गांव के 50 से ज्यादा किसानो की भूमि का अधिग्रहण एन एच ए आई अब तक कर चुकी है।

# साइबर धोखाधड़ी से बचाव और जागरुकता विषय पर कार्यशाला



**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय हाईस्कूल ग्राम भनौली में साइबर धोखाधड़ी से बचाव एंव जागरुकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने छात्र-छात्राओ को जागरुक करते हुये कहा कि बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांचे। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो। साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 एव वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराये। कार्यशाला मे प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, आरक्षी अभिषेक चपराना मौजूद रहे।

# पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



जिला संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में आज क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में थाना मोतीपुर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा थाना मोतीपुर के ग्राम बगहा गायघाट क्षेत्र में मिशन शक्ति पांचवा चरण अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम संपादित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

मिल्कीपुर-अयोध्या। एनएच 330 ए रायबरेली-अयोध्या फोरलेन पर बारुन चैराहा कट के पास मंगलवार रात 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायतनगर थाना क्षेत्र के जमुवा निवासी पलटूराम, रामपाल और भदोखरा के देवराज बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर रेलिंग से जा टकराई और उसके बाद पलट गई। हादसे में बाइक सवार पलटूराम, रामपाल एवं देवराज निवासी थाना इनायतनगर बुरी तरह से घायल हो गए। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार दो बच्चे भी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बारून चैकी प्रभारी अविनाश प्रताप सिंह, उप निरीक्षक देवव्रत यदुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सड़क पर लगे जाम को हटवाते हुए यातायात को सामान्य करवाया और घायलों को एनएचएआई के एंबुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय भेजवाया।

# घर के सामने से मासूम को उठा ले गया भेड़िया , ग्रामीणों ने बचायी जान



जिला संवाददाता

**बहराइच।** यूपी/जनपद बहराइच के तहसील कैसरगंज क्षेत्र के मंझरा तौकली इलाके में भेड़ियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

मंगलवार समय लगभग 2 बजे एक भेड़िया घर के सामने खेल रहे मासूम को उठा ले गया।

शोर सुनकर ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए लाठी-डंडों के साथ भेड़िए का पीछा किया, जिसके बाद वह बच्चे को खेत में छोड़कर भाग निकला। घायल मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**ग्रामीणों की कड़ी मस्कत के बाद खेत में छोड़कर भागा भेड़िया**

प्राप्त सूचना के अनुसार- बाबा बंगला ग्राम निवासी शोभाराम का चार वर्षीय बेटा घर के सामने खेल रहा था। तभी करीब 2 बजे अचानक भेड़िया बच्चे को दबोचकर खेत की ओर भागा।

परिजनों के शोर मचाने पर सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर दौड़े। ग्रामीणों की सक्रियता से बच्चा बच तो गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अस्पताल में भर्ती,हालत नाजुक**

ग्रामीणों ने घायल मासूम को निजी वाहन से कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया , जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

**ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी**

लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग जंगली जानवरों को पकड़ने में लापरवाही बरत रहा है। वहीं घायलों को समय पर एंबुलेंस न मिलने की समस्या को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई है।

**वन विभाग के हाथ खाली**

ग्रामीणों ने बताया कहने को तो चार प्रभागीय वनाधिकारी की देखरेख में वन विभाग की टीमें आदमखोर जंगली जानवर को पकड़ने में लगी है लेकिन वन विभाग ने अभी तक आदमखोर जंगली जानवर को पकड़ने में ना कामयाब दिखाई पड़ रहे है।

जो दरसाता है कि वन विभाग की घोर लापरवाही है क्योंकि चार दिन के अंदर दूसरी घटना।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों के सामने आदमखोर जंगली जानवर बच्चे को उठा ले गया था लेकिन बहुत कोशिशों के बाद बच्चे को जंगली जानवर से छुड़ाया गया।

ग्रामीण डर के साए में जी रहे कि कहीं आदमखोर जंगली जानवर आ न जाए और फिर किसी घटना को अंजाम दे दें।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नानपारा की उपस्थिति में, थाना प्रभारी को0 नानपारा व महिला थाना नानपारा की महिला सुरक्षा टीम द्वारा दादा पब्लिक स्कूल नानपारा में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में आज दिनाँक 24.09.2025 को क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री प्रद्युम्न सिंह की उपस्थिति में थाना प्रभारी नानपारा श्री राजनाथ सिंह मय मिशन शक्ति टीम व महिला थाना नानपारा पुलिस टीम द्वारा दादा पब्लिक स्कूल नानपारा में मिशन शक्ति पांचवा चरण अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम संपादित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी ।

संक्षेप

## रेलवे स्टेशन रोड पर ध्वस्त किया निर्माण

**रायबरेली।** जिले के हरचंदपुर में प्रशासन ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। रेलवे स्टेशन रोड पर स्टेट बैंक के समीप स्थित सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें अवैध रूप से बनाए गए नींव, पिलर और अर्धनिर्मित भवन को जमींदोज कर दिया गया। राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई से पहले गहन जांच और पैमाइश की। लेखपाल शिवम सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 20 पर दर्ज बंजर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से निर्माण कार्य शुरू किया गया था। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने इस मामले की जांच की और भूमि को सरकारी पाया। इसके बाद तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया गया। राजस्व निरीक्षक हरिलाल के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अशांति से बचने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने व्यवस्थित तरीके से कार्यवाही को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए ऐसी कार्रवाइयां जरूरी हैं। इस कार्रवाई को प्रशासन की ओर से अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त रवैये के रूप में देखा जा रहा है। राजस्व निरीक्षक हरीलाल ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने से बचें, अन्यथा ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी। लेखपाल शिवम सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर सरकारी जमीनों की जांच की जाती है और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अन्य अवैध कब्जाधारियों में भी हड़कंप मच गया है।

## एएसपी ने पीआरवी के 13 वीर कर्मियों को किया सम्मानित

**रायबरेली।** जनपद में यूपी-112 सेवा के तहत संचालित पुलिस रिस्पांस व्हीकल की टीमों ने मानवता की मिसाल कायम करते हुए कई संवेदनशील मामलों में आत्महत्या के प्रयास कर रहे नागरिकों की जान बचाई है। इन बहादुर कर्मियों के सराहनीय कार्यों को मान्यता देने के लिए पुलिस महानिदेशक यूपी-112, लखनऊ की नीरा रावत ने को श्विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवसश के अवसर पर विशेष सम्मान प्रदान किया। इस क्रम में जनपद रायबरेली से कुल 13 पीआरवी कर्मियों को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन प्रशस्ति पत्रों का वितरण अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा द्वारा पीआरवी कर्मियों को प्रदान किया गया, जो न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना है, बल्कि यूपी-112 सेवा की समग्र प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के संदर्भ में यह सम्मान प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। जनपद में पीआरवी टीमों ने विभिन्न घटनाओं में त्वरित पहुंच बनाकर संकटग्रस्त व्यक्तियों को समझा-बुझाकर और आवश्यक सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाई। इन घटनाओं में पारिवारिक कलह, आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव जैसे कारण प्रमुख रहे। पीआरवी की 24 घण्टे निगरानी और इमरजेंसी रिस्पॉन्स ने न केवल जीवन रक्षा की, बल्कि स्थानीय समुदाय में पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत किया।

# विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जनता से की संवादपूर्ण चर्चा



● समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया भरोसा

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने बुधवार को विकास खंड राही के पैतेमऊ, कलन्दरपुर, मानपुर सहावा, चकलोदीपुर एवं बनी गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता से गहन संवाद किया, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। अदिति सिंह, जो भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व कांग्रेस विधायक हैं, ने इस भ्रमण को अपनी प्राथमिकताओं में जनसेवा को सर्वोपरि बताते हुए जनता के अपार स्नेह को अनमोल बताया।

भ्रमण के दौरान विधायक अदिति सिंह ने सबसे पहले पैतेमऊ गांव पहुंचकर ग्रामीणों का स्वागत किया। यहां उन्होंने सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था और बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से फसलें प्रभावित हो रही हैं, जिस पर अदिति सिंह ने तत्काल संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, क्षेत्रवासियों की हर छोटी-बड़ी समस्या मेरी जिम्मेदारी है। हम जल्द से जल्द इन मुद्दों का समाधान करेंगे।

इसके बाद कलन्दरपुर गांव में पहुंची अदिति सिंह का ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। यहां स्कूली बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। एक बुजुर्ग निवासी ने स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की कमी का मुद्दा उठाया, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह तक आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। कलन्दरपुर के युवाओं ने रोजगार सृजन के सुझाव दिए, जिसे अदिति सिंह ने सराहते हुए कौशल विकास योजनाओं से जोड़ने का वादा किया।

मानपुर सहावा गांव में भ्रमण के क्रम में अदिति सिंह ने किसानों से फसल विविधीकरण और सिंचाई सुविधाओं पर बातचीत की। ग्रामीणों ने सूखे की आशंका जताते हुए नहरों की सफाई की मांग की। विधायक ने इस पर तुरंत सिंचाई विभाग को पत्र लिखने की बात कही और कहा, किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता रहेगा। गांव की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण पर सुझाव दिए, जिसे अदिति सिंह ने श्महिला सशक्तिकरण अभियान से जोड़ने का आश्वासन दिया। चकलोदीपुर और बनी गांवों में भी विधायक का स्वागत उत्साहपूर्ण रहा। चकलोदीपुर में सड़क चैड़ीकरण और स्ट्रीट लाइटिंग की मांग उठी, जबकि बनी गांव में पेयजल संकट पर चर्चा हुई। अदिति सिंह ने इन सभी मुद्दों को नोट किया और स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक बुलाने की घोषणा की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा, आपका विश्वास मेरी ताकत है। जन-जन की समस्या का समाधान करना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पत्रकारों ने किया प्रभारी निरीक्षक का स्वागत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह का आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मीडिया बंधुओ ने नवरात्रि के पावन अवसर पर मां की चुनरी भेंट कर स्वागत किया और मीडिया की तरफ से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वास्तव में जनता की शिकायतों का निस्तारण और अपराध को रोकने में लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सफल साबित हुए हैं। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और प्रेस क्लब अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह की अगुवाई में मीडिया बंधु अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, मोहम्मद याकूब, अनंत विजय सिंह, विजय सिंह, संजय सिंह, रामबाबू गुप्ता, शीतला गुप्ता, शिवम गुप्ता, मोहम्मद परवेज, रणविजय सिंह, अभिषेक शर्मा, मोहम्मद अफजल ने कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह से मुलाकात की। बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेल मुलाकात और बातचीत हुई। इस अवसर पर कोतवाल ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार कानून व्यवस्था बढ़िया रहे यह उनकी प्राथमिकता रहती है। नवरात्रि और दशहरा के अवसर पर पुलिसिंग बढ़ाई जाएगी जिससे लोगों को त्यौहार मनाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। चोर उचक्को को और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जीएसटी दरों में कमी से होगा समृद्ध भारत का निर्माण : सतीश शर्मा



**जगदीशपुर, अमेठी।** खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने जगदीशपुर विकास खंड मुख्यालय के सभागार में जीएसटी सुधार पर प्रेस कॉन्फ्रेस के माध्यम से इसके जनहितार्थ आयामों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए रणनीतिक रूप से प्रभावशाली बदलाव किए और उन्हें सफलता पूर्वक लागू किया जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी और वे अब अधिक सशक्त होंगे। नेक्स्ट-जेन जीएसटी जन-प्रथम सुधार मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सुलभ दाम से हर परिवार की मुस्कान बढेगी और रोजमर्रा की जरूरतों पर रोजाना बचत होगी। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों के लिए 3 सितम्बर 2025 को 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों के निर्णय लिए गए। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। इन सुधारों के तहत 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सरल दो-दर संरचना लागू की गई है, जबकि विलासिता और लग्जरी सामानों पर 40 प्रतिशत की दर रखी गई है। इससे पारदर्शिता, न्यायसंगत व्यवस्था और कर पालन में आसानी की पुरानी मांगों को पूरा किया गया है। ये सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। यह केवल आर्थिक कदम नहीं, बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफा है, इससे करोड़ों परिवारों की बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी। जैसे दीपावली पर दीपक घरों को रोशन करते हैं, वैसे ही ये सुधार घरों के खर्च कम करेंगे, किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे, जिससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी।

## मृतक के परिजनों से मिले सपा प्रदेश सचिव



**सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के धरियामऊ गांव में सोमवार को निमार्णाधीन छत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में अर्जुनपुर निवासी दो सगे भाई आनंद सरोज और विक्रम सरोज के साथ हिमांशु सरोज की भी मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और गांव का माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तेजिन्दर सिंह बग्गा मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री बग्गा ने कहा कि एक ही परिवार के दो बेटों का असमय चले जाना असहनीय पीड़ा है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परिवारों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति मिले। श्री बग्गा ने यह भी कहा कि हादसा बेहद गंभीर है और प्रशासन को चाहिए कि प्रभावित परिवारों को हर स्तर पर मदद उपलब्ध कराए। गांव के लोगों ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

## श्री आदर्श रामलीला का शुभारंभ



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** तहसील क्षेत्र के शाहपुर नानेमऊ में वर्ष 1968 से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। आदर्श रामलीला समिति शाहपुर नानेमऊ की ओर से लगातार 56 वर्षों से रामलीला का आयोजन जारी है। रामलीला में अभिनय करने वाले कई कलाकार ऐसे हैं जो दशको से अभी अपनी भूमिका अनवरत निभा रहे हैं। आदर्श रामलीला समिति के संस्थापक सुभाष चन्द्र शर्मा रावण की भूमिका लगाने वाले अब अस्वस्थ है, दशरथ की भूमिका निभाने वाले जयप्रकाश शर्मा की मृत्यु हो चुकी है। दयाशंकर शर्मा उर्फ भुअर वशिष्ट मुनि सहित कई अभिनय पचास वर्ष से करते आ रहे हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भूमिका को कई वर्षों तक निभाने वाले पीडब्ल्यूडी इंजीनियर आनन्द शर्मा की अनुपस्थिति में इस बार श्रीराम की भूमिका अभय शर्मा( अंश ) निभा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष सुशांत शर्मा 3 वर्षों से शंकर का अभिनय करते आ रहे हैं। रमेश चन्द्र शर्मा एडवोकेट लगातार 38 वर्षो से हनुमान की दमदार भूमिका निभाते हैं। गांव के ही कप्तान शर्मा शूर्पणखा कर रहे थे इस बार परशुराम का अभिनय कर रहे हैं। लक्ष्मण का रोल देवांश शर्मा करेगें और सीता की भूमिका वर्तमान समय मे आर्यन शर्मा निभा रहे है। पिछले छह वर्षो से जनक का रोल निभाने वाले गौरव कुमार शर्मा करते है। रामलीला के मंचन के एक महीने पूर्व से सभी कलाकार रिहर्सल करना शुरू कर देते हैं। संस्थापक सुभाष चंद्र शर्मा के यहां रात साढे.आठ बजे से ग्यारह बजे तक साढे तीन घण्टे रिहर्सल किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष विश्वास शर्मा बताते है शाहपुर नानेमऊ में पांच दशकों से लगातार क्षेत्रवासियों की मदद से रामलीला का आयोजन करते आ रही है। रामलीला में गांव के ही 61 कलाकर अपने अभिनय का प्रदर्शन कर रहे हैं। गांव के दर्जनभर से अधिक कलाकार जो बाहर रहकर सर्विस कर रहे है वह भी श्री आदर्श रामलीला समिति में मंचन में अभिनय करने के लिए अवकाश लेकर गांव पहुंच गए है युवाओं में अभिनय करने के लिए अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

### आईएएस अधिकारी करते थे मंथरा का रोल

**सुलतानपुर।** आदर्श रामलीला समिति शाहपुर नानेमऊ के संयोजक पंकज शर्मा एडवोकेट बताते हैं कि गांव के आईएएस अधिकारी सुभाषचंद्र शर्मा ने कई वर्षों तक मंथरा का रोल बखूबी निभाया। वह अवकाश लेकर रामलीला के दौरान गांव आ जाते थे। इस वर्ष देवीदीन शर्मा मंथरा का रोल निभा रहे है। दशरथ का रोल बंटी शर्मा निभा रहे हैं। रावण की भूमिका में राजू शर्मा बंटी है। इस वर्ष रामलीला का मंचन आज से शुरू हो रहा है समापन दशहरा के दिन होगा।

## 11 लाख रुपये की स्मैक और चोरी की बाइक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले की मोहनगंज पुलिस ने नशे के कारोबार और चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल और 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। बरामद किए गए स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 11लाख रुपए आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना मोहनगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान तिलोई क्षेत्र निवासी सौरभ विश्वास ( 27 वर्ष ) और राजकुमार उर्फ राजू ( 32 वर्ष ) को पकड़ा। तलाशी में सौरभ के पास से 65 ग्राम स्मैक और राजकुमार के पास से 45 ग्राम स्मैक मिली। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर अभियुक्त पेश नहीं कर सके। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि बरामद एचएफ डीलक्स बाइक ( वढ 36 ख 7904 ) को उन्होंने अपने साथी रविन्द्र चौरसिया के साथ मिलकर 21 सितंबर को मेडिकल कॉलेज तिलोई से चोरी किया था। स्मैक भी रविन्द्र चौरसिया ने उन्हें बेचने के लिए दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं। सौरभ विश्वास पर एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि राजकुमार उर्फ राजू पर चोरी व एनडीपीएस के कई मामले पहले से चल रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि फरार तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना में मीना मेले का हुआ आयोजन

**तिलोई अमेठी।** विकास क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना में बुधवार को मीना मेले का आयोजन किया गया। मीना का जन्मदिवस केक काटकर पूरे उत्साह व धूम -धाम के साथ मनाया गया। मीना मेला कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, साहस और सूझबूझ आदि विषयों पर चर्चा करते हुए प्रकाश डाला गया। बालिकाओं द्वारा खूबसूरत रंगोलियां बनाई गई और चार्ट पेपर बनाए गए। पॉवर एंजिल मोहिनी कक्षा 6, मौसमी कक्षा 7 और सविता कक्षा 8 को ट्रॉफी प्रमाण पत्र तथा मेडल शेष 15 सक्रिय बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सुगमकरता नूतन मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जागरूक अभिभावकों में पन्हौना निवासी राम प्रसाद का उत्साह वर्धन करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी अनुज शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, भारत शरण, दीनानाथ, अमरीश कुमार, विपिन सरोज, राम प्रताप, चंचला कुमारी, दिलीप कुमार शिक्षक- शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावकगण भी मौजूद रहे।




## ब्लॉक में मनाया गया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस




**सुलतानपुर (वीओएल)।** एकल अभियान के तत्वावधान में गतिविधि विभाग की आरोग्य योजना द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम दुबेपुर ब्लॉक के सभागार में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन निदेशक निर्माण राज्य सहकारी संघ उत्तर प्रदेश शासन ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री प्रकाश विभाग प्रचारक, डॉक्टर निशा सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, सम्मानित आयुवेर्दाचार्य डॉक्टर एस के श्रीवास्तव, कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, अंचल समिति के सचिव कुमार अनिल सिंह प्राथमिक शिक्षा प्रभारी लाल कृष्ण जी ने किया। मुख्य वक्ता श्री प्रकाश सिंह ने जन-जन के कल्याण के लिए आयुर्वेद पर बोलते हुए बताया कि प्राचीन भारतीय संस्कृति को मुगलों तथा अंग्रेजों के कुचक्र से पश्चिमी संस्कृति को चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में कुत्सित विचार धारा से गुरुकुल शिक्षा पद्धति तथा प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान को क्षति पंहुचाने का कार्य किया गया। आयुवेर्दाचार्य श्री श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री ने 23 सितंबर को दिन रात का समय बराबर होने के कारण आयुष मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस को मनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रवीण सिंह यादव ने प्रकृति से प्राप्त बनौषधियों एवं रसोई घर के पदार्थ होम रेमिडीस में कोई न कोई औषधि गुण होने की बात कही। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख बृजेश सिंह ने एकल का परिचय एवं कार्यक्रम कामहत्व बताते हुए पंचमुखी शिक्षा का वर्णन किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार, सुरेश कुमार, राकेश, सत्य प्रकाश, विजय कुमार, अन्नू जी कविता, संगीता, शिवराम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह जी ने सभी का धन्यवाद किया कार्यक्रम में आचार्य व ग्राम समिति ने हिस्सा लिया।

## चोरी के आभूषण समेत ससुर और दामाद गिरफ्तार, जेल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने बुधवार को दामाद और उसके छोटे ससुर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से दोनो को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के चांदी और सोने का आभूषण बरामद किया।

चैबीस जुलाई की रात पलिया गांव निवासी नूरजहाँ और तीस अगस्त की रात बाबूगंज निवासी शैलेश पुत्र साईलाल के यहां से चोरों ने लाखों का आभूषण और नगदी को पार कर दिया था। खुलासे को लेकर पुलिस टीम गठित की गई थी। बुधवार सुबह चैकी प्रभारी द्वारिकागंज द्रिवेश त्रिवेदी, उपनिरीक्षक संजय प्रसाद, उपनिरीक्षक एनामुलहक, हेडकांस्टेबल पप्पू कुमार, कांस्टेबल सन्दीप कुमार यादव और राहुल चैधरी क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस को सूचना मिली कि चोरी के दो आरोपित सुदनापुर भटमई रोड पर पखनपुर मोड़ के पास पेड़ के नीचे खड़े है। दोपहर करीब बारह बजे जब पुलिस पखनपुर मोड़ के पास पहुँची तो पुलिस को देखकर आरोपित भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर अयोध्या जनपद महराजगंज बनगवा निवासी सुंदर बनराजा और गोसाईगंज थानाक्षेत्र नटौलीखुर्द निवासी श्रीराम बनराजा को पकड़ लिया। आरोपितों के पास से पुलिस ने 476 ग्राम चांदी और पांच ग्राम सोने का आभूषण चोरी का बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में श्री राम बनराजा ने बताया कि सुंदर बनराजा मेरे ससुर का छोटा भाई है। पलिया और बाबूगंज में दोनों ने मिलकर चोरी की थी। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया दोनों आरोपितों को न्यायालय ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## अवध विवि में अंतर्महाविद्यालय योग चैंपियनशिप का समापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय योग चैंपियनशिप का आयोजन प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा की संयोजकता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक सिंह व शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बिहारी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान प्राचार्य ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बताया कि योग को केवल चैंपियनशिप तक सीमित ही नहीं रखना है बल्कि प्रति दिन अपने जीवन में अपनाना है जिससे हमारा शारीरिक मानसिक सामाजिक बौद्धिक विकास हो सके। इस योग चैंपियनशिप में पर्यवेक्षक के रूप में डॉ कृष्ण कुमार विश्वकर्मा रमाबाई राजकीय महाविद्यालय अंबेडकर नगर एवं डॉ. पूनम जोशी केवएस साकेत महाविद्यालय अयोध्या उपस्थित रहीं। आयोजित योग प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में विक्रम सिंह महेश कुमार कुमार मंगलम व आकाश सिंह उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच एवं केएनआई सुलतानपुर ओवर ऑल चैंपियन रही। संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों व पर्यवेक्षक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन्होंने खिलाड़ियों को बताया कि योग एक दर्शन है, जिसकी व्यावहारिक अनुभूति हम सबको होनी चाहिए। संस्थान प्राचार्य ने विजेता एवं विजेता सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत एसडीएम मुसाफिरखाना की अनूठी पहल

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** एक दिन के लिए मुसाफिरखाना की एसडीएम का कार्यभार कंपोजिट विद्यालय की छात्रा कशिश मौर्य ने संभाला। आये हुए फरियादियों की जन समस्याएं सुनी और तत्काल समाधान के लिए संबंधित मातहतों को भी निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना के विभिन्न विभागों एवं पटलों पर हो रहे विभागीय कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों के साथ बैठक में भी हिस्सा लिया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करना एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना तथा इसके साथ साथ बालिकाओं को समाज में नेतृत्व के लिए भी प्रेरित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने कशिश मौर्य का उत्साहवर्धन भी किया। आगे कशिश ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए अविस्मरणीय है। एसडीएम कार्यालय में छात्रा कशिश मौर्य का फूल मालाओं से स्वागत भी किया गया। वहाँ पर मौजूद लोगों ने इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की और ऐसी गतिविधियों से बालिकाओं में आत्मविश्वास को बल मिलता है। उक्त कार्यक्रम में तहसीलदार राहुल सिंह, नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा तथा नाजिर संजय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## बीएसए ने बच्चों के साथ चखा एमडीएम का स्वाद

● परिषदीय विद्यालयों का बीएसए ने किया निरीक्षण, जानी हकीकत



**बछरावां रायबरेली।** विद्यालयों की हकीकत जानने के लिए बुधवार को नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने निरीक्षण किया। बछरावां ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने परिसर में बारिश की वजह से जमा गंदगी पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने बच्चों के साथ में भोजन भी किया।

बुधवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए बीएसए राहुल सिंह बछरावां ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए पहुँचे। बछरावां विद्यालय के कम्पोजिट विद्यालय सरौरा विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई के निर्देश दिए। कम्पोजिट विद्यालय नीमटीकर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों के साथ एमडीएम भी किया। यहाँ पर आज मेन्यू के हिसाब से तहरी बनी हुई थी और बच्चों के साथ में उन्होंने गुणवत्ता को चेक करने के लिए तहरी खाई। भोजन की गुणवत्ता बेहतरीन पाए जाने पर रसोइया की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण के दौरान बच्चों से अंग्रेजी में गिनती सुनी। बच्चों के गिनती सुना ले जाने पर प्रशंसा की। विद्यालय में नामांकित 329 छात्र-छात्रा के सापेक्ष 166 बच्चे ही उपस्थित मिले। जिस पर नाराजगी जताते हुए बीएसए ने बच्चों की छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निपुण लक्ष्य के हिसाब से बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया। बीएसए ने शिक्षकों से प्रतिदिन कार्य योजना बनाकर शिक्षण कार्य करने के लिए कहा। विद्यालय में अनुदेशक पूजा 18 सितंबर से अनवरत बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति पाई गई। वहीं, प्रधानाध्यापक के सीसीएल पर होने के बाद भी कोई भी चार्ज हस्तांतरण नहीं किया गया था, इस पर बीएसए ने यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा। नीमटीकर में शिक्षकों ने बताया कि सफाई कर्मचारी नहीं आता है। इस पर उन्होंने अधिकारियों से बात करके विद्यालय में सफाई कराने की बात कहीं। इसके अलावा बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय हरचंदपुर का निरीक्षण करके वहां की व्यवस्था को देखा। यहां उन्होंने बच्चों के पढ़ाई कक्ष से लेकर हॉस्टल तक को देखा। इसके अलावा बच्चों के बन रहे भोजन को भी चेक किया। रसोईघर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने वहां पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। बीएसए राहुल सिंह ने मीडिया को बताया कि शिक्षा गुणवत्ता और विद्यालयों का आवरण बेहतर बनाने के लिए खण्ड शिक्षाधिकारियों को अनवरत निरीक्षण करते रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी कमियां हैं उनको दूर करने के लिए भी निर्देशित किया गया है ताकि व्यवस्था को बेहतर और पठन-पाठन का बेहतर माहौल बनाया जा सके।

संक्षेप

## शादीशुदा युवक से प्यार की सजा मौत

**आगरा।** हरीपर्वत थाना क्षेत्र में लिव इन में रह रही युवती ने जिस तरह से जीवन समाप्त किया, जानकर हैरान रह जाएंगे। शादीशुदा युवक से प्यार करने के बाद उसकी ही वजह से युवती ने जान दे दी। हरीपर्वत थाना क्षेत्र में लिव इन में रह रही युवती ने उत्पीड़न से तंग आकर जान दे दी। सुसाइड से पहले मोबाइल में एक वीडियो बनाया। जिसमे उत्पीड़न करने के वालों के नाम लेकर उन्हें अपनी मौत को जिम्मेदार ठहराया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस, 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। कमला नगर निवासी महेशचंद पाराशर ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी गीता देवी उर्फ टोनी न्यू आगरा कर्बला निवासी सनी के साथ लिव इन में रह रही थी। सनी, उसकी पत्नी सलमा, योगेंद्र, हाजरा और उसका बड़ा भाई, उनकी बेटी का उत्पीड़न करते थे। उसके जेवरात भी हड़प लिए थे। विरोध पर मारपीट करते। आरोपियों के उत्पीड़न से परेशान होकर बेटी ने 21 सितंबर की रात 8 बजे फंदे से लटककर जान दे दी। इससे पहले बेटी ने मोबाइल में वीडियो बनाया। जिसमें उसने सभी को अपनी मौत को जिम्मेदार बताया। पुलिस सभी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी है।

## 120 करोड़ रुपये की जमीन करायी खाली

**आगरा।** आवास विकास परिषद ने 120 करोड़से अधिक की भूमि से अतिक्रमण हटाया। इस जमीन पर 90 से अधिक झुग्गी झोपड़ी बनी हुई थीं। सिकंदरा योजना स्थित सेक्टर-2सी में अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार के आदेश पर अधिशासी अभियंता सुरजपाल सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल व पुलिस बल ने अभियान चलाया। प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जीएम खान ने बताया कि परिषद की लगभग 11 हजार वर्ग मीटर भूमि पर करीब 90 झुग्गी-झोपड़ियां अवैध रूप से बनी हुई थीं। झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को कई बार चेतावनी दी गई थी। नोटिस भी दिए गए थे। लेकिन उन्होंने जगह खाली नहीं की थी। कार्रवाई के दौरान कुछ विरोध भी हुआ। महिलाओं ने जेसीबी को रोकने की कोशिश की। अधिकारियों से कहा कि वे उनकी झोपड़ी न हटाएं। लेकिन अफसरों के समझाने पर स्थिति सामान्य हो गई। सभी अपना सामान समेटकर भूमि खाली करने लगे। जेसीबी से भूमि शाम तक समतल करा दी गई। परिषद की यह भूमि, जिसकी कीमत 120 करोड़ से अधिक आंकी गई है, 30 सितंबर को इसकी ई-नीलामी होनी है। यहां व्यवसायिक प्लॉट्स के लिए ई-नीलामी होगी।

## 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगा ब्रज रज उत्सव

**मथुरा।** दिवाली के बाद एक बार फिर ब्रजभूमि सांस्कृतिक रंगों और परंपराओं से सराबोर होगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने परम्परागत ब्रज रज उत्सव की तिथियां घोषित कर दी हैं। इस बार यह 11 दिवसीय आयोजन 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मथुरा में धूमधाम से मनाया जाएगा। बुधवार को परिषद कार्यालय सभागार में सीईओ श्याम बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उत्सव की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्सव में ब्रज के स्थानीय कलाकारों के साथ देश के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, जो सांस्कृतिक विविधता का परिचय देंगी। मनोरंजन और आकर्षण के लिए झूले, खान-पान के स्टॉल, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और लोककलाओं का प्रदर्शन भी मेले का हिस्सा होंगे।

# विशेष ट्रेन से आज वृंदावन पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू



**मथुरा।** आगरा-दिल्ली हाईवे पर छटीकरा के पास स्थित वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर वह (आज) गुरुवार सुबह दस बजे उतरेंगी। यहां से राष्ट्रपति ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए कार से रवाना होंगी। गुरुवार बांकेबिहारी में दर्शन के बाद वह सीधे निधिवन पहुंच निधिवन राज मंदिर में दर्शन करेंगी। करीब साढ़े 12 बजे वह सुदामा कुटी में पहुंचेंगी। यहां राष्ट्रपति संस्थापक सुदामा दास की भजन कुटी का लोकार्पण करेंगी। सवा एक बजे से सवा तीन बजे के राष्ट्रपति वृंदावन में ही होटल रेडिशन में लंच और विश्राम करेंगी। इसके बाद साढ़े तीन बजे अंतापाड़ा कृष्णापुरी स्थित कुब्जा कृष्ण मंदिर पहुंचेंगी। फिर सवा चार बजे वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन करेंगी। इसके बाद वह जंक्शन रेलवे स्टेशन पर वह कार से पहुंचेंगी। 5.10 बजे सफदरजंग रेलवे स्टेशन के लिए विशेष ट्रेन से रवाना होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। ऐसे में छटीकरा से लेकर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर मार्ग, निधिवन, सुदामा कुटी, जन्मस्थान और कुब्जा कृष्ण मंदिर मार्ग पर राष्ट्रपति की सुरक्षा टीम दौरा कर रही है। वह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है। 25 सितंबर तक नो फ्लाइंग जोन रहेगा। डीएम सीपी सिंह ने बताया कि इस दौरान गुब्बारे और ड्रोन का भी उपयोग नहीं किया जा सकता है राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर कोतवाली पुलिस ने होलीगेट व उसके आसपास के क्षेत्रों के बाजारों में व्यापारियों से दुकानें न खोलने को कहा है। गुरुवार शाम से पुलिसकर्मी दुकानदारों को 25 सितंबर को पूरे दिन दुकान न खोलने की हिदायत दे रहे थे। वहीं आज दरोगाजी होलीगेट क्षेत्र के दुकानदारी को यह कहते देखे गये कि प्लान में बदलाव हो गया है। अब दुकानदार 12 बजे से 06 बजे तक दुकानें बंद रखें। बाजार बंदी के इस समय को लेकर दुकानदारों से जब बात की गयी तो उनका कहना था कि दोपहर 12 बजे से 06 बजे तक दुकानें बंद रखनी ही हैं तो फिर उसके बाद खोलने का कोई औचित्य नहीं है।

महामहिम राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन बहुत ज्यादा चैकन्ना है। अधिकारीगण किसी भी प्रकार की रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। महानगर के होली गेट स्थित अंतापाड़ा मोड़ पर बने सार्वजनिक शौचालय को तोड़ दिया गया है। होलीगेट क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में यह एकमात्र सार्वजनिक शौचालय था।

## 47 मार्गों पर परिवर्तन, 24 वृंदावन में, 23 मार्ग मथुरा में प्रतिबंधित

**मथुरा।** श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा और लीला स्थली वृंदावन आने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो टाल दें। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए मथुरा वृंदावन में 47 मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सुबह 7 बजे से वीवीआईपी मूवमेंट के समय तक अलग-अलग मार्गों पर वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। राष्ट्रपति दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने विस्तृत ट्रैफिक प्लान जारी किया है। इसके मुताबिक वृंदावन क्षेत्र के 24 मार्ग और मथुरा शहर के 23 मार्गों पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान केवल सुरक्षा वाहनों और वीवीआईपी काफिले को ही अनुमति मिलेगी। **वृंदावन क्षेत्र में यातायात व्यवस्थाः** पुलिस ने बताया कि छटीकरा अंडरपास से वृंदावन की ओर जाने वाले सभी मार्ग बीबीआईपी मूवमेंट के दौरान बंद रहेंगे। आगरा-दिल्ली सर्विस रोड कट से छटीकरा, राल तिराहा, निर्फाद नेत्र चिकित्सालय मार्ग, गरुण गोविंद गेट, चारधाम गेट और वैष्णोदेवी पार्किंग से वृंदावन की ओर सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इसी प्रकार रुक्मणि बिहार गोलचक्कर, सौफुटा तिराहा, पानीगांव चैराहा, पानीघाट तिराहा (यमुना पुल), ग्राम जैत कट, सौ-सैया तिराहा, केशवधाम चैकी, पापड़ी चैराहा, रमणरेती चौकी, हरिकुंज तिराहा, राधारानी टूर एंड ट्रैवल्स, चामुंडा कट, कैलाश नगर चैराहा और मोक्षधाम केसीघाट बैरियर से परिक्रमा मार्ग पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। पुलिस ने साफ किया कि परिक्रमा मार्ग पर किसी प्रकार का वाहन वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान नहीं चलेगा। मथुरा शहर में ट्रैफिक बदलावः मथुरा क्षेत्र में मसानी चैराहा से डीग गेट और भूतेश्वर तिराहा की और वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। लाल दरवाजा से गोकरण तिराहा, चैक बाजार से भरतपुर गेट, विश्रामघाट से छत्ता बाजार होकर होलीगेट, आर्य समाज फाटक से होलीगेट, नगर निगम चैराहा से होलीगेट, विकास बाजार और क्वालिटी तिराहा से होलीगेट आने वाले सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा घनश्याम आश्रम अंबाखार तिराहा से अंतापाड़ा चैराहा, राजेश्वर महादेव मंदिर तिराहा, यादव चैराहा से श्रीकृष्ण जन्मभूमि गेट नंबर-3, मछली फाटक पुल ढलान से नया बस स्टैंड, थाना हाइवे के सामने, चैक बाजार से मिलन तिराहा, भैस बहाँरा के. आर. डिग्री कॉलेज तिराहा से भरतपुर गेट, स्टेट बैंक चैराहा से भरतपुर गेट और एनएच-19 बजरंग धर्मकांटा अंडरपास से नया बस स्टैंड की ओर भारी वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत किया गया जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। बुधवार को मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्कूलों कॉलेजों एवं विभिन्न संस्थानों में रैली संगोष्ठी नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से छात्र-छात्राओं महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया गया जिसमें थाना सिरसागंज के नगला बल व धातरी में थाना दक्षिण के पेमेश्वर गेट वार्ड नं0 27 थाना टूण्डला के ग्राम मदावली, थाना जसराना के अजब सिंह इंटर कॉलेज नवादा में थाना उत्तर के मानव दयाल पब्लिक स्कूल बंबा चौराहा व गौरी सिंह इंटर कॉलेज में थाना नसीरपुर के राजकीय इंटर कॉलेज कस्बा नसीरपुर में थाना मक्खनपुर के कस्बा मक्खनपुर व ग्राम गोविन्दपुर में थाना पचोखरा के वीरवती इंटर कॉलेज गढीनिर्भय में थाना नारखी के ग्रांम नयावास व नाथुराम इंटर कॉलेज में, थाना शिकोहाबाद के एके इंटर कॉलेज में, थाना नगला खंगर के वीरवान सिंह इंटर कॉलेज थाना लाइनपार के मानेटश्वरी स्कूल थाना रसूलपुर के मुस्लिम पब्लिक स्कूल में, थाना फरिहा के प्राथमिक विद्यालय पिलख्तर जैत थाना खैरगढ़ के एएस मोड्ल स्कूल ग्राम ककरारा थाना नगला सिंघी के ग्राम पंचायत बझेरा थाना एका के कन्या पीजी महाविद्यालय पैढत, थाना बसईमो0पुर के ग्राम मढुआ, थाना रजावली के ग्राम रागमढ़ में थाना अरांव के ग्राम नगला सुभान में, थाना मटसेना के ग्राम पंचायत सरगंवा थाना शिकोहाबाद के महाराज अग्रसेन विद्यालय में, थाना रामगढ़ के पूर्णानन्द उच्च माध्यमिक विद्यालय नेपई आदि में महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया गया। साथ ही विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर पुलिस -112 फायर 101एम्बुलेंस 102/108 महिला सहायता 1090 के बारे में बताया गया।

## 10 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने10 हजार के इनामी गैंगस्टर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि थाना उत्तर पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर अभियुक्त संदीप उर्फ कुलदीप उर्फ चोवा टापा खुर्द के जंगल में छिपा हुआ है जो कि कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम ने टापा खुर्द के जंगल में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। घायल की पहचान वांछित 10 हजार रुपये के इनामीअभियुक्त संदीप उर्फ कुलदीप उर्फ चोवा के रूप में हुई, अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद हुई, अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

## बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 13 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। प्रमोद कुमार पुत्र जगदीश द्वारा थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद पर अपनी करीब 13 वर्षीय पुत्री के समय करीब 17.00 बजे घर से बिना बताए अचानक कहीं चले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। बच्ची की गुमशुदगी की सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस टीम ने तुरंत सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्मों व मिशन शक्ति टीम के डिजीटल वॉलंटियर की सहायता से बच्ची को यथाशीघ्र सकुशल बरामद कर बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची के परिवारीजनों द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया।

## एफएलएन के पांचवें बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ

- संचारी रोग के विषय में अध्यापक अध्यापिकाओ को जानकारी दी



**टूंडला।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र टूंडला में एफएलएन प्रशिक्षण के तहत पाचवे बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। चतुर्थ बैच के प्रशिक्षणाथी प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालयों में पहुंच कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं, कमरा नंबर दो में सत्र का प्रारंभ एआरपी हिंदी भाषा रणजीत सिंह द्वारा प्रार्थना सुविचार व प्रमुख समाचारो के माध्यम से कराया गया। दीक्षा ज्ञान समीक्षा एप डाउनलोड कराते हुए प्री टेस्ट कराया गया तथा स्कैन करवा कर ग्रुप से सभी प्रतिभागियों को जोड़ा गया। रणजीत सिंह ने आगे बताया कि आप सभी लोग समय से प्रशिक्षण हॉल में उपस्थित हो और पूरे मनोयोग से एफएलएन का प्रशिक्षण प्राप्त करें क्योंकि जब आप भली प्रकार से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तभी विद्यालयों में जाकर बच्चों को भली प्रकार से शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के हितेंद्र पाल सिंह ने संचारी रोग के विषय में अध्यापक अध्यापिकाओ को विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया की संचारी रोग से बचाव के लिए आवश्यक है कि इसके लिए हमें कुलर और घर के आसपास पानी को जमा न होने में तथा अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ साफ सुथरा रखें तथा बच्चों को पूरी बाह के कपड़े पहनाएं।

एआरपी जितेंद्र दुबे द्वारा संशोधित निपुण लक्ष्य में बदलाव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंतर्गत कक्षा 3 की वीणा एक में एनसीईआरटी द्वारा संशोधित चार पाठों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें नवीन पाठों को परिवेश से जोड़ा गया है जिससे कि बच्चे कम समय में अपनी परिवेशीय भाषा में विषय को समझ सकें। प्रशिक्षण में निपुण के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए आगे बताया कि निपुण भारत मिशन को 5 जुलाई सन 2021 में लागू किया गया जिसको तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के द्वारा लागू किया गया जिसमें कक्षा तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता व गणना का लक्ष्य रखा गया हमें निपुण लक्ष्य को सन 2026 - 2027 तक प्राप्त करना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शालिनी बंसल प्रीति अग्रवाल संध्या गौतम सबीहा साहब सोनम सिंह अनुष्का यादव पुष्प लता, संजय सोरोत पुष्पेंद्र कुमार शैलेश कुमार श्यामवीर सिंह आदि प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## सोने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**आगरा।** राह चलते अगर कोई मदद के लिए सोने-चांदी के जेवरात दिखाकर बेचने की बात कहे तो झांसे में नहीं आएं। सोना नकली भी हो सकता है। जब तक आपको पता चलेगा तब बहुत देर हो चुकी होगी। थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने सोने के जेवरात के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का साथ दंपती दिया करते थे। उन्हें पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि 7 अगस्त को पुलिस से शिकायत की गई थी। विद्या नगर, टेढ़ी बगिया निवासी शिकायतकर्ता जीतू ने बताया कि 4 अगस्त को एक महिला मिली थी। उसने बताया कि उसका बच्चा अस्पताल में भर्ती है। इलाज के लिए रुपयों की जरूरत है। वह सोने की चेन बेचना चाहती है। इस पर उसे 40 हजार रुपये दे दिए और चेन ले ली। अगले दिन महिला फिर आई। उसके साथ दीपक सहित एक अन्य और था। झुमती दिखाते हुए बेचने की कहने लगी। एक परिचित नरेश का नाम भी बताया। इसके बदले 30 हजार रुपये की मांग की। उन्होंने चेन और झुमकी को ले लिया। इसके बाद सराफ को दिखाया। सराफ ने दोनों को नकली बताया। उन्होंने महिला और दीपक को पकड़ लिया जबकि तीसरा भाग निकला। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मंगलवार को थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने टेढ़ी बगिया निवासी नरेश और सूरज को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से जेवरात और तमंचा बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह राह चलते लोगों को फंसाते थे। नकली जेवर को सोने-चांदी का बताकर बेच देते थे। आरोपी दीपक और उसकी पत्नी की मदद लेते थे। आरोपी नरेश पर 11 तो सूरज पर 4 मुकदमे दर्ज हैं।

## जनपद न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने किया केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

**आगरा।** मंगलवार को जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह ने केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार में बंदियों से मुलाकात की। जहां पर खाने की गुणवक्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं को भी देखा। निरीक्षण में अधिकारी कैदियों से मिले। जहां पर उन्होंने खाने की गुणवत्ता, चिकित्सीय व्यवस्था, प्रतिदिन साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, का निरीक्षण किया। इसके बाद विधिक सहायता हेतु कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा बताया- यहां पर उचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है। कारागार परिसर में बने चिकित्सालय का निरीक्षण कर भर्ती बंदी मरीजों से वातालाप कर उनकी समस्याओं को भी सुना गया। इस पर अधिकारी ने इलाज हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मैडिसन स्टॉक रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर निर्देशित किया गया। निरीक्षण में पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर तैयार किये जा रहे खाने की गुणवत्ता को देखा। डिस्ट्रिक जज ने केंद्रीय कारागार में निरुद्ध कुल बंदियों तथा क्षमता के बारे में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि क्षमता बढ़ाए जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इस दौरान एडीजे दिव्यानंद दुबे, केन्द्रीय कारागार अधीक्षक ओपी कटियार, डिप्टी जेलर विशाल मद्धेशिया, शिवम कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली की मथुरा में विशेषज्ञ गैस्ट्रो ओपीडी सेवाएं शुरू



**मथुरा।** एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने मथुरा में विशेषज्ञ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। ब्रज नर्सिंग होम, मथुरा के सहयोग से शुरू की गई इन सेवाओं का उद्देश्य मथुरावासियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करना है। इस ओपीडी में मशहूर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. संजय खन्ना, को-चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, हेपेटो-बिलियरी एवं पैन्क्रियाटिक साईंसेज, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली अपनी टीम के साथ मरीजों को देखेंगे। वह मथुरा में हर माह के दूसरे और चैथे बुधवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे के बीच पेट की तकलीफ के मरीजों का इलाज करेंगे। भारत में इरीटेबल बॉवेल सिंड्रोम (आईबीएस), फैटी लिवर डिजीज, एसिड रिफ्लक्स और इन्फ्लेमेटरी बॉवेल डिजीज (आईबीडी) के मरीज बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों के बढ़ने का कारण शिथिल जीवनशैली, प्रोसेस्ड फूड, अनियमित खानपान और तनाव है। ज्यादा शुगर, फैट और अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड के सेवन, आहार में फाईबर की कम मात्रा तथा कम पानी पीने की वजह से सभी उम्र के लोगों का पाचन तंत्र कमजोर हो रहा है। इससे बचने के लिए डॉक्टर संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, मदिरासेवन में संयम, सुरक्षित भोजन के सेवन, और समय-समय पर निदान का सुझाव देते हैं, ताकि खाने से होने वाली बीमारियों, एसिड रिफ्लक्स, गॉल ब्लैडर में पथरी और गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल कैंसर आदि से अपना बचाव किया जा सके। लोगों के बीच पेट के बढ़ते रोगों के बारे में डॉ. संजय खन्ना, को-चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, हेपेटो-बिलियरी एवं पैन्क्रियाटिक साईंसेज, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, आँतों का रोग चुपचाप बढ़ता चला जाता है। यह तब तक प्रकट नहीं होता है, जब तक इसके लक्षण बढ़कर गंभीर नहीं हो जाते हैं। अक्सर पेट फूलना, पेट में दर्द, क्रोनिक एसिडिटी या बिना वजह वजन घटना, इन सभी लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि इनकी वजह से अल्सर हो सकता है, या लिवर को भारी नुकसान हो सकता है, या फिर आँतों की समस्याएं हो सकती हैं।

## प्रेमिका के पति को फंसाने के लिए उसके ऑटो में रखा तमंचा, विवाहिता को लेकर भागा

**आगरा।** थाना सैंया क्षेत्र निवासी एक युवक ने थाना खेरागढ़ क्षेत्र की एक विवाहिता से प्रेम संबंध में बाधक बने पति को रास्ते से हटाने के लिए पति के ऑटो में तमंचा रख दिया था। युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दे दी। पुलिस ने ऑटो को पकड़ा तलाशी के दौरान पुलिस को तमंचा मिल गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। इधर रात में आरोपी युवक विवाहिता को लेकर चला गया। सैंया में पुलिस ने चालक से पूछताछ की तो मामला खुल गया। पुलिस ने चालक को छोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी युवक व विवाहिता को बरामद कर लिया। आरोपी को आर्म्स एक्ट में न्यायालय में पेश किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि 19 सितंबर को दोपहर कंट्रोल रूम पर ऑटो में तमंचा होने की जानकारी दी थी। पुलिस ने ऑटो एक चालक को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस को ऑटो में तमंचा मिल गया। पूछताछ में ऑटो चालक ने पुलिस को बताया कि तमंचे के बारे में उसे कोई जानकारी नही है, सैंया निवासी युवक अखिलेश उससे रंजिश रखता था।

इधर ओटो चालक के पुलिस की गिरफ्त में आते ही युवक विवाहिता को लेकर भाग गया। विवाहिता के परिजन थाना खेरागढ़ पहुंचे। मामले की जानकारी दी। सैंया पुलिस को आरोपी युवक ने बताया कि उसने प्रेमिका के पति को फंसाने के लिए तमंचा रखा था। सैंया पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक अखिलेश व विवाहिता को बरामद कर लिया। पुलिस ने विवाहिता को परिजन के सुपुर्द कर दिया। एसओ निशामक त्यागी ने बताया कि तमंचा रखने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। विवाहिता को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## आगरा के शाहजहां पार्क पर मंडरा रहा खतरा

**आगरा।** ताजमहल और आगरा किले के बीच स्थित 90 एकड़ का ऐतिहासिक शाहजहाँ पार्क गंभीर संकट से जूझ रहा है। आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा ह्लसंस्कृति वनह्व नामक परियोजना के तहत इस हरे-भरे क्षेत्र में कंक्रीट संरचनाएँ, कियोस्क और पक्के रास्ते बनाए जा रहे हैं। यह कार्य सुप्रीम कोर्ट और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है, जिसके तहत ताजमहल के 500 मीटर दायरे में किसी भी प्रकार का नया निर्माण प्रतिबंधित है। रिवर कनेक्ट कैंपेन के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त एवं ताज ट्रेपेज़ियम जोन प्राधिकरण के चेयरमैन को ज्ञापन सौंपकर इस निर्माण को तत्काल रोकने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। कैंपेन की ओर से पर्यावरणविद डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा कि शाहजहाँ पार्क ताजमहल और आगरा किले के बीच पर्यावरणीय ढाल (ग्रीन बफर) का काम करता है। यह इलाका न केवल ताज की दृश्यात्मक अखंडता की रक्षा करता है बल्कि आगरा की जैव विविधता का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इस पर कंक्रीट थोपना सीधा-सीधा गैरकानूनी है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना है। कैंपेन के संयोजक बृज खंडेलवाल ने कहा कि यह पार्क ताजमहल का प्राकृतिक कवच है। सौ साल पुराने पेड़ों की छाँव, दुर्लभ प्रजातियों का बसेरा और हरियाली को नष्ट कर पर्यटन के नाम पर ठेकेदारों के हाथों सौंपना आगरा की साँसें छीनने जैसा है। पहले मेट्रो परियोजना ने पार्क का बड़ा हिस्सा बर्बाद किया, अब बचे हुए क्षेत्र को भी लालच की भेंट चढ़ाया जा रहा है। जैव विविधता विशेषज्ञ डॉ. मुकुल पांड्या ने तीखी टिप्पणी करते हुए बताय कि ह्यसंस्कृति वन नाम सिर्फ.छलावा है। नकली स्मारक, कियोस्क और पक्के रास्ते न तो संस्कृति को बचा सकते हैं और न ही पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। यह प्रोजेक्ट विकास नहीं बल्कि धोखा है—आगरा की जनता, प्रकृति और ताजमहल की आत्मा के साथ। शाहजहाँ पार्क आगरा का एकमात्र बड़ा हरा-भरा क्षेत्र है। यहाँ सैकड़ों प्राचीन वृक्ष हैं—कुछ ब्रिटिश काल के, कुछ बाद में बागवानी विभाग द्वारा लगाए गए, और कई 50 से 100 वर्ष पुराने पेड़ जो शहर को ऑक्सीजन और पारिस्थितिक संतुलन प्रदान करते हैं। यह क्षेत्र पक्षियों, तितलियों और परागणकों का सुरक्षित आवास रहा है। पार्क ताजमहल के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर की भूमिका निभाता है, जो धूल, प्रदूषण और शोर को कम करता है। यह ग्रीन बफर ताज की सुंदरता और पर्यावरणीय सुरक्षा दोनों के लिए अनिवार्य है। कैंपेन ने यह भी याद दिलाया कि इससे पहले मेट्रो परियोजना ने पार्क का बड़ा हिस्सा उजाड़ दिया था। वहाँ आज एक बंजर पार्किंग लॉट है, जहाँ कभी पेड़ों की छाँव व हरियाली थी।

## 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर को एसओजी और हाईवे पुलिस की संयुक्त टीम ने पुष्पांजलि उपवन के पास एक खाली प्लॉट में मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश नेत्रपाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के कब्जे से एक तमंचा व भारी मात्रा में जिन्दा व खोखा कारतूस व चोरी के कंगन पीली धातु, मेडिल पीली धातु, 4900/- रुपये व ताले तोडने के उपकरण व चोरी की एक मोटर साइकिल स्पलैण्डर प्लस बरामद हुई है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह आगरा का गैंगस्टर भी है। उसके कब्जे से चोरी के आभूषण, तमंचा, चार कारतूस, बाइक व चोरी करने वाले उपकरण बरामद हुए है। सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि मंगलवार देर रात मुखबिर की सूचना पर एसओजी टीम व थाना हाईवे पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में पुष्पांजली उपवन के पास खाली प्लाट में मुठभेड़ में अंतर जनपदीय शातिर चोर नेत्रपाल सिंह निवासी मांगरौल जाट थाना अछनेरा जिला आगरा को दबोचा है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। घायल बदमाश पर मथुरा और आगरा में दो दर्जन से ज्यादा चोरी और गैंगस्टर के मामलों में वांछित था। वह अपने साथियों के साथ मिलकर बंद घरों की रेकी करता और रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देता था। गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस ने चोरी का एक कंगन और मेडल, 4900 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और ताला तोड़ने के औजार बरामद किए हैं। इसके अलावा, उसके पास से एक तमंचा, जिंदा और खाली कारतूस के साथ-साथ एक चोरी की मोटरसाइकिल भी मिली है। सीओ ने बताया, कि शातिर अपने साथियों के साथ बंद मकानों की रैकी कर रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देता था। उस पर विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश पर 25 हजार का इनाम घोषित है।।

## पर्यावरण मित्र ने मनाया 21वां स्थापना दिवस



**शिकोहाबाद।** प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र ने बुधवार को हिंद लैंप परिसर के सभागार में अपना 21वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें नारायन महाविद्यालय पालीवाल कॉलेज, आदर्श कृष्ण महाविद्यालय बीडीएम महाविद्यालय एफएस विविके विद्यार्थी व शिक्षकगण इस अवसर पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने वन दर्शन कर प्राकृतिक सम्पदाओं को जाना तत्पश्चात पौधारोपण कर उसके संस्कारों को अपने अंदर रोपित किया। संस्कृति भवन सभागार में सभी विद्यार्थियों के साथ प्रदूषण के कारण और निवारण विषय पर गोष्ठी प्रारम्भ हुई। इस अवसर पर नेपाल से पधारे आचार्य चक्रपाणि को पर्यावरणीय सम्मान से सम्मानित किया गया। पर्यावरण मित्र अध्यक्ष किरण बजाज ने गोष्ठी में मुम्बई से भेजे अपने संदेश में कहा कि आप सबको विदित ही है कि किस तरह उत्तर भारत में प्राकृतिक आपदाओं से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और हो रहा है। आप ही सोचिए क्या फायदा ऐसे पैसे कमाने का, ऐसी पढ़ाई लिखाई का जो इतना भी ना समझा सके कि प्रकृति के दोहन से मनुष्य को कितना खतरा है। सज्जनों हम अब भी नहीं सम्भले और अपने-अपने स्तर पर हवा पानी, पहाड़ जल जंगल जमीन और नदियों को नहीं बचाया प्रदूषण कम नहीं किया तो प्रलय निश्चित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि अगर हम इसी तरह से यूरिया डीएपी के पीछे पड़े रहेंगे सावधान नहीं होंगे तो हमारा भविष्य अंधिकारमय होगा। इसलिए समय रहते ही हमें प्राचीन परम्परा वैदिक कृषि जैविक में लौटना है जिससे प्रकृति की रक्षा हो सके, आग्रह है आप रासायनिक खाद के रूप में धरती के ऊपर तेजाब न ड़ालें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सुबोध दुबे ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी जब वन दर्शन करके आए हैं तो वन दर्शन से एग्जाइटी, डिप्रेसन, थकान में बड़ी कमी आती है। हमारे वैदिक ऋषि भी इस बात को जानते थे। हमारे गुरूकुल में शिक्षा के 6 आयाम होते थे। पर्यावरण शिष्य आचार्य शिक्षा पाठ्यक्रम तथा शिक्षा उद्देश्य। हमारे गुरूकुल पहाड़ों में और नदियों के किनारे बनाए जाते थे। हमारे मत्स्य पुराण में लिखा है कि छः कुओं के बराबर एक बाबड़ी और दस बाबड़ी के बराबर एक तालाब तथा दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। इससे पूर्व पर्यावरण मित्र की 21वर्ष की गतिविधियां पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से दिखाई गईं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक औहरी ने दिया। कार्यक्रम में अंशुमान बाबरी मंजर उलवासै डॉ.समीर विश्वास, पुष्कर तिवारी पालीवाल महाविद्यालय के प्राचार्य विशाल पाठक सुनील मिश्रा, नरायण महाविद्यालय से डॉ.कुलदीप, एफ.एस. विवि से राहुल यादव, आदर्श कृष्ण कॉलेज से डॉ.नरेन्द्र गंगवार, बीडीएम डिग्री कॉलेज मायाजी व प्रभा जी, मोहित जादोंन उपस्थित रहे।




# बांग्लादेश को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत

## एशिया कप : बांग्लादेश को 41 रन से हराया, अभिषेक की फिफ्टी, कुलदीप-वरुण चमके

एजेंसी

**दुबई।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 41 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही भारत ने एशिया कप के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। भारत ने बांग्लादेश के सामने 169 रनों का लक्ष्य रखा था. लेकिन बांग्लादेश की टीम 127 रनों पर सिमट गई।

भारत ने एशिया कप के चौथे सुपर-4 मैच में बांग्लादेश को 169 रन का टारगेट दिया है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने पावरप्ले में 72 रन बना लिए थे। उसके बाद टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अभिषेक शर्मा ने 37 बॉल पर 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 6 छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 38 और शुभमन गिल ने 29 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने 2 विकेट झटके। मुस्तफिजुर रहमान को एक विकेट मिला। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वे बांग्लादेश के टॉप विकेट टेकर भी बन गए हैं। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर-4 मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। भारत ने 17 ओवर के बाद 5 विकेट पर 141 रन बनाए हैं। हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। तिलक वर्मा (5 रन) को तंजिम हसन साकिब ने सैफ हसन के हाथों कैच कराया। सूर्यकुमार यादव (5 रन) को मुस्तफिजुर रहमान ने विकेटकीपर जाकिर अली के हाथों कैच कराया। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। अभिषेक शर्मा (75 रन) बनाकर रनआउट हुए। रिशाद ने शिवम दुबे (2 रन) और शुभमन गिल (29 रन) को भी पवेलियन भेजा। बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

हार्दिक पंड्या ने तंजीम हसन की 5वीं बॉल पर चौका लगाया और टीम का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। 15वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां तिलक वर्मा (5 रन) को तंजिम हसन साकिब ने सैफ हसन के हाथों कैच कराया। मुस्तफिजुर रहमान के टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे हो गए हैं। मुस्तफिजुर रहमान के टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे हो गए हैं। 12वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ओपनर अभिषेक शर्मा 75 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें रिशाद हुसैन के थ्रो पर मुस्तफिजुर रहमान ने रनआउट किया। ओवर की आखिरी बॉल पर रहमान ने सूर्यकुमार यादव को विकेटकीपर जाकिर अली के हाथों कैच कराया। भारतीय कप्तान महज 5 रन ही बना सके। 11वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभिषेक शर्मा ने सैफुद्दीन के ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाया और स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। 8वें ओवर में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 गेंद पर अर्धशतक बनाया। अभिषेक ने लगातार दूसरे ओवर में अर्धशतक बनाया है। 7वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारत ने पहला विकेट गंवाया। यहां शुभमन गिल 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिशाद हुसैन ने तंजीम हसन साकिब के हाथों कैच कराया। रिशाद ने 77 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने मजबूत शुरूआत की है। टीम ने शुरूआती 6 ओवर के खेल में बिना नुकसान के 72 रन बना डाले हैं।



3 ओवर के बाद भारतीय टीम का स्कोर 17 रन था। उसके बाद गिल और अभिषेक की जोड़ी ने रफ्तार पकड़ी। भारतीय टीम ने 5वें ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मुस्तफिजुर रहमान की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा ने सिक्स लगाते हुए टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। अभिषेक ने ओवर की आखिरी बॉल पर भी छक्का लगाया। रहमान के पहले ओवर 17 रन आए। 5 ओवर के बाद भारत का स्कोर 55/0 रहा। भारतीय पारी के तीसरे ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। यहां बांग्लादेशी कप्तान जाकिर अली से विकेट के पीछे कैच ड्रॉप हो गया। तंजिम हसन की बैक ऑफ लेंथ बॉल ने अभिषेक के बल्ले का बाहरी किनारा लिया और पहले स्लिप के पास गई। विकेटकीपर जाकिर ने डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं कर सके। तीन ओवर के बाद भारत का स्कोर 17/0 रहा। यह भारत का इस एशिया कप में सबसे स्लो स्टार्ट है। भारतीय ओपनर्स ने संभली शुरूआत की है। 2 ओवर के खेल में महज एक बाउंड्री लग सकी है। दुबई की पिच थोड़ी-सी ट्रिकी नजर आई। नई बॉल से बॉलिंग कर रहे तंजीम को एक्स्ट्रा बाउंस मिला। जबकि स्पिनर नसूम अहमद की गेंदबाजों ने भारतीय बैटर्स को थोड़ा परेशान किया। विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा को 2 बार बड़ा शॉट खेलने से चूक गए। पहले में नसूम की पहली बॉल पर बल्ले में नहीं आई, जबकि दूसरी बॉल पर पूरा बल्ला नहीं चलाया और गेंद बॉलर की दिशा में गई। 2 ओवर में भारत का स्कोर 10/0 रहा।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। लिटन दास की जगह जाकिर अली टॉस कराने आए। उन्होंने बताया- लिटन प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हो गए। हमने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए हैं।' भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- 'हम पहले बल्लेबाजी से खुश हैं। क्योंकि, हम पिछले कुछ मैचों से यहां पहले बैटिंग करना चाहते थे। हम प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं। टी-20 क्रिकेट में भारत की टीम बांग्लादेश पर बहुत हावी रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक 17 मुकाबले हुए हैं।

## एशियाई खेल 2026 के कड़े चयन मानदंड अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ को अनुमति नहीं

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिये कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। मंत्रालय की वेबसाइट पर बुधवार को डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे।

एशियाई खेल जापान के नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक खेले जायेंगे। मंत्रालय ने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिये मौका मिले। इसमें कहा गया अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिये कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जायेगी। इसमें कहा गया सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिये मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो। अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं जिस पर विवाद होता है। यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे।

20th Asian Games
Aichi-Nagoya 2026

चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नयी नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर होती है। बयान में कहा गया राष्ट्रीय खेल महासंघ ऐसे खिलाड़ी का नामांकन कर सकते हैं जिसने अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा उस खेल की स्पर्धा में पिछले 12 महीने में पिछले एशियाई खेलों में छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर किया हो।

संक्षेप

### ग्लोबल शतरंज लीग का डॉफ्ट 26 को

मुंबई। ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के लिये खिलाड़ियों का ड्राफ्ट यहां शुक्रवार को निकाला जायेगा जिसमें विश्व चैम्पियन डी गुकेश , पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद और आर प्रज्ञानानंदा आइकन खिलाड़ियों में से होंगे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यूएई और लंदन में पिछले दो सत्र खेले थे। टेक महिंद्रा और फिडे के संयुक्त टूर्नामेंट जीसीएल में छह फ्रेंचाइजी हैं। इसके लिये 36 खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नकामूरा, फेबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव भी हैं। वहीं नीदरलैंड के अनीश गिरि, भारत के अर्जुन एरिगेसी, विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी, चार बार के विश्व चैम्पियन होउ यिफान जैसे सितारे भी इसमें होंगे। पूल में आइकन , पुरूष , महिला और अंडर 21 वर्ग होंगे। हर फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को चुनेगी जिसमें एक आइकन, दो पुरूष , दो महिला और एक अंडर 21 होगा। तीसरे सत्र की फ्रेंचाइजी में गत चैम्पियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, अपग्रेड मुंबा मास्टर्स, गेंजेस ग्रैंडमास्टर्स, अल्पाइन एसजी पाइपर्स और अमेरिकन गैम्बिट्ज हैं। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के कारण इसमें भाग नहीं लिया था।

### आईएसएसएफ में शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे भारतीय निशानेबाज

नयी दिल्ली। ओलंपियन शॉटगन निशानेबाज रायजा ढिल्लों और एशियाई जूनियर ट्रैप चैंपियन सबीरा हारिस बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 69 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। तुगलकाबाद के कर्णी सिंह रेंज में आयोजित होने वाले इस साल के दूसरे और अंतिम जूनियर विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों का लक्ष्य घरेलू सरजमीं पर शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। अंडर-21 आयु वर्ग के निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन में 18 देशों के 200 से अधिक निशानेबाजों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। ये निशानेबाज 15 ओलंपिक और दो गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में 51 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज रायजा शीर्ष स्कीट निशानेबाजों में से एक हैं और लीमा में 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में टीम स्वर्ण पदक जीतने के बाद वह शीर्ष व्यक्तिगत स्थान हासिल करना चाहेंगी।

## फुटबॉल : चैंपियनशिप में भारत व नेपाल चुनौती को तैयार



एजेंसी

कोलंबो। ग्रुप चरण में अजेय रहे भारत की बृहस्पतिवार को असली परीक्षा होगी जब टीम रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारत अब तक सबसे प्रभावशाली टीम रही है। मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (3-2) को हराने के बाद भारत नौ अंक के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस विशेष तौर पर खुश हैं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा की। फर्नांडिस ने द-एआईएफएफ.कॉम से कहा, पाकिस्तान को हराना हमारे लिए अच्छा परिणाम रहा और टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच में दबाव को जैसे संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा खिलाड़ियों ने जज्बा और अनुशासन दिखाया तथा सेमीफाइनल से पहले हमें इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है। दूसरी ओर नेपाल एक मैच (मेजबान श्रीलंका के खिलाफ 2-0) जीता और दूसरा मैच (बांग्लादेश के खिलाफ 0-4) गंवाकर ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा।

फर्नांडिस नेपाल के संभावित खतरे को लेकर सतर्क रहे। फर्नांडिस ने कहा वे कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं और उनके पास अच्छी व्यक्तिगत प्रतिभा वाले कई खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम एक बेहद प्रतिस्पर्धी मैच की उम्मीद कर सकते हैं और हमारा ध्यान अच्छी तैयारी, संगठित रहने और अपनी क्षमता के अनुसार खेलने पर है। फर्नांडीस ने नॉकआउट चरण में अपनी टीम को दबाव में संयमित रहने और अपनी योजना पर टिके रहने की जरूरत के बारे में याद दिलाया। उन्होंने कहा, लड़के टूर्नामेंट के इस चरण के महत्व को समझते हैं। यह शांत रहने, साथ मिलकर कड़ी मेहनत करने और मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देने के बारे में है।

### एचआईएल नीलामी: हेंडरसन सबसे महंगे बिके विवेक लाकड़ा जूनियर वर्ग में सबसे महंगे

नयी दिल्ली। वेदांता कलिंगा लांसर्स ने बुधवार को लियाम हेंडरसन की सेवाएं 42 लाख रुपये में हासिल कीं जिससे यह ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की पुरुष मिनी नीलामी में बिकने वाला सबसे महंगा खिलाड़ी बना जबकि युवा भारतीय प्रतिभाओं में विवेक लाकड़ा और अद्रोहित एक्का ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में नीदरलैंड के डिफेंडर सैंडर डी विजन के लिए बोली लगाने की होड़ के बाद तमिलनाडु ड्रैगन्स ने उन्हें 36 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। जर्मनी के थीस प्रिंज को यूपी रुद्राज का प्रभार संभालने वाली एचआईएल संचालन परिषद ने इतनी ही राशि में खरीदा। भारतीय खिलाड़ियों में युवा गोलकीपर लाकड़ा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिससे उनकी कीमत दो लाख रुपये से बढ़कर 23 लाख रुपये हो गई और आखिर में श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया।

## मैच के बीच से हटे प्रणय आयुष और किरण भी कोरिया मास्टर्स में हारे

सुवोन। एचएस प्रणय का कोरिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ जब वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए जबकि आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज की हार के साथ इस प्रतियोगिता में बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही भारतीय अभियान समाप्त हो गया। तैंतीस वर्षीय प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाहिनी पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए। यूएस ओपन सुपर 300 के रूप में मौजूदा सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी को चीनी ताइपे के सु ली यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी को 14-21, 22-20, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी पुत्री वर्दानी से 16-21, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा के खिलाफ 7-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### बिग बैश लीग में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे अश्विन

सिडनी। अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग के आगामी सत्र में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बन जायेंगे। फॉक्स स्पोटर्स के अनुसार हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन ने थंडर को हामी भर दी है।

### जारा आनंद को डब्ल्यूपीजीटी में एक शॉट की बढ़त

गुरुग्राम। एमेच्योर खिलाड़ी जारा आनंद ने दो अंडर 70 के दिन का सर्वश्रेष्ट स्कोर के साथ बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में दूसरे दौर में बाद एक शॉट की बढ़त बना ली। दो दौर के बाद जारा का कुल स्कोर पार 144 है। उन्होंने दूसरे दौर में पांच बर्डी की लेकिन तीन बोगी भी कर गईं। जारा ने पहले दौर में बाद शीर्ष पर चल रहीं लावण्या जादोन (73-72) पर एक शॉट की बढ़त बना ली है। लावण्या ने तीन बर्डी की लेकिन इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार स्कोर बनाया। अनुभवी अमनदीप द्राल दूसरे दौर में 73 के स्कोर से कुल तीन ओवर 147 के स्कोर से तीसरे जबकि आस्था मदान (75-74) चौथे स्थान पर है। युवा एमेच्योर खिलाड़ी अनन्या सूद (76-74) और कीर्ति चौहान (76-74) छह ओवर 150 के कुल स्कोर से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

## पंड्या, चक्रवर्ती व अभिषेक टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

दुबई। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं। पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं। वहीं दुसरी ओर पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ शाहीन शाह अफरीदी ने सूर्यकुमार यादव के इस बयान पर सीधा जवाब देने से परहेज किया कि भारत के



दबदबे के कारण भारत-पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए और जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम का ध्यान एशिया कप जीतने पर है। बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी सुपर चार चरण के मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में शाहीन ने सूर्यकुमार के बयान पर पूछे गए सवालों को टाल दिया।

अफरीदी ने कहा यह उसका अपना विचार है, उसे कहने दीजिए। जब हम (रविवार को संभावित एशिया कप फाइनल में) मिलेंगे तो देखेंगे कि क्या है, क्या नहीं। तब देख लेंगे। हम एशिया कप जीतने आए हैं और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। सूर्यकुमार ने कहा था कि किसी प्रतिद्वंद्विता को वास्तविक मानने के लिए नतीजों का अंतर 12-3 नहीं होना चाहिए जो फिलहाल टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबालों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत हार का रिकॉर्ड है।

मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच दो बार मुकाबला हुआ है और दोनों की मौकों पर भारत ने आसान जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मैच से पहले और बाद में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी शामिल थे।

## भारत अंडर-19 टीम की ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 से बढ़त

एजेंसी

ब्रिस्बेन। वैभव सूर्यवंशी के शानदार अर्धशतक और कप्तान आयुष म्हात्रे की कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से झटके तीन विकेट की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने बुधवार को यहां दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का अंतिम मैच शुक्रवार को इयान हीली ओवल में खेला जाएगा। मध्यक्रम के बल्लेबाज जेडन ड्रेपर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 72 गेंद में 102 रन की पारी खेली, लेकिन 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 47.2 ओवर में 249 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी (68 गेंद में 70 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण की नींव रखी जब उनके साथी सलामी बल्लेबाज म्हात्रे दो गेंद खेलकर शून्य पर आउट हो गए।

सूर्यवंशी ने विहान मल्होत्रा (70 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़कर भारत को ट्रैक पर वापसी कराई। पर सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भारत की लय टूट गई। विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू (71 रन) ने अंतिम क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ छोटी लेकिन अहम साझेदारियां करके स्कोर को चलायमान रखा जिससे भारतीय



टीम 49.4 ओवर में 300 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम 18.5 ओवर में एक विकेट पर 63 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी। लेकिन ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान ने स्टीव होगन को आउट कर टीम को मुश्किल में डाल दिया।

इसके बाद घरेलू टीम ने 63 के स्कोर पर एलेक्स टर्नर और यश देशमुख के रूप में दो और विकेट गंवा दिए जिससे स्कोर चार विकेट पर 63 हो गया। जल्द ही टीम ने 109 रन के स्कोर पर छह विकेट खो दिए और ऑस्ट्रेलियाई टीम हार की कगार पर पहुंच गई।

पर ड्रेपर और आर्यन शर्मा (38) ने सातवें विकेट के लिए 112 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया के लिए संघर्ष जारी रखा लेकिन इतना ही काफी नहीं था। म्हात्रे ने इस समय ड्रेपर और आर्यन के विकेट जल्दी जल्दी लेकर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को बुधवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन भारत ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हेलमेट पर गेंद लगने के चलते कन्कशन (सिर पर चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) के कारण मैच के बीच से हटना पड़ा।

पारी के 39वें ओवर में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की गेंद प्रसिद्ध के हेलमेट पर लगी और प्रोटोकॉल के अनुसार टीम के मेडिकल स्टाफ ने तुरंत उनका कन्कशन परीक्षण कराया।

# आध्यात्मिक साधना का एक रूप है कला

## कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने, समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का माध्यम : राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 20 कलाकारों को ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया और कहा कि कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने तथा समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

पुरस्कार समारोह के साथ ही अकादमी में 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का समापन भी हुआ, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी और इंस्टालेशन जैसे विषयों में देश भर से 283 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। मुर्मू ने कहा, भारतीय परंपरा में कला को आध्यात्मिक साधना का एक रूप माना गया है। हमारे समाज में कलाकारों को विशेष सम्मान दिया जाता है। आपकी कला न केवल सौंदर्य अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने और समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में दिखायी कलाकृतियों से यह स्पष्ट है कि भारतीय कला निरंतर विकसित हो रही है और नए आयाम प्रस्तुत कर रही है। मुर्मू ने कहा, हमारे कलाकार अपने विचारों, दृष्टि और रचनात्मकता के माध्यम से एक नए भारत की छवि प्रस्तुत कर रहे हैं। अभिषेक शर्मा, एस. सोनम ताशी, विजय एम ढोरे, भास्कर जॉयती गोगोई, आशीष घोष, गिरिराज शर्मा, आनंद जयसवाल, केसीएस प्रसन्ना, कनु प्रिया, तापती भौमिक मजूमदार और वेणुगोपाल वीजी सहित सम्मानित कलाकारों को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि, एक स्मृति चिह्न और एक प्रमाण पत्र दिया गया। यह पहली बार है जब ललित कला अकादमी ने कलाकारों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदर्शित कलाकृतियों को बिक्री के लिए रखा। राष्ट्रपति ने कहा कि कलाकृतियों का उचित मूल्यांकन उन लोगों को प्रेरित करेगा, जो कला को पेशे के रूप में अपनाना चाहते हैं। मुर्मू ने कहा, अपनी कला को मूर्त रूप देने के लिए कलाकारों को अपना समय, ऊर्जा और संसाधन समर्पित करने चाहिए। कलाकृतियों का उचित मूल्यांकन न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन लोगों को भी प्रेरित करेगा जो कला को एक पेशे के रूप में अपनाना चाहते हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस वर्ष अकादमी कलाकृतियों की बिक्री को बढ़ावा दे रही है। इससे कलाकारों को आर्थिक सहायता मिलेगी और हमारी रचनात्मक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मैं कला प्रेमियों से भी अपील करती हूं कि वे न केवल इन कलाकृतियों की सराहना करें, बल्कि इन्हें अपने घरों में भी लाएं। भारत की आर्थिक मजबूती के साथ-साथ इसकी सांस्कृतिक ताकत भी पहचान का एक मज़बूत प्रतीक बननी चाहिए। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल के अनुसार, प्रदर्शनी के दौरान 74 कलाकारों की कलाकृतियां कुल 1.35 करोड़ रुपये में बिकीं। पुरस्कार समारोह में संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हुए, जिन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी आधुनिकता के साथ सामंजस्य में परंपरा और आधुनिकता के विकास का प्रमाण है। शेखावत ने कहा कि कला न केवल हमें एक सूत्र में बांधती है और भारत की विविधतापूर्ण भूमि को एक सूत्र में पिरोती है, बल्कि हमें विश्व से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करती है। साथ ही कला के माध्यम से हम वैश्विक पटल पर अपनी एक विशिष्ट पहचान भी बनाते हैं।

# वैश्विक कारकों के चलते किसानों को नहीं मिल पाता फसलों का उचित मूल्यः गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार को उन किसानों का समर्थन करना चाहिए जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है क्योंकि यह दाम वैश्विक कारकों से तय होता है।

गडकरी ने भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्के की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना से प्रभावित होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी एवं बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में किसानों को अच्छे मूल्य नहीं मिल रहे हैं। गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि गतिविधियों में लगी हुई है लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उनका योगदान महज 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ऐसे परिदृश्य में, हमारी ग्रामीण कृषि और आदिवासी अर्थव्यवस्था को बचाकर रखने के लिए, हमें कृषि का समर्थन करने की जरूरत है... जो उपभोक्ता, देश और आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गडकरी ने कहा कि जब सरकार ने मक्के से बायो-एथेनॉल बनाने की मंजूरी दी तो मक्के की कीमत I,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। उन्होंने कहा कि मक्के से एथेनॉल का उत्पादन करके किसानों ने 45,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है। उन्होंने कहा, इस तरह देखें तो ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर कृषि का विविधीकरण हमारे देश की ज़रूरत है। वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का भारत में भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा, फिलहाल हम ऊर्जा के आयातक हैं। वह दिन भी आएगा जब हम ऊर्जा के निर्यातक होंगे। यह देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। देश में वायु प्रदूषण का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि 40 प्रतिशत वायुप्रदूषण परिवहन ईंधन के कारण होता है और यह देश, खासकर दिल्ली के लिए एक बड़ी समस्या है।

## संक्षेप

### कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान सेवा की शुरुआत

नयी दिल्ली। अब भारतीय यात्री कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान कर सकेंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर इस सुविधा की शुरुआत की है। इस पहल के तहत क्यूएनबी से जुड़े दुकानदार और नेटस्टार्स के भुगतान समाधान का इस्तेमाल करने वाली पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों पर यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने बुधवार को बयान में कहा कि कतर ड्यूटी फ्री की दुकानें इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले शुरुआती प्रतिष्ठान हैं। धीरे-धीरे यह सुविधा अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों और बाजारों में भी उपलब्ध होगी। कतर आने वाले अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों में भारतीय यात्री दूसरे स्थान पर हैं। नई सुविधा से उन्हें नकदी रखने और मुद्रा बदलने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। एनआईपीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा कि यह साझेदारी यूपीआई की वैश्विक स्वीकृति बढ़ाने और एक अंतरराष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क बनाने की दिशा में अहम कदम है। देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली का संचालन करने वाली कंपनी एनपीसीआई की एक अनुषंगी है।

# क्रेमलिन ने यूक्रेन के संबंध में ट्रंप की टिप्पणी को खारिज किया

एजेंसी

मॉस्को। क्रेमलिन ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन गंवाये गए अपने क्षेत्रों को यूरोपीय संघ की मदद से वापस ले लेगा।

क्रेमलिन ने कहा कि रूस, यूरोपीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन रूस के कब्जे में गए सभी क्षेत्रों को वापस हासिल कर सकता है जो कीव से कुछ रियायत बरतने के उनके पूर्व के रुख में एक बड़ा नाटकीय बदलाव है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के तुरंत बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपना रुख स्पष्ट किया। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रोसबिजनेसकंसल्टिंग रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि क्रेमलिन रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के संबंध में ट्रंप के सभी बयानों से सहमत नहीं हो सकता।

# देश को अमेरिका के साथ ऊर्जा व्यापार बढ़ाने की उम्मीद : गोयल

न्यूयॉर्क। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश को आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादों के क्षेत्र में अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ने की उम्मीद है और देश के ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों में अमेरिका की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। गोयल ने मंगलवार को यहां कहा कि स्पष्ट रूप से दुनिया मानती है कि (ऊर्जा सुरक्षा) एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

भारत ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा खिलाड़ी है। हम अमेरिका सहित दुनिया भर से ऊर्जा के बड़े आयातक हैं। मंत्री ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) और भारत के अग्रणी कार्बन मुक्त समाधान प्रदाता रीन्यू द्वारा आयोजित कार्यक्रम बदलते वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षाः सीमाओं के पार लचीले ऊर्जा बाजारों का निर्माण में मुख्य भाषण दिया। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में ऊर्जा उत्पादों पर अमेरिका के साथ हमारा व्यापार बढ़ेगा।

# अमेरिका, ईयू भी रूस से कर रहे व्यापार : चीन



बीजिंग। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि भारत और चीन रूसी तेल की खरीद के जरिये यूक्रेन युद्ध के प्राथमिक वित्तपोषक हैं और बुधवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) भी मास्को के साथ व्यापार कर रहे हैं।

यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने चेतावनी दी कि यदि रूस के साथ उनकी कंपनियों के सामान्य व्यापार में बाधा उत्पन्न की जाती है तो बीजिंग अपने हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाएगा। उन्होंने ट्रंप की आलोचना को खारिज कर दिया। उन्होंने अमेरिकी नेता को याद दिलाया कि वाशिंगटन भी मास्को के साथ व्यापार कर रहा है और कहा, अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित अनेक देश रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। गुओ ने कहा कि चीनी और रूसी कंपनियों का सामान्य आदान-प्रदान और सहयोग विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों और बाजार सिद्धांतों के अनुरूप है। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजिंग की कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष के खिलाफ लक्षित नहीं है और इसमें हस्तक्षेप या प्रभाव डालना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी दोहराया कि चीन ने यूक्रेन संकट पर हमेशा एक वस्तुनिष्ठ और न्यायसंगत रुख बनाए रखा है और लगातार शांति वार्ताओं का आह्वान किया है। प्रवक्ता ने कहा, चीन अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में ट्रंप ने चीन और भारत पर रूसी तेल खरीद जारी रखकर यूक्रेन युद्ध के प्राथमिक वित्तपोषक होने का आरोप लगाया।

उन्होंने रूस से यूरोपीय संघ के निरंतर ऊर्जा आयात की आलोचना की, लेकिन वाशिंगटन के मास्को के साथ अपने व्यापार को लेकर विशेष रूप से चुप्पी साधे रहे। ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर दंड स्वरूप अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com